kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-88 | मंगलवार, 29 अप्रैल 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

केवल कर्नाटक के मुख्यमंत्री ही नहीं बल्कि उनके मंत्री ने भी दावा किया है कि आतंकवादियों ने धर्म के आधार पर गोलीबारी नहीं की। ऐसे बयान देकर वे आतंकवादियों के प्रति सहानुभूति को बढ़ावा दे रहे हैं और शोकाकुल परिवारों के दुखों का मजाक उड़ा रहे हैं।



संबित पात्रा

कांग्रेस ने पहलगाम हमले पर अपने कुछ नेताओं की टिप्पणियों से बनाई दूरी 11

भूटान ने निर्यात प्रक्रिया को आसान बनाने में सहयोग के लिए सीबीआईसी को दिया धन्यवाद 12

## संक्षेप

### तहव्वुर राणा अभी और 12 दिन रहेगा एनआईए की हिरासत में

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में पटियाला हाउस कोर्ट की एक विशेष अदालत ने सोमवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की अर्जी पर मुंबई में आतंकवादी हमले के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा की हिरासत की अवधि 12 दिन के लिए बढ़ा दी। मुंबई में 26 नवंबर के भयावह आतंकवादी हमलों की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार राणा को इससे पहले अदलात ने 18 दिन की रिमांड पर एनआईए को सौंपा था। राणा को भारत-अमेरिका प्रत्यर्पण संधि के तहत अदालत की अनुमति से इसी माह विशेष विमान से नयी दिल्ली लाया गया था। एनआईए ने नयी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते ही उसे 10 अप्रैल को हिरासत में ले लिया था। उसी शाम उसे दिल्ली की विशेष अदालत में पेश कर जांच एजेंसी ने उससे पूछताछ के लिए 18 दिन की रिमांड पर ले लिया था। रिमांड की अवधि पूरी होने पर आज उसे अदालत में पेश किया गया था।

### सरकार ने लगाया पाकिस्तान के 16 यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध

**नयी दिल्ली।** सरकार ने भारत, भारतीय सेना और सुरक्षा एजेन्सियों के बारे में भड़काऊ, झूठे, भ्रामक और सांप्रदायिकत सद्भावना को बिगाड़ने वाली सनसनीखेज सामग्री का प्रसारण करने वाले पाकिस्तान के 16 यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकारी सूत्रों ने सोमवार को बताया कि यह प्रतिबंध केन्द्रीय गृह मंत्रालय की सिफारिश पर तत्काल प्रभाव से लगाया गया है। जिन यूट्यूब चैनलों प्रतिबंध लगाया गया है, उनमें डॉन न्यूज, समा टीवी , ऐरे न्यूज और जियो न्यूज प्रमुख हैं। ये चैनल पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद दोनों देशों के बीच उपजी तनावपूर्ण स्थिति के मद्देनजर भ्रामक और सनसनीखेज सामग्री का प्रसारण कर रहे हैं। सरकार ने इसके अलावा इरशाद भट्टी, बी ओ एल न्यूज, रफ्तार, द पाकिस्तान रेफरेन्स, समा स्पोर्टस , जीएनएन, उजैर क्रिकेट , उमर चीमा एक्सक्लुसीव , असमा सिराजी और मुनीब जैसे यू ट्यूट चैनलों पर प्रतिबंध लगाया है।

### उप्र के कौशांबी में टीला धंसा, पांच महिलाओं की मौत

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में आज खुदाई के दौरान मिट्टी का टीला ढहने से पांच महिलाओं की दबकर मौत हो गई। तीन अन्य घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। मुख्यमंत्री ने पांच-पांच लाख रुपये की राहत राशि देने की घोषणा की है।

# काजी, शरिया अदालत भारतीय कानून के तहत मान्यता प्राप्त नहीं : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्च्तम न्यायालय ने सोमवार को दोहराया कि 'काजी अदालत', 'दारुल कजा', 'शरिया अदालत' या इसी तरह के किसी भी निकाय को भारतीय कानून के तहत मान्यता प्राप्त नहीं है और उनके फैसले कानूनी रूप से लागू नहीं होते हैं।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने विश्व लोचन मदन बनाम भारत संघ में 2014 की मिसाल का उल्लेख किया जिसमें यह स्पष्ट किया गया था कि शरीयत अदालतों और फतवों को कोई कानूनी मंजूरी नहीं है। न्यायालय एक महिला द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रहा था। याचिका में इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा एक पारिवारिक न्यायालय के फैसले की पुष्टि को चुनौती दी गई थी जिसमें उसे भरण-पोषण देने से इनकार किया गया था। पारिवारिक न्यायालय ने अपने निष्कर्षों को आंशिक रूप से, 'काजी कोर्ट' के समक्ष प्रस्तुत किए गए समझौते पर आधारित किया था। न्यायमूर्ति अमानुल्लाह ने टिप्पणी की , 'काजी की अदालत', 'दारुल कजा' या 'शरिया अदालत' के रूप में पहचाने जाने वाले निकायों का, चाहे उनका लेबल कुछ भी हो, कोई कानूनी दर्ज़ा नहीं है। जैसा कि विश्व लोचन मदन में पहले कहा गया था, उनके द्वारा जारी कोई भी आदेश या निर्देश बाध्यकारी नहीं है न ही इसे बलपूर्वक लागू किया जा सकता है। ऐसे निर्णय केवल तभी प्रासंगिक हो सकते ● शेष पेज 11 पर



### अश्लील सामग्री के प्रसारण का मामला, सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को ओटीटी प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री को लेकर नियमन की मांग वाली जनहित याचिका (पीआईएल) पर विचार करने पर सहमति जताई और कहा कि इस मुद्दे ने 'गंभीर चिंताएं' पैदा की हैं। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति ए.जी. मसीह की पीठ ने केंद्र सरकार और नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम, ऑल्टबालाजी, उल्लू डिजिटल तथा मुबी सहित प्रमुख ओटीटी प्लेटफॉर्म के साथ-साथ सोशल मीडिया जगत की दिग्गज कंपनी एक्स कॉर्प, गूगल, मेटा इंक और एप्पल को नोटिस जारी किया। इस मामले को अन्य समान लंबित याचिकाओं के साथ भी टैग किया गया था। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने इस बात पर जोर दिया कि याचिका प्रतिकूल नहीं थी, बल्कि सोशल मीडिया तथा ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अश्लील सामग्री के अनियंत्रित प्रसार के बारे में 'वास्तविक चिंता' जताई गई थी। न्यायमूर्ति गवई ने इस संबंध में केंद्र सरकार से जवाब मांगा और टिप्पणी ● शेष पेज 11 पर

### शाही ईदगाह-कृष्ण जन्मभूमि मामले में हाईकोर्ट का आदेश बरकरार

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय का वह आदेश जिसमें हिन्दू पक्ष को अपनी शिकायत में संशोधन करने और शाही ईदगाह-कृष्ण जन्मभूमि विवाद में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को पक्ष के रूप में जोड़ने की अनुमति दी गई थी, वह प्रथम दृष्टया सही है। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति पीवी संजय कुमार की पीठ ने मुस्लिम पक्ष द्वारा इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली अपील पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

पीठ ने कार्यवाही के दौरान टिप्पणी की ल्लएक बात स्पष्ट है। हिन्दू वादियों द्वारा मूल याचिका में संशोधन की अनुमति दी जानी



चाहिए। हिंदू पक्षकारों ने अपने मूल मुकदमे में संशोधन की मांग करते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, जिसमें दावा किया गया था कि विवादित ढांचा एएसआई के तहत एक संरक्षित स्मारक है और इसलिए पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 के तहत संरक्षण लागू नहीं होगा। उन्होंने तर्क दिया कि संरचना मस्जिद के रूप में जारी नहीं रह सकती। उन्होंने एएसआई को मुकदमे में एक पक्ष बनाने की भी मांग की, जिसे उच्च न्यायालय ने मार्च 2024 में अनुमति दी। इसके बाद मुस्लिम पक्ष ने इस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया। इससे पहले, 04 अप्रैल को शीर्ष अदालत ने इस अपील पर हिन्दू पक्ष को नोटिस जारी किया था। जब आज मामले की सुनवाई हुई तो न्यायालय ने पाया कि मुस्लिम पक्ष की दलील 'गलत तरीके से पेश की गई' प्रतीत होती है। पीठ ने टिप्पणी की यह दलील बिल्कुल गलत है। उच्च न्यायालय को मुकदमे में पक्षकारों को जोड़ने के लिए संशोधन की अनुमति देनी चाहिए थी। न्यायालय ने हालांकि मुस्लिम पक्ष को अपना लिखित बयान दाखिल करने के लिए समय दिया और आगे की ● शेष पेज 11 पर

# भारत और फ्रांस ने 26 राफ़ेल मरीन विमानों के खरीद सौदे पर मुहर लगायी



एजेंसी

नयी दिल्ली। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में चल रहे तनाव के बीच भारत और फ्रांस की सरकारों ने सोमवार को यहां फ्रांस के साथ 63 हजार करोड़ रूपये की लागत से 26 राफ़ेल मरीन लड़ाकू विमानों की खरीद के अंतर सरकारी समझौते पर हस्ताक्षर किये।

रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फ्रांस के रक्षा मंत्री सेबास्टियन लेकोर्नु ने इस सौदे पर हस्ताक्षर किये। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में भारत और फ्रांस के अधिकारियों ने यहां नौसेना भवन में इस सौदे, विमान पैकेज आपूर्ति प्रोटोकाल, और हथियार पैकेज आपूर्ति प्रोटोकाल की हस्ताक्षरित प्रतियों का आदान प्रदान किया गया। इस सौदे के तहत भारतीय नौसेना को 22 सिंगल सीट वाले और चार दो सीट वाले विमान मिलेंगे। इन विमानों की आपूर्ति पांच वर्ष यानी 2030 में पूरी होगी और भारत को पहला राफ़ेल मरीन विमान 2028 में मिलने की संभावना है। इन विमानों के लिए चालक दल को प्रशिक्षण भारत और फ्रांस में दिया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने इस सौदे को हाल ही में मंजूरी दी थी। इससे पहले जुलाई 2023 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा खरीद परिषद ने नौसेना के लिए 26 राफ़ेल मरीन विमानों की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इन विमानों को मुख्य रूप से देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य पर तैनात करने के लिए खरीदा जा रहा है। इन विमानों के नौसेना के बेड़े में शामिल होने के बाद हिन्द महासागर में नौसेना की ताकत कई गुना बढ जायेगी। इस सौदे में विमानों के साथ संबंधित उपकरण, हथियार प्रणाली, सिमुलेटर और प्रशिक्षण साजो सामान भी शामिल है। इस समझौते में सरकार की आत्मनिर्भर भारत पहल पर जोर के अनुरूप स्वदेशी हथियारों के एकीकरण के लिए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण शामिल है। इसमें राफ़ेल फ्यूज़लेज के लिए विनिर्माण सुविधा की स्थापना के साथ-साथ भारत में विमान इंजन, सेंसर और हथियारों के लिए रखरखाव, मरम्मत ● शेष पेज 11 पर

# कुछ समय के लिए टली भाजपा अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पार्टी के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया को कुछ समय के लिए टालने का फैसला किया है। पार्टी के सूत्रों के अनुसार जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद बने हालात को देखते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव एक बार फिर टाल दिया गया है। पार्टी ने श्री जगत प्रकाश नड्डा को कुछ समय के लिए अध्यक्ष बनाये रखने का भी फैसला किया है। अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कब तक के लिए टाले गये हैं, इसके बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है। पहले बताया गया था कि भाजपा का नया अध्यक्ष अप्रैल के अंत तक या मई की शुरुआत में चुन लिया जाएगा।सूत्रों का कहना है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पार्टी नेतृत्व ने संगठनात्मक चुनाव को फिलहाल स्थगित करने का निर्णय लिया है। पार्टी महसूस करती है कि इस समय संगठन की स्थिरता और सरकार की नीति को मज़बूती से आगे बढ़ाना ज़रूरी है। ऐसे में पार्टी के आंतरिक चुनाव को फिलहाल प्राथमिकता नहीं दी जा रही है। नए अध्यक्ष पद के चुनाव की तारीख की घोषणा बाद में होगी।

उल्लेखनीय है कि भाजपा के संविधान के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव तब तक नहीं हो सकता, जब तक आधे से ज्यादा राज्यों में संगठनात्मक चुनाव पूरे न हो जाएं। अभी तक 14 राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष चुने गए हैं और बाकी राज्यों में प्रक्रिया चल रही है। श्री नड्डा का कार्यकाल पहले ही बढ़ाया जा चुका है, और वह फिलहाल अध्यक्ष पद पर बने रहेंगे। श्री नड्डा को वर्ष 2019 में भाजपा का कार्यकारी ● शेष पेज 11 पर

## उद्यमी मित्रों व जीएम-डीआईसी के वार्षिक लक्ष्य निर्धारित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने उद्यमी मित्रों व जीएम-डीआईसी के वार्षिक लक्ष्य निर्धारित कर दिए हैं। प्रदेश में निवेश प्रोत्साहन और सुविधा एजेंसी इन्वेस्ट यूपी ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सोमवार को आयोजित अपनी मासिक समीक्षा बैठक में पिछले सत्र के प्रदर्शन की समीक्षा की, साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए रणनीतिक लक्ष्य निर्धारित करने और प्रदेश में निवेश में तेजी लाने के लिए कार्य योजना तैयार करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम में उद्यमी मित्र पुस्तक का भी विमोचन किया गया। प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को निवेश के लिहाज से पसंदीदा गंतव्य के रूप में बदलने और 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन को साकार करने के लिए विभाग की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने उत्तर प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ औद्योगिक माहौल बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही, राज्य सरकार और ● शेष पेज 11 पर

# राष्ट्रपति ने 71 पद्म पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 71 व्यक्तियों को सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया।

राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार श्रीमती मुर्मु ने पहले चरण के अलंकरण समारोह में 04 पद्म विभूषण, 10 पद्म भूषण और 57 पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किए। पद्म पुरस्कारों की घोषणा गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की गयी थी।

पद्म विभूषण से सम्मानित किए जाने वालों में सर्वश्री एम. टी. वासुदेवन नायर (मरणोपरांत), साहित्य और शिक्षा, डॉ. दुव्वुर नागेश्वर रेड्डी , मेडिसिन डॉ. लक्ष्मीनारायण सुब्रमण्यम ,कला और जापान से ओसामु सुजुकी (मरणोपरांत), व्यापार और उद्योग शामिल हैं। पद्म भूषण से सम्मानित किए जाने वालों में सर्वश्री नंदमुरी बालकृष्ण ,कला, विनोद कुमार धाम



, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सुशील कुमार मोदी (मरणोपरांत), सार्वजनिक मामले और शेखर कपूर, कला प्रमुख हैं। इसके अलावा सर्वश्री डॉ. श्याम बिहारी अग्रवाल , कला, डॉ. के. ओमानकुट्टी अम्मा , कला, मिरियाला अप्पाराव (मरणोपरांत), कला, रविचंद्रन अश्विन, खेल और जोयनाचरण बाथरी आदि की कला क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पद्म पुरस्कार विजेता मंगलवार सुबह राष्ट्रीय समर स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। पद्म पुरस्कार विजेता राष्ट्रपति भवन और प्रधानमंत्री संग्रहालय का भ्रमण भी करेंगे। समारोह में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ , प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, ● शेष पेज 11 पर

# अब जन समस्याओं की अनदेखी पड़ेगी भारी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- जनप्रतिनिधियों के लिखे पत्र पर तुरंत होगी कार्रवाई
- सभी प्रमुख सचिव, डीजीपी समेत सभी मंडलायुक्त, विभागाध्यक्ष, डीएम, एसपी को आदेश जारी
- सांसदों, विधानमण्डल सदस्यों और अन्य जनप्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश
- आदेशों की अवहेलना करने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध होगी कठोर कार्यवाही

लखनऊ। योगी सरकार ने जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया है। अब सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों के भेजे गए पत्रों की अनदेखी करने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर संसदीय कार्य विभाग ने शासनादेश जारी करते हुए सभी प्रमुख सचिवों, डीजीपी, मंडलायुक्तों, विभागाध्यक्षों, जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

जन समस्याओं के मामले में योगी सरकार ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। जिसमें कहा गया है कि प्रत्येक सरकारी कार्यालय में जनप्रतिनिधि पत्राचार रजिस्टर रखा जाए, जिसमें जनप्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों का विवरण दर्ज किया जाए। साथ ही पत्र प्राप्त होते ही उसका जवाब भेजा जाए। साथ ही मामले के निस्तारण की स्थिति भी संबंधित जनप्रतिनिधि को अवगत कराई जाए। ताकि एक ही प्रकरण में बार-बार पत्राचार की आवश्यकता न पड़े।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया है कि जनप्रतिनिधियों के पत्रों को गंभीरता से लिया जाए। साथ ही उनकी समस्याओं के समाधान में कोई लापरवाही न बरती जाए। आम आदमी की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश हैं। इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभागों और कार्यालयों में जनप्रतिनिधियों के पत्रों का रिकॉर्ड रखने के लिए पत्राचार रजिस्टर अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही पत्र की प्राप्ति पर तत्काल पूरी जानकारी उपलब्ध करानी होगी। साथ ही समाधान की सूचना देना भी जरूरी होगा। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा जनप्रतिनिधियों के पत्रों की अनदेखी की गई, तो उनके खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह निर्णय शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देगा। अब विभागों को जनप्रतिनिधियों के पत्रों पर त्वरित और प्रभावी ● शेष पेज 11 पर

सीएम की मॉनिटरिंग का बड़ा असर

# सभी पाकिस्तानियों को वापस भेजा

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- सीएम योगी ने उच्च स्तरीय बैठक कर अधिकारियों को पाक नागरिकों के खिलाफ तत्काल एक्शन लेने के दिये थे निर्देश
- सीएम योगी की पल-पल मॉनीटरिंग से पूरे देश में उत्तर प्रदेश बना पहला राज्य, जहां शत प्रतिशत पाक नागरिक वापस भेजे गये
- मुख्यमंत्री के निर्देश पर पाकिस्तानी नागरिकों की उनके देश वापसी को सुनिश्चित करने के लिए भेजा गया पुलिस दल
- वर्तमान में प्रदेश में रह रहा है एक पाकिस्तानी नागरिक, बुधवार को भेज दिया जाएगा अपने देश

लखनऊ। पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार के निर्देश पर उत्तर प्रदेश से पाकिस्तानी नागरिकों को देश से बाहर कर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देश और पल-पल मॉनीटरिंग का नतीजा है कि पूरे देश में उत्तर प्रदेश पहला राज्य है, जहां 24 घंटे के अंदर प्रदेश में रह रहे शत-प्रतिशत पाकिस्तानी नागरिकों को देश से बाहर कर दिया गया है। वहीं अंतिम बचे एक पाकिस्तानी नागरिक को बुधवार को वापस भेज दिया जाएगा। पुलिस विभाग और खुफिया एजेंसी द्वारा लगातार उसपर नजर रखी जा रही है।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा एक्शन लेते हुए कई अहम निर्णय लिया। इस दौरान केंद्र सरकार ने देश के सभी राज्यों को एडवाइजरी जारी करते हुए पाकिस्तानी नागरिकों को वापस उनके देश भेजने के निर्देश दिये। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृह विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। सीएम योगी ने बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि प्रदेश में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को तत्काल



प्रदेश से बाहर करने के साथ उन्हे उनके देश रवाना किया जाए। इसके साथ ही सीएम ने निर्देश दिये थे कि पाकिस्तानी नागरिक वापस अपने देश ही जाएं इसके लिए उनके साथ पुलिस दल को भेजा जाए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वह अपने वतन लौट गये हैं। सीएम योगी के निर्देश के बाद प्रदेश के सभी 75 जिलों को अलर्ट करते हुए कार्रवाई के निर्देश दिये गये।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे प्रदेश के 75 जिलों में पाकिस्तानी नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ताबड़तोड़ उन्हे वापस भेजने की व्यवस्था की गयी। डीजीपी ने बताया कि सीएम योगी की मंशा के अनुरुप प्रदेश में रह रहे शत प्रतिशत पाकिस्तानी नागरिकों को वापस उनके देश में भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी नागरिकों के वतन वापसी को पुख्ता करने के लिए विभिन्न जिलों से पाकिस्तानी नागरिकों के साथ स्थानीय पुलिस दल को भेजा गया। डीजीपी ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में केवल एक पाकिस्तानी नागरिक रह रहा है, जिसे 30 अप्रैल को पाक भेज दिया जाएगा।

सीएम योगी के सख्त निर्देश और सीधी मॉनीटरिंग से उत्तर प्रदेश देश का ऐसा पहला राज्य बन गया है, जहां पर पाकिस्तानी नागरिकों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए उन्हे उनके देश भेज दिया गया है। वह अपने देश ही जाएं, इसके लिए पुलिस दल को भेजा गया।

# दलित–पिछड़ा बहुल बूथों पर भाजपा को मिले वोटों की जाँच करे चुनाव आयोग : शाहनवाज़

## योगी सरकार के मंत्री रघुराज सिंह के बयान के बाद कंग्रेस नेता ने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । दलित समाज से आने वाले सपा सांसद रामजीलाल सुमन के काफ़िले पर करणी सेना के गुंडों द्वारा कायराना हमले के बाद प्रदेश के दर्ज़ा प्राप्त मंत्री ठाकुर रघुराज सिंह द्वारा उसे सही ठहराने को कंग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज़ आलम ने योगी सरकार के सामंती कुंठा का प्रदर्शन बताया है।

शाहनवाज़ आलम ने जारी बयान में कहा कि योगी सरकार के दर्ज़ा प्राप्त मंत्री रघुराज सिंह का यह कहना ''ठाकुरों से पंगा लेना ठीक नहीं होगा, हालत ख़राब हो जाएगी। जिस गांव में दस ठाकुर हैं वो भी सौ वोट डलवाने की ताक़त रखते हैं'' किसी ज़िम्मेदार व्यक्ति के बजाए सड़क छाप गुंडे की भाषा लगती है। उन्होंने कहा कि उनके दावे से यह संदेह पुख़्ता हो जाता है कि दलित और पिछड़ा बहुल बूथों पर उनकी जाति के लोगों ने दलितों और पिछड़ों से जबरन भाजपा के पक्ष में वोट डलवाया होगा। इसलिए चुनाव आयोग को उनके दावे के बाद दलित और पिछड़ा बहुल बूथों पर भाजपा के पक्ष में पड़े वोटों की जाँच करानी चाहिए कि उन्होंने किसके दबाव में भाजपा को वोट दिया था। दावा सही पाए जाने पर ऐसी सीटों से जीते विधायकों और सांसदों की सदस्यता निलंबित कर देनी चाहिए। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि क्षत्रिय समाज से भगत सिंह और चंद्रशेखर आज़ाद के साथी ठाकुर रोशन सिंह जैसे क्रांतिकारी पैदा हुए हैं जिन्हें अंग्रेज़ों ने अश्फ़ाक़ुल्ला खान, राम प्रसाद बिस्मिल और राजेंद्र लाहिरी के साथ फंासी की सज़ा दी थी। उन्होंने कहा कि आज़ादी के बाद भी बहुत से लेखक, बुद्धिजीवी, प्रशासक, चंद्रशेखर, वीपी सिंह, अर्जुन सिंह जिसे राजनेता क्षत्रिय समाज से आए हैं जिन्हें क्षत्रिय युवा अपना जातीय रोल मॉडल मान सकते हैं। क्योंकि पढ़े लिखे लोग ही समाज के प्रतिनिधि हो सकते हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्य तौर पर किसानी और सेना की भर्ती पर निर्भर क्षत्रिय समाज का प्रतिनिधित्व करणी सेना जैसे अराजक संगठन नहीं कर सकते जो किसानी के महंगे होने और अग्निवीर योजना के खिलाफ़ आवाज़ नहीं उठाते। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय समाज के सामने सबसे बड़ी चुनौती ऐसे असमाजिक संगठनों के प्रभाव से अपने बच्चों को बचाना है।

## बालविवाह रोकथाम के लिए चलेगा अभियान

उन्नाव । जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय ने बताया है कि जिलाधिकारी गौरांग राठी एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा के निर्देश के अनुपालन में सर्वसाधारण को सूचित किया है कि दिनांक 30 अप्रैल 2025 को अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की रोकथाम हेतु जनपद में अभियान चलाया जा रहा है। 18 वर्ष से पहले बालिका व 21 वर्ष से पहले बालक का विवाह करना, बाल विवाह की श्रेणी में आता है। यदि किसी व्यक्ति को बाल विवाह होने/कराये जाने की जानकारी मिले तो चाइल्ड हेल्प लाइन टोल फ्री नम्बर 1098 पर कार्यालय चाइल्ड हेल्प लाइन यूनिट कन्ट्रोल रूम उन्नाव सम्पर्क नं0-7880811098 एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी उन्नाव के सी0यू0जी0 नम्बर 7518024022 पर सम्पर्क कर सकते है।

# नकब लगाकर चोरी करने वाले पिता–पुत्र गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज । थाना घुघली क्षेत्र के ग्राम करौता उर्फ नेबुईया में नकब लगाकर घर में चोरी करने की घटना का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए पिता-पुत्र को चोरी गए आभूषणों सहित गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए बहुमूल्य आभूषण भी बरामद किए गए हैं।जानकारी के अनुसार, 22 अप्रैल की रात करौता उर्फ नेबुईया निवासी गीता देवी पत्नी जितेलाल के घर अज्ञात चोरों ने नकब काटकर प्रवेश किया और घर में रखे कीमती आभूषण चुरा लिए। घटना की रिपोर्ट गीता देवी द्वारा थाना घुघली में दर्ज कराई गई थी, जिस पर मु.अ.सं. 150/2025 धारा 305, 331(4), 317(2) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की गई।मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने 28 अप्रैल को ग्राम धरमौली टोला डुमरी के पोखरे के समीप स्थित बागीचे में दबिश देकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान सुखारी पुत्र लालचन्द्र (60 वर्ष) एवं जितेन्द्र पुत्र सुखारी (20 वर्ष), निवासी भिस्वा, थाना तरकुलवा, जनपद देवरिया के रूप में हुई है।गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गए आभूषण बरामद किए, जिनमें सफ़ेद धातु की एक जोड़ी पायल, एक पीस बिछिया, दो जोड़ी झाला बिछिया, एक अदद झुमका तथा पीली धातु का एक मंगलसूत्र और एक लॉकेट शामिल हैं।

## एसपी ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों संग की बैठक



महाराजगंज । पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान व्यापारियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को सामने रखा। पुलिस अधीक्षक ने गंभीरता से सभी मुद्दों को सुना तथा शीघ्र और प्रभावी निस्तारण का आश्वासन दिया।

## पहलगाम आतंकी हमले में शहीदों दी गई श्रद्धांजलि



उन्नाव। कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन द्वारा दी गई पहलगाम आतंकी हमले में मृतकों को श्रद्धांजलि एवं जरूरतमंदों में बांटा गया भोजन सामाजिक संस्था कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन द्वारा आज रेलवे स्टेशन पर पहलगाम में आतंकी हमलों में मारे गए 26 लोगों को श्रद्धांजलि दी गई ।इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्र भानू ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कर्म क्रांति परिवार द्वारा कानपुर निवासी शुभम द्विवेदी के परिवार के लिए की गई मांग का समर्थन किया एवं नगर पालिका अध्यक्ष का समर्थन पत्र कर्म क्रांति के पत्र के साथ लगा कर शासन तक भेजने की बात कही। फाउंडेशन द्वारा आज 132 वा निशुल्क भोजन वितरण पूर्ण किया गया जिसमें 250 से ज्यादा जरूरतमंदों ने भरपेट भोजन किया। संस्था के अध्यक्ष चेतन मिश्रा ने कहा आज की सेवा पहलगाम पीड़ितों को समर्पित की जाती है ।अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा0 के प्रदेश उपाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी विजय ,व्यवसाई जितेन्द्र दीक्षित जीतू ,अवनीश कुमार राय ,संजय सिंह ,नीरज श्रीवास्तव ,ऋषि तिवारी,राकेश कुमार ,रवि नारायण,सरिता शुक्ला ,आरती वर्मा ,नीतू तिवारी ,रेनू वर्मा,अमन त्रिपाठी ,बसंत लाल ,साहिल ,मनोज दुबे ,संजय कुशवाहा आदि लोग शामिल रहे ।

## सनहा घाट में आतंकवाद के खिलाफ शिक्षकों और ग्रामीणों का प्रदर्शन, हुई नारेबाजी



उन्नाव। पीएसपीएसए के बैनर तले शिक्षकों और ग्रामीणों ने सोमवार को सनहा घाट चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन कर आतंकवाद का पुतला दहन किया। इस दौरान सड़क पर जाम की स्थिति बन गई और राहगीरों ने भी पाकिस्तान की तीव्र भर्त्सना करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष संजीव संखवार ने कहा कि आतंकवादियों का मुख्य उद्देश्य विश्व शांति को नष्ट करना और निर्दोष लोगों को नुकसान पहुँचाना है। जिला कोषाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि आतंकवाद देश की अर्थव्यवस्था और विकास के साथ पर्यटन उद्योग को भी बुरी तरह प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि हम सभी आतंकवाद की कठोर शब्दों में निंदा करते हैं और सरकार से कड़ी कार्रवाई की अपेक्षा करते हैं। उपस्थित शिक्षकों में ज्ञानेन्द्र कुशवाहा, आंचल, संतोषी देवी, अनूप साहू, राहुल सिंह, संजय त्यागी, अमित मिश्रा, नरेंद्र सिंह, पूजा खन्ना, सीमा, कमलदीप, सारिका, कल्पना, अर्चना, स्वाति, अमित नागी, सौरभ, सुरेंद्र, सूर्यकांत, दीपक, देवेंद्र त्रिपाठी, विवेक पाल, महेश प्रसाद, अर्पित सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# पसमांदा मुस्लिम समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सपा प्रमुख को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से भेंट की। इस अवसर पर पसमांदा मुस्लिम समाज की ओर से एक ज्ञापन सौंपकर संगठन और सत्ता में समुचित प्रतिनिधित्व देने की मांग की गई।

प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से अखिलेश यादव से आग्रह किया कि समाजवादी पार्टी में ग्राम प्रधान से लेकर सांसद तक के स्तर पर पसमांदा मुस्लिम समाज को उनकी जनसंख्या और पार्टी के प्रति निष्ठा के अनुपात में अवसर दिया जाए। प्रतिनिधियों ने कहा कि पसमांदा मुसलमान समाजवादी आंदोलन के मजबूत स्तंभ रहे हैं और हर चुनाव में पार्टी को मजबूती प्रदान करते आए हैं, किंतु इसके बावजूद संगठनात्मक व राजनीतिक प्रतिनिधित्व में उनकी भागीदारी अत्यंत सीमित रही है।अनीस मंसूरी ने अखिलेश यादव के समक्ष पसमांदा समाज के प्रति उपेक्षा को समाप्त कर उन्हें मुख्यधारा में लाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पसमांदा समाज को विधानसभा, विधान परिषद और राज्यसभा जैसे महत्वपूर्ण मंचों पर भेजकर समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय के अपने मूल सिद्धांत को और सशक्त कर सकती है।

भेंट के दौरान अखिलेश यादव ने प्रतिनिधिमंडल की बातें गंभीरता से सुनीं और भरोसा दिलाया कि समाजवादी पार्टी हमेशा से वंचित और पिछड़े वर्गों के साथ रही है तथा पसमांदा मुस्लिम समाज के उचित प्रतिनिधित्व के विषय में गंभीरतापूर्वक विचार किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में कई प्रमुख पसमांदा मुस्लिम नेता भी शामिल रहे, जिन्होंने पार्टी नेतृत्व के समक्ष समाज की अपेक्षाएं और सुझाव मजबूती से रखे।

# रामाधीन सिंह इंटर कॉलेज के मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । यूपी बोर्ड के नतीजे आ चुके है राजधानी लखनऊ में आईटी चौराहे पर स्थित रामाधीन सिंह इंटर कॉलेज के छात्र और छात्राओं ने बड़ी संख्या में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किया वहीं विद्यालय का हाईस्कूल का रिजल्ट 97 प्रतिशत रहा। मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के लिए छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मेधावी छात्रों ने प्रतिभाग किया। छात्रों को उप प्रधानाचार्य राजीव गुप्ता द्वारा माला पहनाकर सम्मान किया गया और मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय के उप प्रधानाचार्य राजीव गुप्ता ने बताया कि पिछले कई वर्षों से विद्यालय का परिणाम 95% से अधिक रहा है सरकारी स्कूलों में इतना अच्छा परिणाम विद्यालय के शिक्षकों की मेहनत की ओर इंगित करता है। रामाधीन सिंह इंटर कॉलेज अपने स्तरीय पढ़ाई और अनुशासन के लिए शहर में जाना जाता है। स्कूल में लगभग 1500 छात्रों की संख्या हैं। विद्यालय के शिक्षक पूरी मेहनत से छात्रों को पढ़ाते हैं, जिनकी बदौलत विद्यालय दिन प्रतिदिन अपने रिकॉर्ड बनाते जा रहा है। कार्यक्रम में प्रवक्ता राघवेंद्र सिंह, संध्या शर्मा, माया टुन्नु, रचना, इंकलेस कुमार, ज्ञानोदय कुमार, विप्लव चौधरी, राजीव तिवारी, राम लाल, मनोज कुमार, विकास सिंह, आलोक कुमार, अजय गुप्ता, भगवती सिंह सागर, धीरेन्द्र शर्मा, किरन सिंह, डॉ अनीता वर्मा मौजूद रहे।

# ... मनरेगा में लूट है लूट सको तो लूट

## मनरेगा में रोजगार के नाम पर ऐसी लूट मची कि इस महालूट के लिए लूट शब्द बेहद छोटा पड़ गया

## विकास खण्ड कटरा बजार में मनरेगा में चल रहा फर्जी मस्टर रोल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मनरे गा विकासखंड कटरा बजार के कई ग्राम पंचायतो में लूट का अड्डा बन गया है।भले ही उत्तर प्रदेश में योगी सरकार है,लेकिन मनरेगा में हो रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में योगी सरकार विफल साबित हो रही है।सरकार भले ही जीरो टॉरलेंस नीति का ढोल पीट रही हो,लेकिन इसकी जमीनी धरातल पर तस्वीरें साफ तौर से देखा सकता है,कि कैसे कथनी-करनी में अन्तर हैं।केंद्र सरकार की महत्वा कांक्षी योजना महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योज ना में लाखों मजदूर काम कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं।उनके जीवन यापन में यह योजना मह त्वपूर्ण भूमिका निभाती है,लेकिन अब यह योजना पूरी तरह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़कर रह गई है।विका स खण्ड कटरा बजार की कई ग्राम पंचायत में मन रेगा योजना में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा देखने को मिल रहा है।जी हां कटरा बजार ब्लॉक के कुछ ढी ठ ग्राम प्रधान समेत अन्य जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं?, जिससे की कटरा बाजार विकास खंड क्षेत्र में लगा तार मनरेगा योजना को पलीता लगाने का काम जारी है।

बताते चलें कि कटरा बजार विकास खंड की 29, ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत चकरोड,भूमि समतली करण बंधा निर्माण,तालाब सौंदर्याकर ण समेत 54 कार्य वर्तमान में संचालित हैं।मनरेगा की वेबसाइट के अनुसार इन कार्यों में कुल 1740 मजदूरों की प्रतिदिन हाज़िरी लग रही है।प्रति श्रमिक 252 रूपए के हिसाब से प्रतिदिन भारी धनरा शि रोजगार के नाम पर खर्च की जा रही है।ग्राम पंचायत भगहरिया पूरे मितई में ऑन लाइन मस्टर रोल संख्या 859 से 895 व 1073 से 1078 दोनों कार्यों में 140 मजदूरों की हाजिरी दर्शायी जा रही हैजब कि धरातल पर सिर्फ एक ही फोटो के सहारे कई मस्टर रोल में फोटो अप लो ड किया गया है।इसी तरह ग्राम पंचायत तिलका मेंभरत लाल के खेत के पास तालाब खुदाई सुंदरी करण का कार्य ऑनलाइन मस्टर रोल संख्या 10 31 से 1034 और 1067 से 1072 दोनों कार्यों मे श्रमिकों की हाजिरी ल गाई जा रही है।यहां पर दो कार्य के लिए 90 श्रमिकों की हाजिरी कागजों में लगाई गई है।44% सेल्सियस कड़ाके की धूप गर्मी में जब लोग पेड़ के छांव या अपने घरों में बैठे थे त ब मनरेगा में रोजगार के नाम पर खुले आम भगह रिया पूरे मितई,तिलका,सरैया ग्राम पंचायत में का गज पर मनरेगा मजदूर कार्य कर रहे थे।सबसे वि चित्र बात यह है कि चल रहे कार्य पर कहीं भी डि स्प्ले बोर्ड लगा नहीं दिखाई दे रहा है,जबकि शासन का आदेश है कि कराए जा रहे कार्यों पर डिस्प्ले बोर्ड पहले लगाया जाएं।

### एमएमएस सिस्टम से खुल रही भ्रष्टाचार की पोल

मनरेगा योजना में एमएमएस सिस्टम से भ्रष्टाचारकी पोल खुलती हुई दिखाई दे रही है।मेटों के द्वारा मस्टरोल नंबर में कहां से मजदूरों के फोटो खींच क र उसके स्क्रीन शॉट के फोटो को एमएमएस सिस्ट म में अपलोड कर शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है।जबकि मौके पर एक भी मजदूर उपस्थित नहीं है।यह सब खेल ब्लॉक पर बैठे जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रधान और रोज गार सेवक की मिलीभगत से चल रहा है।रोजगार सेवक की मिली भगत से कुछ ऐसे लोगों को मजदू र बना दिया है जिसका मनरेगा जॉब कार्ड बना ही नहीं है।एमएमएस सिस्टम में उसके स्थान पर अन्य मजदूर खड़ा कर फर्जी फोटो एमएमएस सिस्टम में अपलोड कर दिया।यह तो एक उदारण है।ऐसे में अगर इसकी जांच कराई जाए तो तिलका ग्राम पं चायत में कई घोटले उजागर हो सकते हैं।

### एमएमएस एप के विशेष निर्देश की उड़ी धज्जियां

एमएमएस एप के विशेष निर्देश के अनुसार मेट के द्वारा प्रतिदिन सुबह 11 बजे से पहले सभी श्रमि कों की उपस्थिति एवं कार्यस्थल की फोटो एमएम एस एप के माध्यम से लेकर मनरेगा सॉफ्टवेयर पर अपलोड की जाएगी।लेकिन ग्राम पंचायत भगहरि या पूरे मितई,तिलका,सरैया के मेटों के द्वारा रात को मनरेगा सॉफ्टवेयर पर अपलोड की जा रही वि शेष निर्देशों की धज्जियां उड़ाई जा रही है।यही न हीं मेटों द्वारा दूसरी पारी का फोटो अपलोड नहीं किया जा रहा है।

### एमएमएस सिस्टम से खुल रही घोटाले की पोल

मनरेगा योजना में एमएमएस सिस्टम से खुल रही घोटाले की पोल ग्राम पंचायत भगहरिया पूरे मितई,तिलका,सरैया में एक ही श्रमिकों की फोटो अप लो ड कर शत प्रति शत उपस्थिति दर्ज की जा रही

# चेकिंग के दौरान स्लीपर कोच में पकड़ा गया लावारिस अवस्था में अवैध पानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे के नि र्देश पर गोंडा के प्लेटफार्म निरीक्षक के. एल. यादव के ने तृत्व में रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में चेकिं ग अभियान चलाया गया 15078 कामाख्या सा प्ताहिक ट्रेन गोमती नगर से कामाख्या तक जाने वाली ट्रेन के स्लीपर कोच में 204 बोतल अवैध पानी डाभ मार्क कोच के अंदर पकड़ा गया।गोंडा रेलवे स्टेशन पर तैनात प्लेटफार्म इंस्पेक्टर की टीम ने प्लेट फॉर्म दो पर खड़ी कामाख्या एक्सप्रेस को च में छापा मारा।जिसमें पानी की अवैध बॉटल्स बरामद हुई।इन बॉटल्स को सुरक्षित स्थान एलपी ओ में जमा क़रा दिया गया है।आपको बता दें कि रेलवे कैंपस में रेल नीर की ही बिक्री की परमिशन है।वही रेल नीर की जगह अवैध वेण्डर अनाधिकृ त पानी बॉटल को बेच रहे हैं।जबकि रेलवे कैंपस व ट्रेनों में केवल रेल नीर बेचने का निर्देश है।सूचना पाते ही जांच टीम ने रेलवे स्टेशन पर खड़ी कामा ख्या एक्सप्रेस कोच में अपनी टीम को साथ में लेकर कोच में छापा मारा तो कोच में 204 बोतल पानी लावारिस अवस्था में बरामद हुए।वही लावा रिस पानी की बोतल को एलपीयू में जमा करा दि या गया।वही प्लेटफार्म निरीक्षक के.एल.यादव ने बताया कि गर्मी के मौसम में कुछ शरारती तत्व पा नी की बॉटल्स को अवैध तरीके से भीड़-भाड़ वा ली ट्रें न के जनरल,स्लीपर कोचेज में बेचने की कोशिश करते हैं।

उनके मंसूबों को फ़ेल करने के लिए रेलवे की टीम प्रतिदिन इंस्पेक्शन करेगी।जिससे कि रेलवे के रेवेन्यू में बढ़ोत्तरी के साथ ही पैसेंजर्स को कम रेट पर रेल नीर मिल सके।

## विधायक ने बच्चों को अंगवस्त्र भेंटकर कर किया सम्मानित



उन्नाव। जनपद भगवत नगर भाजपा विधायक आशुतोष शुक्ला ने हाइस्कूल और इंटर कालेज के 23 छात्र छात्राओं को अंग वस्त्र ओढ़ाकर प्रदान करते हुए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया विधायक ने आशुतोष शुक्ला ने बच्चों भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यही बच्चे देश के भविष्य हैं । सभी अभिभावकों को अपने बच्चों के प्रति शिक्षा के प्रति जागरूक करना चाहिए। प्रदेश सरकार भी सब पढ़ें सब बढ़े के महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित हो रही है।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव: केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने अधिवक्ताओं संग साझा किया भविष्य का विजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज। भारत सरकार के केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को महराजगंज के दीवानी न्यायालयस्थित जिला बार एसोसिएशन में अधिवक्ताओं के साथ 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर संवाद किया।मंत्री ने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराना है, जिससे मतदाता एक ही दिन दोनों सरकारों के लिए मतदान कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इससे चुनावी प्रबंधन की जटिलताएं घटेंगी, चुनाव खर्च कम होगा और शासन तथा प्रशासन में बार-बार आने वाले व्यवधान समाप्त होंगे।पंकज चौधरी ने जानकारी दी कि इस विषय पर गठित उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट वर्ष 2024 में प्रस्तुत की गई थी, जिसे 18 सितंबर 2024 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने स्वीकृति दी। उन्होंने कहा कि इससे नीति निर्माण और विकास कार्यों में निरंतरता आएगी तथा बार-बार आचार संहिता लागू होने से होने वाले कार्य अवरोध समाप्त होंगे।उन्होंने कहा कि भारत जैसे बड़े लोकतंत्र में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' प्रणाली शासन को अधिक सुव्यवस्थित करने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए व्यापक विचार-विमर्श और सभी पक्षों की आम सहमति आवश्यक है।कार्यक्रम में जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष करुणाकर पति त्रिपाठी सहित अनूप सिंह, इन्द्रासन सिंह, हमीदुल्लाह खान, सुरेंद्र पांडेय, व्रजेन्द्र नाथ त्रिपाठी, देवेंद्र पाण्डेय, रमेश मिश्रा, प्रमोद श्रीवास्तव, और बलराम दूबे समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे(

# न्यू आर एस हॉस्पिटल में युवक की दर्दनाक मौत, प्रशासन की चुप्पी पर गुस्सा फूटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में स्वास्थ्य व्यवस्था की सच्चाई एक बार फिर सामने आई है। जब न्यू आर एस हॉस्पिटल में इलाज के दौरान एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हरदोई जिले के मल्लावां कस्बे के निवासी कृष्ण अवतार शुक्ला (40 वर्ष), पुत्र देवी शंकर शुक्ल, सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनके मुंह और जबड़े में गंभीर चोटें आई थीं। उन्हें इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया गया और परिजनों ने उन्हें न्यू आर एस हॉस्पिटल में भर्ती कराया। लेकिन इलाज के दौरान हुई घोर लापरवाही ने उनकी जान ले ली।

**दो घंटे तक तड़पता रहा युवक, डॉक्टरों ने नहीं दी कोई मदद**

कृष्ण अवतार के परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के बाद वह दो घंटे तक अस्पताल में दर्द से कराहते रहे। बार-बार मदद की गुहार लगाने के बावजूद न तो कोई वरिष्ठ चिकित्सक उन्हें देखने आया, न ही कोई उचित इलाज दिया गया। युवक दर्द से तड़पता रहा और अंततः दम तोड़ बैठा। इस घटना के बाद अस्पताल परिसर में चीख-पुकार मच गई, जब मृतक की पत्नी संगीता शुक्ला और तीन छोटे बच्चों ने



उनके शव से लिपटकर करुण क्रंदन किया। यह दृश्य देख अस्पताल में मौजूद सभी लोग स्तब्ध रह गए।

**न्यू आर एस हॉस्पिटल के संचालक पर गंभीर आरोप**

न्यू आर एस हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर रियाज पर इससे पहले भी गंभीर आरोप लगाए जा चुके हैं। सूत्रों के अनुसार, भूवर चौकी पुलिस ने इस अस्पताल के खिलाफ रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी थी, लेकिन प्रशासन की उदासीनता के कारण कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। डॉक्टर रियाज पर आरोप है कि क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं के बाद घायलों को सुनियोजित तरीके से इसी अस्पताल में लाया जाता है, जहां इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूली जाती है, लेकिन मरीज की जिंदगी बचाने के लिए कोई गंभीर प्रयास नहीं किए जाते।

**स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल और प्रशासन की चुप्पी**

यह घटना लखनऊ के स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाती है। लखनऊ में कई प्राइवेट अस्पताल प्रशासन की आंखों के सामने अवैध रूप से मौत का कारोबार चला रहे हैं। सरकारी दावों और स्वास्थ्य सुधार योजनाओं के बावजूद इलाज अब अमीरों का विशेषाधिकार बनता जा रहा है, जबकि गरीब और मध्यमवर्गीय जनता अपने जीवन के लिए तड़पती रहती है।

उत्तर प्रदेश के डिप्टी मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कई बार बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का वादा किया है, लेकिन न्यू आर एस हॉस्पिटल जैसी घटनाएं इन दावों की सच्चाई उजागर करती हैं। सवाल उठता है कि राजधानी में इस तरह के अस्पताल किसके संरक्षण में चल रहे हैं और क्यों प्रशासन उनकी घोर लापरवाही को नजरअंदाज कर रहा है।

पीड़ित परिवार की मांग, जनता का गुस्सा

कृष्ण अवतार शुक्ला के परिवार ने अस्पताल के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने और डॉक्टर रियाज सहित अस्पताल के प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इसके साथ ही स्थानीय नागरिकों ने न्यू आर एस हॉस्पिटल को तत्काल सील करने और दोषियों को जेल भेजने की मांग की है। परिजनों और नागरिकों का कहना है कि जब राजधानी में स्वास्थ्य सेवाओं का यह हाल है। तो प्रदेश के अन्य हिस्सों में स्थिति का क्या होगा?

**अब सिर्फ वादों से नहीं, ठोस कार्रवाई से मिलेगा न्याय**

जनता का सवाल है कि इलाज के नाम पर मौत का यह सिलसिला कब तक चलेगा? कब मिलेगा आम आदमी को न्यायसंगत और सुरक्षित स्वास्थ्य सेवा? कब उठेगा शासन-प्रशासन की नींद? लखनऊ की सड़कों पर गूंज रहे इन सवालों का जवाब अब केवल वादों से नहीं, बल्कि ठोस और कठोर कार्रवाई से ही दिया जा सकता है। यदि सरकार ने अब भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो जनता का आक्रोश सड़कों पर फूटेगा, और इसे रोक पाना आसान नहीं होगा।

# नन्ही गौरैया को वापस बुलाए, लगाएं कृत्रिम घोंसला रखे दाना पानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ। मेरी प्यारी गौरैया संरक्षण समिति के अध्यक्ष महेश साहू (पंक्षी प्रेमी)द्वारा मोहान रोड स्थित प्राथमिक विद्यालय ग्वालपुर में गौरैया संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम व निबंध, चित्र कला प्रतियोगिता आयोजित की गई । गौरैया के कृत्रिम घोंसले व मिट्टी के पात्र का वितरण किया गया साथ ही सभी को गौरैया संरक्षण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता व समिति के संरक्षक राजेश उपाध्याय अधिवक्ता उपस्थित रहे।

पक्षी प्रेमी महेश साहू ने मुख्य अतिथि राजेश उपाध्याय का पुष्पगुच्छ, भेंट कर सम्मान किया। राजेश उपाध्याय ने कहा कि हम सब को मिलकर नन्ही गौरैया संरक्षण के लिए प्रयास करने होंगे, क्योंकि नन्ही गौरैया एक घरेलू चिड़िया है जो हम सबके बीच रहना चाहती है पर उसके रहने का सुरक्षित स्थान ना होने के चलते गौरैया कि संख्या कम हो गई है।हम सब मिलकर नन्ही



गौरैया को वापस बुलाने के लिए छोटा छोटा प्रयास करें। पंक्षी प्रेमी महेश साहू ने कहा कि नन्ही गौरैया हमसे रूठकर कर दूर चली गई है, हम सब मिलकर नन्ही गौरैया को वापस बुलाना है, अपने घरो के बाहर नन्ही गौरैया के कृत्रिम घोंसले लगाएं व इस तपती धूप में कोई पक्षी प्यास से मृत्यु का शिकार ना हो इसके लिए अपनी छतो , घर के बाहर मिट्टी के पात्र में पानी व दाना रखे। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका अरूणा गुप्ता, सहायक अध्यापिका अनुष्का गौतम, समाजसेवी सोहनलाल साहू, अवनीश सिंह, सहित छात्र छात्राएं व उपस्थित रहे।

# ललित कुमार गौतम अध्यक्ष एवं बाल किशोर मौर्य महामंत्री नियुक्त



कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ। विकास खंड काकोरी के सभागर में ग्राम विकास अधिकारी संघ विकास खंड काकोरी की कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें ललित कुमार गौतम को ब्लॉक अध्यक्ष बाल किशोर मौर्य को महामंत्री संजीव कुमार को उपाध्यक्ष सर्वसम्मति से नामित किया गया।

पदाधिकारियों के नाम का प्रस्ताव ग्राम विकास अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह ने किया जिसको उपस्थिति सदस्यों ने सर्वसम्मिति से पारित किया।इसके पश्चात शेष अन्य पदों का प्रस्ताव नामित अध्यक्ष ललित कुमार गौतम ग्राम विकास अधिकारी द्वारा प्रस्ताव रखे जिसमें संरक्षक पद हेतु अनिल कुमार मौर्या कोषाध्यक्ष पद पर दीप कुमार संगठन मंत्री पर सुरेन्द सिंह मीडिया प्रभारी के लिए धर्मेन्द्र सिंह संयोजक के लिए दिव्य प्रताप सिंह को बनाया गया। संगठन की बैठक विकास खंड काकोरी में तैनात सहायक विकास अधिकारी आई,एस,बी दिनेश सिंह को जिला प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया गया।उक्त प्रस्ताव मनसुख लाल सहायक विकास अधिकारी सांख्यिकी की अध्यक्षता में समस्त प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित किये गए। सभी नामित पदाधिकारीयो को सहायक विकास अधिकारी पंचायत कृष्ण कुमार वर्मा ने संगठन के हित में सदैव काम करने की सलाह दी और सभी पदाधिकारियों को बधाई दी।

# अग्निकांड पीड़ितों के बीच पहुंचे विधायक डा. नीरज बोरा

**सभी के मूल निवास की भी जांच पड़ताल करे प्रशासन – डॉ नीरज बोरा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। फैजुल्लागंज द्वितीय वार्ड अंतर्गत श्याम विहार कालोनी में भीषण आग लगने से बड़ी संख्या में झुग्गी झोपड़ियों समेत सारा सामान जलकर राख होने की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक डा. नीरज बोरा ने घटना पर अफसोस जताया, पीड़ितों को सांत्वना दी और मानवीय आधार पर उनके बीच भोजन वितरित कराया। पीड़ितों के राहत पुनर्वास हेतु प्रशासन को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रशासन इन सभी के



मूल निवास की भी जांच पड़ताल करे क्योंकि इसमें कुछ लोग बांग्ला बोल रहे थे। सभी फायर ब्रिगेड के जवानों को सात गाड़ियों के साथ समय से पहुंचकर आग पर काबू पाने के लिए शाबाशी भी दी। इस दौरान तहसीलदार, नगर निगम के जोनल अधिकारी, पुलिस प्रशासन के साथ ही भाजपा उत्तर मण्डल चार के अध्यक्ष शैलेंद्र मौर्य, उपाध्यक्ष दिनेश पाल, मंत्री सुधीर सिंह, स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि अंकुश बाजपेयी, फैजुल्लागंज तृतीय के पार्षद प्रदीप कुमार शुक्ला, फैजुल्लागंज चतुर्थ के पार्षद रामूदास कनौजिया सहित अन्य मौजूद रहे।

# फिल्म 'भूल चूक माफ' के प्रमोशन के लिए लखनऊ पहुंचे मुख्य कलाकार, 09 मई को फिल्म होगी रिलीज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। फिल्म भूल चूक माफ के प्रमोशन को लेकर सोमवार को फिल्म के मुख्य कलाकार लखनऊ पहुंचे। वहीं गोमती नगर स्थित एक निजी होटल में वह मीडिया कर्मियों से भी रूबरू हुए। मुख्य कलाकार में राजकुमार राव और वामिका गब्बी मौजूद रही। उन्होंने अपनी यात्रा की शुरुआत गोयनका कॉलेज से की, जहाँ उन्होंने छात्रों से मुलाकात भी की। इस मौके पर राजकुमार राव ने कहा की लखनऊ की ऐतिहासिक धरोहर और यहाँ के लोग फिल्म की टाइम-लूप कहानी को और भी आकर्षक बना रहे थे। यहाँ के दृश्य और संस्कृति ने फिल्म के माहौल को पूरी तरह से जीवंत कर दिया। यह यात्रा मेरे लिए बहुत ही यादगार रही। वहीं वामिका गब्बी ने कहा कि लखनऊ की संस्कृति



और यहाँ के ऐतिहासिक स्थल ने मुझे बहुत आकर्षित किया। इस शहर के हर कोने में एक कहानी छिपी हुई है और 'भूल चूक माफ' के प्रमोशन के दौरान मुझे यहाँ की आत्मा से जुड़ने का शानदार मौका मिला। फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया और संगीत रचना ए.आर. रहमान ने की है। फिल्म 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज़ हो रही है।

# नवनियुक्त सूचना निदेशक से मिला पत्रकार एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल, सौंपा 12 सूत्रीय मांग पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा अध्यक्ष पंडित हरिओम शर्मा हरि के नेतृत्व में नवनियुक्त सूचना निदेशक विशाल सिंह आईएएस का अभिनंदन किया गया एवं पदभार ग्रहण करने पर उन्हें बधाई दी। एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष पंडित हरिओम शर्मा के साथ चेयरमैन अजीज सिद्दीकी, महामंत्री अब्दुल वहीद, सचिव जुबेर अहमद, उपाध्यक्ष एम एम मोहसिन, प्रवक्ता संजय गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य तौसीफ



हुसैन व मो आदिल ने सूचना निदेशक के कार्यालय में पहुंचकर उन्हें अंग वस्त्र पहनाकर पुष्प गुच्छ भेंट किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं से सूचना निदेशक को अवगत भी कराया एवं उन्हें 12 सूत्रीय मांग पत्र भी दिया।

# वृक्षारोपण अभियान का आयोजन



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नवयुग कन्या महाविद्यालय की पर्यावरण पुनर्स्थापन समिति एवं अहिल्याबाई होलकर संस्कृति क्लब के संयुक्त तत्वावधान में एक व्यापक वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता बढ़ाना और जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभावों को कम करना रहा। अभियान का शुभारंभ प्राचार्या प्रो मंजुला उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं, शिक्षकों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत पाम, कोचिया सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए।

# एसीपी रजनीश वर्मा ने ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर दिया जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ । निगोहां थाना परिसर में एसीपी रजनीश वर्मा की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों, वॉलिंटियरों, ग्राम प्रधानों और क्षेत्र के अन्य संभ्रांत नागरिकों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना और जागरूकता बढ़ाना रहा।बैठक के दौरान एसीपी रजनीश वर्मा ने ग्राम प्रधानों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने ग्राम क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाएं, जिससे किसी भी आपराधिक गतिविधि पर नजर रखी जा सके और अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि तकनीक का उपयोग कर हम अपराधियों की गतिविधियों पर सख्त निगरानी रख सकते हैं, जिससे गांवों को सुरक्षित बनाया जा सकता है।एसीपी



रजनीश वर्मा ने ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों और वॉलंटियरों को सजग प्रहरी के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा कि समिति के सदस्य यदि क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अराजक तत्वों की जानकारी प्राप्त करते हैं, तो तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।उन्होंने उपस्थित ग्राम प्रधानों और संभ्रांत नागरिकों से अपील की कि वे गांवों में आपसी संवाद बनाए रखें और किसी भी तरह की अफवाह फैलने से रोकने में मदद करें। साथ ही, युवा वर्ग को जागरूक कर उन्हें भी सुरक्षा व्यवस्था में भागीदार बनाने पर बल दिया।बैठक में निगोहा थाना प्रभारी अनुज तिवारी अन्य पुलिस अधिकारी, ग्राम प्रधानगण, वॉलिंटियर एवं क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे। सभी ने अपने-अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए और सुरक्षा के प्रति सहयोग का भरोसा दिलाया तत्पश्चात में एसीपी ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि पुलिस और जनता के बीच सामंजस्य और सहयोग से ही एक सुरक्षित और शांतिपूर्ण समाज की स्थापना संभव है।

# उप्र लेखपाल संघ शाखा लखनऊ की जिला समिति की हुई बैठक

**पहलगाम मे निर्दोष लोगों की आतंकवादियों द्वारा की गई निर्मम हत्या पर रखा दो मिनट का मौन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर-लखनऊ। सोमवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ शाखा जनपद लखनऊ की जिला समिति की बैठक तहसील सरोजनी नगर में आहूत की गई जिसमें संवर्ग की समस्याओ पर विचार विमर्श के साथ साथ शासकीय व संगठन को बेहतर बनाने की वार्ता की गई तथा कश्मीर के पहलगाम की घटना मे निर्दोष लोगों की आतंकवादियों द्वारा की गई निर्मम हत्या पर शहीदों के लिए जिला संगठन के लेखपालों द्वारा दो मिनट का मौन धारण कर उनकी पुन्य आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना सभा की गयी। सभा मे प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार बाथम जिला मंत्री सुजीत कुमार



वरिष्ठ उपाध्यक्ष अदिति आर्या कनिष्ठ उपाध्यक्ष कुमार सौरभ कोषाध्यक्ष विमल सिह के साथ साथ तहसील सरोजनी नगर अध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा मंत्री नीतू यादव उपमंत्री अमृताजंली सिंह कोषाध्यक्ष विश्राम कनिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष कुमार व तहसील अध्यक्ष मोहनलाल गंज अमरीश कुमार सदर तहसील अध्यक्ष अनुपमा राय मंत्री प्रिंस राजी तहसील अध्यक्ष बक्शी का तालाब पंकज शुक्ला मंत्री अनुज मिश्रा तहसील अध्यक्ष मलिहाबाद पवन कुमार मंत्री दीपक कुमार व वरिष्ठ साथी पूर्व तहसील अध्यक्ष आनंद प्रकाश तिवारी व सत्येन्द्र कुमार यादव के साथ साथ अन्य लेखपाल उपस्थिति रहे।

# सड़क सुरक्षा को लेकर बरतें सख्ती : डीएम

## अवैध कट बंद करने और निर्माण कार्यों को समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया तथा अब तक किए गए कार्यों की गहन समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता के रूप में लेते हुए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से सीतापुर-सिधौली मार्ग पर स्थित अवैध कटों की शीघ्र पहचान कर उन्हें बंद करने तथा उनकी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। नवीन चौक पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि



निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और जनसामान्य को किसी प्रकार की असुविधा न हो। दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए उन्होंने ओवरस्पीडिंग पर प्रभावी नियंत्रण, घनी आबादी वाले क्षेत्रों में पटरियों का निर्माण, और आवश्यक स्थलों पर चिन्हित स्पीड ब्रेकरों का निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा में अंतर्विभागीय समन्वय की अत्यधिक आवश्यकता है। उन्होंने पुलिस, लोक निर्माण, विद्युत, परिवहन तथा अन्य विभागों को आपसी सहयोग से कार्य करने को कहा। साथ ही, मार्च एवं अप्रैल माह की दुर्घटना रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। यातायात बाधित करने वाले विद्युत पोलों की स्थिति पर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने उन्हें अन्यत्र स्थानांतरित करने हेतु विद्युत विभाग को निर्देशित किया। लेन मार्किंग एवं ट्रैफिक चालान प्रणाली की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए तथा नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जनपद में एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों की सहभागिता भी सुनिश्चित हो। नागरिकों को हेलमेट पहनने की अनिवार्यता के प्रति जागरूक किया जाए ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह, नगर पालिका परिषद सीतापुर के अधिशासी अधिकारी वैभव त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण बैठक में उपस्थित रहे।

# ग्राम कोरैया उदयपुर में चक सृजन कार्य पूर्ण, जन चौपाल में कृषकों ने जताया संतोष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। तहसील एवं जनपद सीतापुर के अंतर्गत ग्राम कोरैया उदयपुर में सहायक चकबन्दी अधिकारी द्वारा चक सृजन की कार्यवाही सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली गई। इस अवसर पर दिनांक 28 अप्रैल 2025 को एक जन चौपाल का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीणों को चकबन्दी से संबंधित जानकारी देना तथा उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना था।

इस जन चौपाल में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) एवं उपसंचालक चकबन्दी श्री खालिद अंजुम, उपजिलाधिकारी सदर श्री अभिनव यादव, बन्दोबस्त अधिकारी (चकबन्दी) श्री भारत सिंह सहित चकबन्दी विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में ग्राम प्रधान तथा लगभग 100 कृषकों की उपस्थिति रही। सहायक चकबन्दी अधिकारी द्वारा निर्मित चकों की जानकारी साझा की गई, जिस पर अधिकांश कृषकों ने संतोष व्यक्त किया। वहीं, कुछ कृषकों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं, जिनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जन चौपाल को संबोधित करते हुए अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने कृषकों को अवगत कराया कि चकबन्दी आकार पत्र-23 प्राप्त होने पर वे संबंधित चकबन्दीकर्ता अथवा चकबन्दी लेखपाल की सहायता से भूचित्र पर अपने चक की स्थिति भलीभांति समझ लें। यदि किसी कृषक को आपत्ति हो, तो वह पत्र प्राप्ति की तिथि से 15 दिन के भीतर चकबन्दी अधिकारी न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व दिनांक 23 अप्रैल 2024 को ग्राम रण्डा में भी इसी प्रकार का जन चौपाल आयोजित किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में कृषकों ने सहभागिता की थी और चकबन्दी प्रक्रिया पर संतोष व्यक्त किया था। चकबन्दी विभाग द्वारा आयोजित यह जन संवाद कार्यक्रम पारदर्शिता, जागरूकता एवं सहभागिता के उत्कृष्ट उदाहरण हैं, जो ग्रामीण अंचल में कृषि सुधारों की दिशा में एक सकारात्मक पहल को दर्शाते हैं।

# चोरी चुपके कराया जा रहा था अवैध मस्जिद का निर्माण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। अवैध मस्जिद के निर्माण की सूचना मिलने पर सीनू मिश्रा बजरंगी भैया जिला कार्य अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल हुए आग बबूला सैकड़ो हिंदू भाइयों के साथ उतरे सड़क पर जोरदार कि नारेबाजी और जय श्री राम के लगाए गए जयकारे बताते चलें गोंदिया गांव के बाहर नरना रोड पर अराजक तत्वों के द्वारा चोरी चुपके मस्जिद निर्माण करवाने जाने की सूचना प्राप्त हुई सूचना पर पहुंचे राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता सीनू मिश्रा बजरंगी भैया को पुलिस प्रशासन ने समझा बूझकर शांत कराया और मस्जिद के समान को वहां से हटवा दिया राष्ट्रीय बजरंगदल के कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश जिला कार्य अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल श्रीनू मिश्रा बजरंगी भैया नरेंद्र प्रताप सिंह सुनील राजेंद्र मिश्रा दुर्गेश मिश्रा शिवकुमार सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री दिव्यांग आवास योजना को पलीता लगा रहे प्रधान व सचिव

## पात्रों को किया जा रहा अपात्र, अपात्रों को को दिया जा रहा आवास सम्बंधित अधिकारी मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मछरेहटा-सीतापुर विकास खण्ड मछरेहटा दिन ब दिन भ्रष्टाचार की गर्त मे विलीन होता जा रहा है जिसका उत्तरदायित्व जिम्मेदारों का है वर्तमान समय मे आवास योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है जिसमे अपात्रों को शामिल किया जा रहा है और खण्ड विकास अधिकारी राजेश तिवारी के संरक्षण मे आपात्रों को आवास धनराशि की पहली किस्त भी जारी कर दी गई है।

मामला विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत चितरेहटा का है उक्त ग्राम पंचायत के एक नागरिक द्वारा शिकायत की गई कि उक्त ग्राम पंचायत के अन्तर्गत ग्राम दौलतपुर मे मकरन्द पुत्र उजागर को मुख्यमंत्री दिव्यांग आवास योजना के तहत




आवास धनराशि की पहली किस्त आवाण्टित कर दी गयी है जबकि लाभार्थी मकरन्द के पास पहले से ही पक्का दो मंजिला मकान और लगभग 25 बीघा जमीन भी है ।सोचनीय बात है कि विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायतों मे पात्र लाभार्थी आज भी बीडीओ राजेश तिवारी के भ्रष्टाचार संलिप्तता के कारण सूची के बाहर है और अपात्रों के खातों पर आवास धनराशि भेजी जा रही है,तथा शिकायत के बाद भी बीडीओ मछरेहटा के द्वारा कोई कार्रवाई नही की जाती है। उक्त सम्बन्ध मे जब खण्ड विकास अधिकारी राजेश तिवारी से जानकारी चाही गई तो बताया कि शीघ्र जांच करायी जाएगी और सचिव के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वही जब प्रधान प्रतिनिधि से बात की गई तो उन्होंने बताया कि घर तो टूटा फूटा है और खेत के बारे में मुझे कोई जानकारी नही है।

# चेन स्नैचिंग की घटना का अनावरण, संलिप्त अभियुक्त गिरफ्तार

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में चोरी/नकबजनी की घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए सर्वसंबंधित को घटनाओं को रोकने व अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान शातिर अभियुक्त ऋषि कुमार यादव पुत्र पद्माकर सिंह नि0 ग्राम मंझी थाना माल जनपद लखनऊ को मोहल्ला रोटीगोदाम तिराहा ग्रास फार्म जंगल के पास से गिरफ्तार किया गया है। मौके पर अभियुक्त के कब्जे से 9,200/- रुपये नगद बरामद हुए हैं। अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि मैं तथा मेरा अन्य साथी सीतापुर शहर व अन्य जगहों पर मार्निंग वाक पर जाने वाले बुजुर्ग व्यक्ति के पीछे पीछे चल कर रैकी करते थे। लगभग 20-25 दिन पहले हमने सीतापुर शहर में आंख अस्पताल रोड पर मॉर्निंग वॉक पर जा रही एक बुजुर्ग महिला की चेन गले से झपटा मार कर छीन कर भाग गये थे। जिसे राह चलते अज्ञात व्यक्ति को बेंच दिया था और रुपये आपस में बांट लिये थे। प्रकरण के संबंध में थाना कोतवाली नगर 82/2025 धारा 304 बीएनएस पंजीकृत है। बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोगों में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी करते हुए अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है। जनपद में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

# राघवेन्द्र बाजपेई हत्या काण्ड के पुलिस खुलासे पर संतुष्ट नहीं पत्रकार : ऐप्जा चीफ

## सीबीआई जांच, 50 लाख आर्थिक सहायता के लिए ऐप्जा, संयुक्त किसान मोर्चा करेगा अनिश्चितकालीन धरना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। रंजीत होटल सभागार आयोजित प्रेस वार्ता में ऐप्जा चीफ को आर्डिनेटर अनुराग सारथी ने उपस्थित पत्रकार साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐप्जा चेयर मैन रवीन्द्र मिश्रा की अगुवाई में 29 अप्रैल सीतापुर जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट परिसर पर स्व0 पत्रकार दैनिक जागरण महोली राघवेन्द्र बाजपेई हत्याकांड में पुलिस द्वारा किए गए खुलासे से स्व0 राघवेन्द्र की पत्नी व माता पिता संतुष्ट नहीं हैं ! इसलिए परिवार के हक में ऐप्जा द्वारा आंदोलन का निर्णय लिया गया है ! किसान मंच राष्ट्रीय सचिव/प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ मीडिया जगत से जुड़े निर्भीक पत्रकार की दिन दहाड़े हत्या



और शासन प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार की अनदेखी समझ से परे है !सीतापुर मीडिया जगत से जुड़े मीडिया बन्धुओं का इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना सभी साथियों का दायित्व है !संयुक्त किसान मोर्चा संयोजक पिंदर सिंह सिद्धू ने कहा कि जिस परिवार की देखभाल करने वाला कोई भी न बचा हो शासन द्वारा पीड़ित परिवार हेतु पचास लाख की सहायता राशि और पत्नी रश्मि बाजपेई को योग्यता अनुसार नौकरी के साथ बुजुर्ग मां बाप पेंशन सहित नाबालिग लड़के और लड़की की शिक्षा व्यवस्था करनी होगी !सिख संगठन जिला अध्यक्ष गुरुपाल सिंह ने ऐप्जा पत्रकार चेयरमैन रवीन्द्र मिश्रा और को आर्डिनेटर अनुराग सारथी द्वारा पीड़ित परिवार के लिए किए जा रहे संघर्ष की सराहना करते हुए हुए कहा किसान नेता शिव प्रकाश सिंह व पिंदर सिंह सिद्धू द्वारा मिल रहा सहयोग एक अनूठी पहल है !

# विद्युत संविदा कर्मियों ने रालोद महासचिव को सौंपा ज्ञापन

## निष्कासन (छटनी) रोकने को लेकर सरकार से लगाई गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कमलापुर। शोषण रोकने एवं निष्कासन के संबंध में सोमवार को विद्युत संविदा कर्मियों ने रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे को ज्ञापन सौंपा। सभी ने सरकार से अपनी सेवाओं को निरंतर जारी रखने की गुहार लगाई। इस दौरान रालोद नेता आर पी सिंह चौहान भी मौजूद रहे।

ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि सभी संविदा कर्मी विद्युत उपखंड कमलापुर के अंतर्गत 33/11 के वी उपकेंद्र कमलापुर व बराई जलालपुर मैं कार्यरत हैं। इनके द्वारा लगभग 15 वर्षों से लाइन-लाइन अनुरक्षण एवं राजस्व वसूली परिवर्तन की सुरक्षा एवं उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति करने इत्यादि समस्त कार्य, अपने जीवन का अमूल्य समय देते हुए, 24 घंटे कार्य करते हुए आ रहे हैं। फिर भी विद्युत विभाग के द्वारा हम सभी संविदा कर्मियों को निष्कासित (छटनी) किया जा रहा है। जिससे संविदा कर्मी बेरोजगार हो रहे हैं। इसकी वजह से हमारी पारिवारिक भरण पोषण की समस्या उत्पन्न होगी और हम



सभी कर्मियों को मानसिक तनाव के कारण कुछ भी होने की संभावना है। ज्ञापन में कहा गया कि इन संविदा कर्मियों की पूरी उम्र सभी विद्युत विभाग में उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति करने में हुई है। इसके अलावा हम लोगों को कहीं कोई नौकरी नहीं मिलेगी। सभी ने मांग की कि हम लोगों की सेवाएं निरंतर जारी रखी जाएं और किसी भी प्रकार की कोई छटनी ना की जाए। रालोद महासचिव ने संविदा कर्मियों को आश्वासन देते हुए कहा कि हम उनकी मांगों को आगे बढ़ाएंगे।

# ब्लूचिस्तान और सिंध तो हमारा होकर रहेगा : डॉ. इंद्रेश कुमार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## मेवाड़ में तीन दिवसीय अखिल भारतीय अभ्यास वर्ग कार्यक्रम समाप्त

गाजियाबाद। भारत को काटने-बांटने के मंसूबे पाले बैठे पाकिस्तान और बंगलादेश के दो-तीन टुकड़े हो जाने चाहिएं। ब्लूचिस्तान और सिंध तो हमारा होकर ही रहेगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक डॉ. इंद्रेश कुमार ने भारतीय अभ्यास वर्ग के अंतिम दिन हुए सार्थक संवाद में यह बात कही। वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप के ऑडिटोरियम में तीन दिवसीय अभ्यास वर्ग में वह मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए जबकि अनेक मुस्लिम धर्मगुरु, स्कॉलर एवं नामचीन लोगों ने भी अपने विचारों से कार्यक्रम को और सार्थकता प्रदान की।

डॉ. इंद्रेश ने कहा कि दुनिया के सभी रंग एक से हैं केसरिया और सफ़ेद। दोनों अहिंसा के रंग हैं। दोनों मानवता का संदेश देते हैं। संदेश क्या-सबके लिए प्यार और सम्मान। उन्होंने कहा कि लोग नफरतों से मुक्त रहें। वे अपने शहीदों को न भूलें। भारत ही है जो सब धर्मों को मानता है और उसका पालन करता है। 73 फिरके केवल हिंदुस्तान में ही हैं। फिर भी हम पर साम्प्रदायिकता के आरोप लगाये जाते हैं। यह शर्मनाक है। उन्होंने पाकिस्तान और उसके द्वारा फैलाये जा रहे आतंकवाद की निंदा की। उन्होंने कहा कि आतंकी के जनाजे में कोई शामिल न हो, यह अधर्म है। हमें अपने पूर्वजों के धर्म की रक्षा करनी चाहिए। हमें कसाब नहीं, कलाम चाहिए। यज़ीद नहीं, हुसैन चाहिए। राम चाहिए, रावण नहीं। भारत में औरंगज़ेब नहीं चलेगा। हम हिंदुस्तानी हैं और रहेंगे। हमें हिन्दुस्तान ज़िंदाबाद बोलने वाला मुसलमान चाहिए। तिरंगा थामने वाला मुसलमान हमें प्रिय है। डॉ. इंद्रेश ने कहा कि दुनिया को स्वयं का उदाहरण दो। जो छुआछूत मानेगा, वह भगवान नहीं हो सकता। नारी-पुरुष पूरक हैं स्पर्धा नहीं। सम्मान ममता का है ,व्यवसाय का नहीं। इसलिये महिलाएं अधिकार सम्पन्न थीं और रहेंगी। यह हम रामराज्य में देखते आये हैं। साम्प्रदायिक एकता और सद्भाव के मामले में भारत के ब्रांड एम्बेसडर माने जाने वाले मौलाना डॉ. कल्बे रुशैद रिजवी ने कहा कि जो देश के लिए चलता है ,उसका गुलशन रात में भी महकता है। समय दुनिया की सबसे कीमती चीज है। जीने के दो रास्ते-अपने लिए या दुनिया के लिए। ख्वाहिशों पर जीने वाले या मक़्सद के लिए जीने वाले। मक़्सद के लिए जीने वाले हमेशा ज़िंदा रहते हैं। उन्होंने कहा कि मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक डॉ. अशोक कुमार गदिया गरीबों के लिए काम कर रहे हैं ,यह मकसद है। अशोक जी ने समाज में साम्प्रदायिक सौहार्द लाने का जो संकल्प लिया है ,वह काबिलेतारीफ है। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एबी सिंह ने कहा कि राम ने शबरी के बेर समरसता के लिए खाये थे। मोदी जी ने भी यही काम किया। 370 को हटाने का काम भी किया। 55 इस्लामिक देश हैं मगर इनमें समरूपता नहीं। जबकि मोदी सरकार ने 3 तलाक खत्म कर मुस्लिम समाज में समरूपता लाने का काम किया है। नेशनल उलेमा पार्लियामेंट के सचिव डॉ. गुलरेज शेख, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जमाल सिद्दीकी आदि ने भी अपने विचार प्रकट किये। तीन दिन के कार्यक्रम में शामिल होने वाले मंच के सदस्यों का प्रमाण पत्र दिये गये। अतिथियों को अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व डॉ. इंद्रेश कुमार, डॉ. अशोक कुमार गदिया, मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के स्टाफ ने मेवाड़ परिसर में पौधरोपण किया। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशक डॉ. अलका अग्रवाल ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# 12 लोगों पर हुआ बिजली चोरी में मुक़दमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गर्मी का मौसम शुरू होते ही बिजली चोरी कर ए.सी का मजा लेने वालों मे और बिजली विभाग में आँख मिचौली का खेल शुरू हो गया है। बिजली चोरी करने वालों पर बिजली विभाग द्वारा लगातार छापेमारी की कार्रवाही भी की जा रहीं है और किसी हद तक बिजली चोरी में कमी भी आयी है। किन्तु पूरी तरह से बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए शायद बिजली विभाग को और सख़्त क़दम उठाते हुए कड़ी मेहनत करनी होगी। हालांकि उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली की सप्लाई देने के लिए विभाग की मेहनत उस वक़्त नज़र आ जाती है जब दिसम्बर और जनवरी के महीने में भी विभाग द्वारा घने कोहरे व कड़ाके की ठंड के बीच तड़के सुबह बिजली चोरी रोकने के लिए सड़कों पर गश्त करते हुए मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया। बात करें अगर लखनऊ मध्य क्षेत्र की तो यहां मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर मॉर्निंग रेड अभियान चलाए गए हैं और यह मॉर्निंग रेड अभियान आज भी लगातार जारी हैं जो इस बात का सबूत है कि बिजली चोरी करने वालों को किसी भी हाल में नहीं बक्शा जायेगा। सोमवार को भी मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल के



आदेश का पालन करते हुए चौक मंडल के अधीक्षण अभियंता रमेश चंद्र पाण्डेय ने चौक डिवीज़न के अधिशाषी अभियंता रमन वासुमित्रा व ठाकुरगंज डिवीज़न के अधिशाषी अभियंता दीपक कुमार को मॉर्निंग रेड अभियान चलाने के निर्देश जारी किये। जिसके बाद उपखण्ड अधिकारी नादान महल व उपखण्ड अधिकारी बालागंज के नेतृत्व में विजिलेंस टीम के साथ नादान महल उपकेंद्र के बिलोचपुरा व बालागंज उपकेंद्र के रस्तोगी नगर नगर में बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से छापेमारी का अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 51 उपभोक्ताओं के कनेक्शन को चेक किया गया था जिसमे से 12 उपभोक्ताओं को 39 किलोवाट तक की बिजली चोरी करते हुए पाया गया। अधीक्षण अभियंता रमेश चंद्र पाण्डेय ने बताया कि बिजली चोरी करने वाले इन सभी उपभोक्ताओं की लाइट पोल से काट दी गई है तथा सभी पर बिजली चोरी की धारा में एफआईआर दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि लोगों को निर्बाध बिजली देने व बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से चलाए जाने वाला यह अभियान आगे भी इसी तरह से जारी रहेगा।

# मरीज से न मिलने देने पर वेदान्ता हॉस्पिटल में बवाल, तीमारदार ने डॉक्टर सुरक्षा गार्ड व स्टाफ पर दौड़ा- दौड़ाकर पीटने का लगाया अरोप

**मारपीट में तीमारदार को आई कई जगह चोटे, मामला बढ़ता देख अस्पताल प्रशासन ने मरीज को गंभीर हालत में रेफर करते हुए सभी को भगाया**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। जिले के लक्षीरामपुर स्थित वेदांता हॉस्पिटल में आरोप है कि रविवार की रात में मरीज से मिलने जा रहे तीमारदारों को डॉक्टर और उनके गार्ड व स्टाफ ने मारपीट दिया। वहीं धमकी दी कि जाकर कहीं भी शिकायत करो कोई कुछ भी नहीं बिगाड़ पाएगा। यहां तक कि सत्ता से नजदीकी की धमकी भी दी गई। इसके बाद तीमारदारों ने दिन में हंगामा किया। मामला बढ़ता देख दिन में मरीज को रेफर कर दिया गया। वहीं मरीज के रिश्तेदार पवन मद्धेशिया निवासी बिहरोजपुर थाना सिधारी ने तहरीर दी है। मामले में हॉस्पिटल के सुपरवाइजर ऋतिक जायसवाल ने बताया कि अस्पताल को बदनाम करने की सोची समझी साजिश है। मरीज शिवकुमार एक्सीडेंट में घायल था। जिला अस्पताल से रेफर होकर यहां पर आया था। परिजनों को बार-बार इसकी जानकारी दी जा रही थी। रात में 9:00 बजे भी परिजनों को बता दिया था कि हालत नाजुक है चाहे तो ले जा सकते हैं।

वहीं दूसरी तरफ तीमारदार भरत मद्धेशिया ने बताया कि उसके दोस्त पवन मद्धेशिया के बहनोई भर्ती थे। अपने साथ मारपीट के मामले में एएट्ठ फुटेज को निकलवा कर कार्रवाई की मांग की। भरत के अनुसार मरीज दो दिन से भर्ती थे। भरत और परिजनों के अनुसार रात में डॉक्टर ने एक इंजेक्शन मंगवाया। यह इंजेक्शन अस्पताल में मौजूद नहीं था। रात 12 बजे आसपास के मेडिकल स्टोर पर भी नहीं मिला। खोजबीन कर जब परिजन लौटे तो मुख्य गेट से भवन में घुसने से मन कर दिया गया। तब मरीज के पास जाने की बात परिजन कहने लगे तो बात बढ़ गई। आरोप के अनुसार इसके बाद डॉक्टर ने अपने चैंबर में बुलाकर पहले गाली गलौज और धमकी दी फिर हाथ छोड़ दिया। इस दौरान करीब डेढ़ दर्जन स्टाफ के लोग थे। वह भी मारपीट में शामिल हो गए।

# हर घर नल योजना का हुआ शुभारंभ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। आज डबल इंजन की सरकार में समूचे प्रदेश का कायाकल्प हो रहा है । केन्द्र व राज्य सरकार सरकार की महत्वकांक्षी योजना हर घर नल, हर घर जल के तहत आज अपने विधानसभा हाटा के ग्राम सभा सोनिया में अधिशासी अभियंता उ0 प्र0 जल निगम ग्रामीण श्री अरूण कुमार व सहायक अभियंता नीरज कुमार, अवर अभियंता आदित्य मद्धेशिया की मौजूदगी में शुभारंभ हुआ ।विधायक मोहन वर्मा ने जन चौपाल के माध्यम से ग्रामीण लोगों की जन समस्याओं को सुना तथा त्वरित निदान के लिए सक्षम अधिकारियों को अविलंब कार्यवाही के लिए निर्देशित किया ।

इस पुनीत कार्य के शुभारंभ के समय संजय सिंह मुन्ना मोतीचक मंडल अध्यक्ष चंद्रपाल कनौजिया, हाटा नगर मंडल अध्यक्ष मुंशी सिंह, रामू राव, अखिलेश दास गुप्ता, डॉक्टर रविश सिंह व प्रधान गण उपस्थित रहे ! !ग्राम सोनिया विकास खंड मोतीचक के लोगों ने सरकार की प्रयास को सराहा और धन्यवाद ज्ञापित किया ।

# हवन यज्ञ और भंडारे के साथ हुआ श्रीमद् भागवत कथा का समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज,रायबरेली। शिवगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत भवानीगढ़, देहली में सप्तवेदी, गणेश आंबिका, रूद्र हनुमत देव, सहित मोक्षदायिनी श्रीमद् भागवत कथा यजमान कालिका प्रसाद मिश्रा, सपत्नीक राजेश्वरी मिश्रा, के यहां आनंद मिश्रा के द्वारा संकल्पित चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का विश्व शांति एवं सर्व कल्याण की कामना के साथ बड़े ही धूमधाम के साथ समापन हुआ। भागवत कथा के समापन पर हवन यज्ञ और विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। भंडारे में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं ने जयकारे भी लगाए श्रद्धालुओं के जयकारों से पूरा पांडाल गुंजायमान हो गया।आपको बता दें कि, यजमान कालिका प्रसाद मिश्रा, सपत्नीक राजेश्वरी मिश्रा समेत गांव के लोगो ने हवन किया। हवन के दौरान कथा व्यास पंडित वागीश रामचंद्र दास ने कहा कि, आत्मा को जन्म व मृत्यु के बंधन से मुक्त कराने के लिए भक्ति मार्ग से जुड़कर सत्कर्म करना होगा। हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। श्रीमद भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। कथावाचक पंडित वागीश रामचंद्र दास ने भंडारे के प्रसाद का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि, प्रसाद तीन अक्षर से मिलकर बना है। पहला प्र का अर्थ प्रभु, दूसरा सा का अर्थ साक्षात व तीसरा द का अर्थ होता है दर्शन। जिसे हम सब प्रसाद कहते हैं। हर कथा या अनुष्ठान का तत्वसार होता है जो मन बुद्धि व चित को निर्मल कर देता है। मनुष्य का शरीर भी भगवान का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ प्रसाद है। जीवन में प्रसाद का अपमान करने से भगवान का ही अपमान होता है। भगवान का लगाए गए भोग का बचा हुआ शेष भाग मनुष्यों के लिए प्रसाद बन जाता है। कथा का समापन सोमवार को विधिविधान से पूजा आरती पाठ कर यज्ञशाला में दोपहर तक हवन किया गया। तत्पश्चात भंडारे का प्रसाद वितरित हुआ जो प्रभु की इच्छा तक चलता रहा।महराजगंज क्षेत्र के ग्राम सभा जिहवा के रहने वाले आनंद मिश्रा ने बताया कि, हर दूसरे महीने अलग-अलग स्थानों पर उनके द्वारा संकल्पित श्रीमद् भागवत कथाओं का आयोजन किया किया जा रहा है, यह उनके द्वारा आयोजित पांचवी श्रीमद् भागवत कथा है, जिसका समापन बड़े ही विधिविधान से हवन पूजन एवं भंडारे के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर यज्ञशाला प्रमुख आचार्य पंडित योगेंद्र त्रिपाठी, परिचायक अमरेश शुक्ला, आकाश मिश्रा, मुख्य यजमान कालिका प्रसाद मिश्रा, सपत्नीक राजेश्वरी मिश्रा सहित, सुमित मिश्रा,रुद्रेश मिश्रा, पंकज मिश्रा, रामानुज मिश्रा, कनिक मिश्रा, अमित मिश्रा, आकाश मिश्रा, विकाश मिश्रा, कृष्ण मिश्रा, हर्षित

# दूल्हे के पिता से पैसों से भरा बैग छीनने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




आजमगढ़। थाना अतरौलिया की पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के लोहरा स्थित एक मैरेज हाल से दूल्हे के पिता से पैसों से भरे बैग की छिनैती करने के मामले में 01 अभियुक्त को मुठभेड़ में गिरफ्तार। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा .315 बोर, 01 जिंदा कारतूस, 01 खोखा कारतूस .315 बोर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल तथा 15,200 रूपये नगद बरामद किया गया। बता दें कि दिनांक 20 अप्रैल 2025 को वादी राजेन्द्र प्रसाद पुत्र स्व हरिहर प्रसाद, निवासी भगवानपुर मंझारिया, थाना कटका, जनपद अम्बेडकरनगर द्वारा तहरीर दिया गया था कि वह अपने पुत्र प्रेमसागर की शादी हेतु बारात लेकर उमंग मैरिज हाल, ग्राम लोहरा, थाना अतरौलिया आये थे। 2 अज्ञात मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति द्वारा मैरेज हाल के गेट के पास से वादी के पैसों से भरे बैग को छीनकर लेकर भाग गये।

अभियुक्तों कुलदीप उर्फ डूबकी लोना पुत्र मायाराम लोना उर्फ छुन्नीपाल लोना, साकिन शाहपुर फिरोजपुर, थाना जलालपुर, जनपद अम्बेडकर नगर, उम्र 19 वर्ष, गोलू नोना पुत्र सुक्खू नोना, निवासी ग्राम शाहपुर फिरोजपुर, थाना जलालपुर, जनपद अम्बेडकरनगर और टाइगर उर्फ जुगनू नोना पुत्र नन्हें नोना, निवासी ग्राम शाहपुर फिरोजपुर, थाना जलालपुर, जनपद अम्बेडकरनगर का नाम प्रकाश में आया। मुखबिर की सूचना पर गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे, ग्राम अचलीपुर के पास चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल पर 03 व्यक्ति आते हुये दिखायी दिये, जिन्हें रुकने का ईशारा किया गया तो मोटरसाइकिल सवार पुलिस टीम पर फायर करते हुये भागने लगे। पुलिस बल द्वारा मौके पर 01 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया तथा अन्य 02 व्यक्ति फायरिंग करते हुये भाग गये। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा अपना नाम कुलदीप उर्फ डूबकी लोना बताया गया। बरामद रूपयों के बारे में पूछने पर अभियुक्त द्वारा बताया गया कि हम तीनों साथी मिलकर थाना अतरौलिया क्षेत्र के उमंग मैरिज हाल के पास बारात मालिक के हाथ रुपयों से भरे हुये बैग को छीनकर भागे गये थे, जिसमें कुल 62,000 रूपये था जिसको हम लोगों द्वारा आपस में बाट लिया गया जिसमें मेरे हिस्से में 20,000 रूपया मिला था, जिसमे से कुछ रुपये खर्च हो गए , शेष पैसा मेरे पास से जो मिला है उसी छिनैती का 15,200 रूपया है।

# बोर्ड परीक्षा में बेटियों ने लहराया सफलता का परचम




कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। बोर्ड परीक्षा में लिन्ह सन इंटरमीडिएट कॉलेज कुशीनगर के छात्र - छात्राओं ने शत प्रतिशत सफलता अर्जित कर अपनी मेघा का परचम लहराया है। विद्यालय प्रधानाचार्य राजेश सिंह ने बताया कि इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में खुशी वर्मा 83 प्रतिशत, प्रकाश सिंह 81.8 प्रतिशत, मुस्कान खातून 81.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। हाईस्कूल में अर्पिता विश्वकर्मा 92.3 प्रतिशत, अंशिका कुशवाहा 92 प्रतिशत, अनुष्का सिंह 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। विद्यालय के प्रबंधक दिनेश कुमार वर्मा और प्रधानाचार्य राजेश कुमार सिंह सहित शिक्षकों ने बोर्ड परीक्षा में सफल बच्चों और अभिभावकों को मिठाई खिलाकर बधाई दी है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बाढ़ से बचाव को लेकर बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार-।। की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ से बचाव के सम्बन्ध में जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण की बैठक की गई।जिलाधिकारी ने समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि ड्यूटी में उन्ही कर्मचारियों को लगाया जाए, जो सजग एवं सतर्क हो। उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिया कि बंधे पर हुए रेन कट एवं लीकेज पॉइंट की मरम्मत अभी से करा लें। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं सिंचाई विभाग की संयुक्त टीम बाढ़ चौकी/राहत केंद्रों का भ्रमण करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग एवं पशुपालन विभाग को निर्देश दिया कि जो आवश्यक दवाएं हैं, उसकी व्यवस्था समय से कर लें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि जो एमओआईसी सक्रिय हैं, उनकी ड्यूटी स्वास्थ्य शिविर में लगाए। उन्होंने कहा कि नाव एवं गोताखोरों की सूची अभी से बना ले। उन्होंने विद्युत विभाग को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तार एवं खम्भे को सही कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी को सड़कों की वस्तु स्थिति का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधानों के द्वारा पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम जलस्तर बढ़ने की सूचना प्रसारित कराया जाय। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिया कि पिछले 15 वर्ष के जल स्तर की वृद्धि एवं बाढ़ से प्रभावित होने वाले ग्रामों की सूची उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आजाद भगत सिंह, संबंधित उप जिलाधिकारी, डीसी मनरेगा, पीडब्ल्यूडी, सिंचाई, जल निगम ग्रामीण एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# खाद्य आयुक्त ने गेहूँ क्रय केन्द्रों का किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। खाद्य आयुक्त उप्र भूपेन्द्र सिंह चौधरी द्वारा गेहूँ क्रय केन्द्र बन्नावां, कसरवां, बछरावां आदि का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम उन्होंने गेहूँ क्रय केन्द्र बन्नावा का निरीक्षण किया जहां पर 290 कुंटल गेहूँ खरीद की गयी जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए केन्द्र प्रभारी को कड़े निर्देश दिये कि किसानों से गेहूँ खरीद बढ़ायी जाये और लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति सुनिश्चित करायी जाये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिये कि प्रतिदिन सभी केन्द्र प्रभारी अपने अपने केन्द्रों में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष गेहूँ की खरीद सुनिश्चित करायें। गेहूँ क्रय केंद्र पर खरीद कार्य पूरी सतर्कता के साथ ही निरीक्षण व प्रभावी तरीके से संचालन किये जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने अधिकारी से कहा कि गेहूँ क्रय केन्द्रों पर अपनी उपज बेचने में किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हों। किसी भी दशा में गेहूँ क्रय केन्द्रों पर दलाल व बिचौलियां, किसान विरोधी आदि असामाजिक तत्व न दिखाई पड़े। किसानों से गेहूँ खरीद में कोई विलम्ब नही होना चाहिए तथा किसानों को उपज का मूल्य का भुगतान समय से उनके खातों में हस्तातरित हो जाना चाहिए। गेहूँ क्रय केन्द्र प्रभारी द्वारा गेहूँ की खरीद के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।

# ढाड़ीभार में अमान्य विद्यालय बंद, मदरसा मान्यता का अभिलेखें की जांच शुरू

**- बीईओ ने मौके पर की कार्रवाई, छात्रों का नामांकन अन्य विद्यालयों में कराने का निर्देश**

**- मदरसा अभिलेख की जांच को भेजा पत्र, रिपोर्ट के बाद होगी आगे की कार्रवाई**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/ कुशीनगर। दुदही विकास खंड के ग्राम पंचायत ढाड़ीभार के नौका टोला में बिना मान्यता संचालित निजी विद्यालय पर कार्रवाई करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी डा. प्रभातचंद राय ने विद्यालय को तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया। ग्रामीणों की शिकायत पर पहुंचे बीईओ ने विद्यालय में पढ़ रहे छात्रों से बातचीत की। छात्रों ने विद्यालय का नाम लिटिल स्टार एकेडमी बताया। बीईओ द्वारा विद्यालय प्रबंधन से मान्यता से संबंधित दस्तावेज मांगे गए, लेकिन प्रबंधन कोई भी अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका।स्थिति स्पष्ट न होने पर बीईओ ने विद्यालय को तत्काल बंद कराते हुए छात्रों के निकटवर्ती परिषदीय या अन्य मान्यता प्राप्त विद्यालयों में नामांकन कराने का निर्देश दिया। विद्यालय प्रबंध समिति को शोकाज नोटिस भी जारी किया गया है। बाद में विद्यालय प्रबंधन ने अहले सुन्नत फैजान रजा नामक मदरसे की मान्यता का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया, जिस पर ग्रामीणों ने आपत्ति जताते हुए कहा कि उक्त मदरसा ढाड़ीभार गांव में पंजीकृत नहीं है। इस पर बीईओ ने मदरसे की मान्यता तथा पंजीकरण स्थल की जांच के लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को पत्र भेजा है। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद दोषी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। खंड शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया कि बिना मान्यता के विद्यालयों का संचालन निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम-2009 (आरटीई एक्ट) के प्रावधानों का उल्लंघन है।

ऐसी स्थिति में दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देश पर क्षेत्र में संचालित सभी शैक्षणिक संस्थानों की जांच कराई जाएगी, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और मानक के अनुरूप शिक्षा प्राप्त हो सके।

# पुलिस चौकी से 20 मीटर दूर जमकर हुई मारपीट




कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। सिविल लाइन चौकी से मात्र 20 मीटर दूरी पर जमकर मारपीट हुई लेकिन पुलिस को इसकी भनक काफी देर बाद लगी, जब लोग शोर मचाने लगे। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वायरल वीडियो में होटल संचालक एक व्य?क्ति को मारते हुए दिखाई पड़ रहे हैं। वीडियो में एक सिपाही पहुंचा जो युवक को छुड़ाने में लगा था। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी मुताबिक शहर के रहने वाले विराट यादव शनिवार को अपने कुछ लोगों के साथ सिविल लाइन ?स्थित एक होटल में भोजन करने गया था। सीट को लेकर होटल संचालक से उसकी कहासुनी हो गई। देखते ही देखते हाथापाई होने लगी। मामला इतना बढ़ा कि आसपास के होटल संचालक व दुकानदार जुट गए और लाठी-डंडा से भोजन करने आए लोगों की पिटाई शुरु कर दी। देखते ही देखते भारी भीड़ एकत्र हो गई।

# पूर्वांचल उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

## बैठक में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद लोगों को दी गई श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। पूर्वांचल उद्योग व्यापार मंडल युवा के तत्वाधान में आयोजित बैठक में सर्वप्रथम पहलगाम आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों की मृत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया द्य तत्पश्चात नवगठित युवा इकाई के महानगर कार्यकारिणी की विधिवत्त घोषणा की गई द्य बैठक के बीच में ही प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात भी सुनी गई द्य बैठक का संचालन संगठनमंत्री दिलीप जायसवाल व आशीष शर्मा ने की द्य बैठक को संबोधित करते हुए दर्ज़ा प्राप्त राज्यमंत्री मुख्य अतिथि पुष्पदंत जैन ने कहा कि युवा ही देश की दिशा दशा को तय करते हैं और युवा व्यापारी समाज देश को दुनिया की तीसरी आर्थिक शक्ति बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान कर रहा है द्य व्यापारिक क्षेत्र में युवाओं के बल पर भारत नए-नए निर्माण और कीर्तिमान स्थापित कर रहा है द्यप्रांतीय अध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि पूर्वांचल उद्योग व्यापार मंडल युवा गोरखपुर इकाई निश्चय ही शहर के 42 व्यापारिक संगठनों में सबसे बेहतरीन और मजबूत संगठन उभर कर व्यापारिक हितों में महत्वपूर्ण योगदान का निर्वहन करेगी द्य आज की बैठक में युवाओं की जोश और संख्या से स्पष्ट है द्य उन्होंने कहा कि संगठन किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न होने नहीं देगा द्य किसी भी विभाग या अधिकारी के मनमाने रवैया के खिलाफ पूर्वांचल उद्योग व्यापार मंडल युवा सड़कों से लेकर कार्यालय तक व्यापारी हित में संघर्ष करने से नहीं चूकेगी द्य पूर्वांचल उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष मणिनाथ गुप्ता व उपाध्यक्ष शिवराज मलकानी ने कहा कि व्यापारी अपनी शक्ति का दुरुपयोग कभी नहीं होने देता है द्य हमें संगठन को मजबूत करते हुए समाज और व्यापारी हित में काम करते रहना है, जिससे हमारी पहचान और शक्ति में निरंतर वृद्धि होती रहेगी द्य एक दूसरे का सहारा बनकर व्यापारी समाज को संगठित करना ही संगठन का लक्ष्य होना चाहिए द्यपहलगाम हमले की कड़ी निंदा करते हुए व्यापारी नेता अशोक गुप्ता ने कहा इजराइल हमले की तर्ज पर पहलगाम में धर्म पूछ कर गोली मारने वाले पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों को भारत सरकार कड़ा दंड देने की दिशा में बढ़ चुकी है द्य देश के एक-एक नागरिक इस आतंकी हमले से दुखी हैऔरआश्वावस्त है कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सुरक्षा हित में उठाया गया निर्णय विश्व पटल पर भारत को एक मजबूत सशक्त और संगठित देश के रूप में उभारेगाअपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में आदित्य गुप्ता ने नवगठित महानगर कार्यकारिणी युवा मित्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे विश्वास और मनोयोग के साथ अपने व्यापार को सुचारू ढंग से व्यवस्थित रखते हुए कुछ समय बचाकर देशहित, समाजहित,व्यापारी हित में लगाना प्रत्येक युवाओं के आदत और चरित्र में शुमार होना चाहिए,हमारे द्वारा आज किया गया कार्य निश्चय ही अगली पीढ़ी को सीख के साथ और बेहतर आधार देने का कार्य करेगी,हम सबको मोती की तरह एक ही धागे में डलकर माला बनने का कार्य करना होगा तभी हम समाज को कुछ बेहतर दे सकते हैं उपाध्यक्षगण प्रमोदअवस्थी,राजेश शिलाकुर,विंध्यवासिनी अग्रहरि,महामंत्री दिलीप जायसवाल,मंत्रीगण अंबिके प्रजापति,अमर चौबे,प्रदीप यादव,मीडिया प्रभारी आकाश चौहान,सोशल मीडिया प्रभारी इं विनीत मिश्र,आशीष शर्मा ार्यकारिणी सदस्यगण बलवंत दिवाकर,सचिन गुप्ता,मनोज गुप्ता,रवि गुप्ता(गोलू)आशीष गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# पसमांदा मुसलमानों को अधिकार दिलाने को लेकर अखिलेश यादव से मिले शमशाद आलम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। पसमांदा मुसलमान हमेशा से समाजवादी पार्टी के साथ रहा है औरआगे भी रहकर वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में सरकार बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। यह बातें जमिअतुर राईन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं ऑल इण्डिया ओबीसी मंच के राष्ट्रीय संयोजक एडवोकेट शमशाद आलम राईन ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से पसमांदा मुसलमानों को उनका वाजिब अधिकार दिलाने की मांग को लेकर लखनऊ कार्यालय में मुलाकात की। उन्होंने कहा कि कई राज्यों ने पिछड़े मुसलमानों की तरक्की के लिए अपना सरकारी खजाना खोल दिया है। परन्तु उत्तर प्रदेश में पसमांदा मुसलमानों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में पसमांदा मुसलमान समाजवादी पार्टी का खुलकर समर्थन करेगा। राईन ने उम्मीद जाहिर करते हुए कहा कि सपा नेतृत्व की ओर से प्रधानी चुनाव से लेकर विधानसभा और लोकसभा चुनाव तक में पसमांदा मुसलमानों को प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। उम्मीदवार बनाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में मुसलमानों के दर्द को बांटने के बहाने वोट बांटने आयेंगे लेकिन किसी भी कीमत पर सपा के वोट को बंटने नहीं दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा क्षेत्र का चुनाव समाजवादी के पक्ष में होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पसमांदा मुसलमानो को भ्रमित करने के लिए भाजपा पसमांदा महाज बनाकर केवल गुमराह करने का काम किया।

# विधवा महिला को सिर्फ आश्वासन पर आश्वासन दो साल से लगा रही चक्कर नहीं मिली पेंशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। विधवा, वृद्धा और दिव्यांगजनों क़ो समय पर पेंशन के तमाम दावे किए जाते हैं,लेकिन यह दावे धरातल पर कितनी उतर रहे है यह जानने के लिए कैनविज टाइम्स की टीम ने इसे लेकर पड़ताल की जहां कई ऐसे मामले सामने आए हैं,जिसमें पेंशन के लिए पात्रों को सरकारी अफसरो के दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

उन्हें मिल रहा है तो सिर्फ आश्वासन की घुट्टी।दरअसल,शासन ने प्रावधान कि या था कि वृद्धा,दिव्यांग और विधवा पेंशन ऑनला इन आवेदन करने के बाद 45 दिन के अंदर पात्र व्यक्ति को मिलनी शुरू हो जानी चाहिए।पेंशन की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी गई थी।सभी विभा गों को 45 दिन के अंदर सत्यापन कर रिपोर्ट लगा ने और शासन को फार्म फारवर्ड करने के निर्देश दि ए थे।शासन ने पेंशन देने की प्रक्रिया को आसान किया था,लेकिन गोण्डा जिले में इस योजना में अ नियमितता बरती जा रही है।कर्नलगंज तहसील में फार्म पर रिपोर्ट नहीं लग रही है न ही सत्यापन हो रहा है।करनैलगंज तहसील क्षेत्र की एक विधवा म हिला निवासी सुक्खा पुरवा ननकई देवी ने चौबीस मार्च 2023 क़ो विधवा पेंशन के लिए आवेदन कि या था लेकिन आज दो साल से अधिक बीत गए है विधवा महिला को आज तक पेंशन नहीं मिली है।ननकई देवी का कहना है कि उसे कर्नलगंज तहसी ल और ब्लॉक में दो साल तक हर बार सिर्फ आश्वा सन देकर वापस भेज दिया जाता है।आज में बहुत पूछताछ करके किसी तरह करनैलगंज से गोण्डा मुख्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी के ऑफिस किसी तरह पूछ पूछ कर पहुंची हूं लेकिन वहां पर भी सिर्फ अवसासन ही दिया गया है।ननकई देवी का कहना है कि उसने पति की मृत्यु के बाद विध वा पेंशन के लिए आवेदन किया था।दो वर्ष बीत चुके हैं,लेकिन उनके खाते में पेंशन नहीं आई है।वहीं महिला के विधवा पेंशन की जानकारी के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी से संपर्क करने की क़ो शिश की गई तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया और जानकारी नहीं मिल पाई है।

# अवैध खनन पर विभाग ने की बड़ी कार्यवाही,दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक लोडर सीज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन गतिविधि यों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।रविवार रात लगभग 11:30 बजे खनन विभाग की टीम ने एक गुप्त सूचना के आधार पर कटरा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम रूपन पुरवा,मौजा देवा परसिया (तहसील करनैलगंज) में छापेमारी की।छापेमारी के दौरान अवैध खनन में संलिप्त कुछ व्यक्तियों ने खनन विभाग की टीम पर पथराव करने का प्रयास किया।हालांकि मौके पर तैनात पुलिस बल की तत्परता और सतर्कता से स्थिति तुरंत नियंत्रित कर ली गई और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं होने दी गई।

खनन अधिकारी डॉ.अभय रंजन के नेतृत्व में कार्रवाई कर रही टीम ने मौके से दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक ट्रैक्टर-लोडर को जब्त किया।प्रारंभिक जांच में पा या गया कि इन वाहनों का उपयोग अवैध खनन सामग्री के परिवहन में किया जा रहा था।घटना स्थल से तेजनारायण मिश्रा नामक व्यक्ति अवैध खनन में संलिप्त पाया गया।उनके अलावा वाहन चालक विकास बाबू,पिंटू दीक्षित और देवेंद्र कुमार तिवारी की भी अवैध गतिविधियों में संलि प्तता सामने आई है।सभी आरोपियों के विरुद्ध नियमा नुसार विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

खनन अधिकारी डॉ.अभय रंजन ने बताया कि जिला प्र शासन अवैध खनन गतिविधियों पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए लगातार सघन जांच और छापेमारी अभियान चला रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार की कार्रवाई कर अवैध खनन में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कठोरतम का र्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन की किसी भी गतिविधि को किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# परिवहन विभाग ने स्कूली बसों पर कसा शिकंजा, 50 स्कूलों के संचालक को नोटिस जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। स्कूलों में बिना परमिट और फिटनेस के चल रहे वाहनों पर परिवहन विभाग ने नकेल कसने की तैयारी शुरू कर दी है।जिले में 116 बसों की फिटनेस या सम य सीमा पूरी हो गईं है।ऐसे में संभागीय परिवहन विभा ग ने स्कूल संचालकों के साथ ही बस स्वामियों को नो टिस जारी किए है।संभागीय परिवहन विभाग के अनु सार जनपद में 683,स्कूली बसे पंजीकृत है।जिसमे 116 स्कूली वाहन बिना फिटनेस के संचालित हो रही हैं।वही कुछ वाहन परिवहन विभाग में तो पंजीकृत हैं, मगर उनका उल्लेख स्कूलों में ट्रांसपोर्ट का नहीं है। इ सके बावजूद वे बच्चों को लाने व ले जाने में लगी हैं।जो बच्चों की जान के लिए गंभीर खतरा बन सकती हैं।इसको लेकर ही संभागीय परिवहन विभाग ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूलों में लगी बसों के कागजात सहित फिटनेस प्रमाणपत्र,बीमा प्रमाणपत्र,परमिट, प्रदू षण नियंत्रण प्रमाणपत्र को जांच के लिए देखा जा रहा है। परिवहन विभाग के इस शक्ति के बाद अब स्कूल प्रबंधकों में हड़कंप मच गया है।संभागीय परिवहन अ धिकारी (एआरटीओ )आरसी भारती ने 50 स्कूलों के प्रबंधक को नोटिस जारी कर तत्काल फिटनेस करा ने के निर्देश दिए हैं,साथ ही चेतावनी दी है कि तय समय सीमा में फिनेस प्रमाण पत्र न करने पर संबंधित वाह नों का पंजीयन निलंबित कर दिया जाएगा, और भारी जुर्माना वसूला जाएगा और यह अभियान लगातार च लतार चलता रहेगा।बॉक्सचेतावनी के बाद स्कूल संचालक कर रहे लापरवाहीपरिवहन विभाग के चेतावनी के वाजूद भी स्कूल संचा लक बच्चों के साथ लापरवाही बरत रहे हैं,और बिनाफिट नेस के स्कूली वाहन सड़कों पर दौड़ा रहे हैं।वही परिवहन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी रूप से अनफिट वाहनों का संचालन बच्चों की सुरक्षा के साथ सीधा खिलवाड़ है।जल्द ही नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू होगी। स्कूली वाहनों की बदहाली से अभिभावकों में भी गहरी नाराजगी है,कई अभिभा वकों ने कहा कि बिना फिटनेस वाले वाहनों से उनके बच्चों को जोखिम में डाला जा रहा है। अभाव को नहीं मांग की है कि ई-रिक्शा जैसे असुरक्षित वाहनों से ब च्चों को स्कूल भेजने पर रोक लगे और उन पर कड़ी कार्रवाई हो।

# मतदान को लेकर पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ बैठक सम्पन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष, जोनल सेक्रेटरी एन एफ आई आर रमेश मिश्रा व महामंत्री , सहायक महामंत्री एन एफ आई आर विनोद राय ने 27 अप्रैल 2025 को एक आवश्यक बैठक किया जिसमें वर्ष 2024 में चुनाव में मिले गुप्त मतदान के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा किया। इसी अवसर पर दिनांक 13 अप्रैल 2025 को मुख्यालय मंडल गोरखपुर की तदर्थ गठित कार्यकारिणी का जिसमें मुख्यालय मंडल अध्यक्ष संजीव धर और मंडल मंत्री फिरोजुल हक को स्वरसमत से चुना गया था, उनका जोरदार स्वागत कार्यकारिणी अध्यक्ष / जोनल सेक्रेटरी एन एफ आई आर श्री रमेश मिश्रा जी और महामंत्री / सहायक महामंत्री एन एफ आई आर श्री विनोद राय जी द्वारा मुख्यालय मंडल के मंडल अध्यक्ष संजीव धर और मंडल मंत्री फिरोज़ उल हक को माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया और यह भी बताया गया कि मुख्यालय मंडल अध्यक्ष और मंडल मंत्री आने वाले दो माह के अंदर मुख्यालय मंडल के कार्यकारी का गठन विस्तृत रूप से करेंगे इसी मौके पर उपस्थित कार्यकारी सदस्यो , पदाधिकारी गणों के द्वारा व कर्मचारियों ने मुख्यालय मंडल अध्यक्ष और मंडल मंत्री मुख्यालय को माला पहना कर जोरदार स्वागत किया। इसी अवसर पर यह भी चर्चा हुआ कि किसी भी मंडल में सेवानिवृत्ति पदाधिकारी द्यनहीं रहेंगे और नई कार्यकारिणी का गठन हर एक मंडलों में लगातार किया जाएगा और सभी मंडलों मैं सदस्यो को बढ़ाने

## तहसील महसी से निर्गत आय प्रमाण-पत्र हुआ निरस्त

**बहराइच ।** तहसीलदार महसी ने बताया कि क्षेत्रीय लेखपाल श्रीमती अर्चना सिंह एवं नायब तहसीलदार तजवापुर द्वारा प्रस्तुत जांच आख्या 25 अप्रैल 2025 के आधार पर ग्राम गोपचंदपुर, परगना फखरपुर, तहसील महसी निवासी अवनीश कुमार पुत्र विजय बहादुर बाजपेयी के पक्ष में तहसील महसी द्वारा निर्गत आय प्रमाण पत्र आवेदन संख्या 241800010152694 व प्रमाण पत्र संख्या 502241019199 को निरस्त किया जाता है। तहसीलदार महसी ने बताया कि उपरोक्त आय प्रमाण पत्र का उपयोग किसी भी राजकीय योजना के लाभ, व्यवसाय, नौकरी आदि के लिये नही किया जायेगा, यदि आवेदक द्वारा इसका उपयोग किया जाता है तो वह नियमों के विपरीत होगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित की होगी।

## स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक 30 अप्रैल कोब

**बहराइच ।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत जनपद में संचालित महत्वपूर्ण गतिविधियों की समीक्षा हेतु 30 अप्रैल 2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक आहूत की गयी है। यह जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

## कैम्पस प्लेसमेन्ट शिविर में सम्मिलित हुए 113 छात्र

**बहराइच ।** राजकीय पालीटेक्निक मोहम्मदपुर बहराइच के प्रधानाचार्य अरूण कुमार ने बताया कि शिक्षण संस्थान परिसर में लैम्बर्ट लाईटिंग प्रोडक्ट्स प्रा.लि. एवं कल्लनी आटोकास्ट प्रा.लि., ग्रेटर नोएडा द्वारा आयोजित पूल कैम्पस प्लेसमेन्ट शिविर में तथागत गौतम बुद्ध राजकीय पालीटेक्निक सिरसिया श्रावस्ती के 18, राजकीय पालीटेक्निक बहराइच के 60 एवं राजकीय पालीटेक्निक मोहम्मदपुर बहराइच, के 35 कुल 113 छात्र साक्षात्कार में सम्मिलित हुये। प्रधानाचार्य श्री कुमार ने बताया कि नियोक्ता कम्पनी द्वारा चयनित छात्रों की सूची 01 सप्ताह में उपलब्ध करायी जायेगी। प्लेसमेन्ट कार्यक्रम में शिक्षण संस्था के समस्त स्टाफ द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

## पत्रकार ही समाज का आईना है: कैप्टन वीरेन्द्र सिंह



**गोरखपुर ।** जनपद के सहजनवा तहसील स्थित मुरारी इंटर कॉलेज में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के सभी मेम्बरों के कार्ड वितरण कार्यक्रम में पहुंचे ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष कैप्टन वीरेन्द्र सिंह ने पत्रकार हित में चर्चा करते हुए बताया कि पत्रकार ही समाज के आईना है जिनकी लेखनी को सुबह सुबह आप के खबरों पर पहली नजर रहती है इस लिये आप सभी पत्रकार साथियो को हमेसा खबरों को प्रमुखता से लिखनी चाहिए वही उन्होंने पत्रकार हितों पर भी चर्चा किया वही मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश गोबिंद राव ने कहा कि तहसील इकाई के ही पत्रकार संगठन के नीव है। अगर आप चाहे संगठन को एक मजबूत दिशा में बेहतर उपलब्धि हासिल करा सकते हैं पत्रकारों को लोकतंत्र का चतुर्थ स्तंभ कहा गया है। सिर्फ सूचनाएं प्रसारित करना ही नहीं बल्कि समाज में होने वाली सभी गतिविधियों पर अपनी पैनी नजर रखना और जरूरत पड़ने पर समाज को सही दिशा दिखाते हुए। राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की जिम्मेदारी भी पत्रकारों के कंधे पर होती है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक में मुख्य अतिथि कैप्टन वीरेंद्र सिंह ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर शाहिद भारतीय नागरिकों के आत्मा के शांति के लिए शोक सभा के साथ श्रद्धांजलि भी अर्पित किए, साथ ही साथ जिला अध्यक्ष डॉक्टर विपिन शाही ने कहा अगर हमारे संगठन के पत्रकारों को लेखनी को लेकर कोई भी समस्या किसी भी विभाग के द्वारा होती है। तो संगठन अपने पत्रकार भाइयों के लिए पूरी तरह से तैयार है।

# 4 मई को जिले के 7 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी नीट-2025 की प्रवेश परीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**परीक्षा की अवधि अपरान्ह 02:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक निर्धारित है।**

बहराइच । राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी, उच्चतर शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा आगामी 04 मई 2025 को आयोजित नीट परीक्षा 2025 परीक्षा जिले के जिले के 06 शिक्षण संस्थाओं में स्थापित किये गये। कुल 07 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी। किसान पी.जी. कालेज, लखनऊ रोड बहराइच में 02 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा की अवधि अपरान्ह 02:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक निर्धारित है।

परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र हेतु अलग-अलग सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किये गये है। जबकि केन्द्रीय विद्यालय नानपारा की प्रधानाचार्या सुश्री राज कुमारी निगम को सिटी को-आर्डिनेटर नामित किया गया है।यह जानकारी देते हुए डीएम ने बताया कि 384 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र राजकीय इण्टर कालेज, छावनी सरकार गेंदघर के लिए प्रधानाचार्य नागेन्द्र कुमार को केन्द्र व्यवस्थापक व उप जिला मजिस्ट्रेट सदर श्रीमती पूजा चौधरी को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है, 384 परिक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र राजकीय बालिका इण्टर कालेज, छावनी सरकार गेंद घर के लिए प्रधानाचार्या श्रीमती किरन देवी को केन्द्र व्यवस्थापक व अति. मजिस्ट्रेट प्रथम राम दयाल को सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा 360 परिक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र आज़ाद इण्टर कालेज, चांदपुरा चौराहा के लिए प्रधानाचार्य मनोज कुमार पाण्डेय को केन्द्र व्यवस्थापक व उप जिला मजिस्ट्रेट महसी अखिलेश कुमार सिंह को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।इसी प्रकार 408 परिक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र महाराज सिंह इण्टर कालेज, सिविल लाइन, निकट इंदिरा स्टेडियम के लिए प्रधानाचार्य संतोष चन्द्र शुक्ला को केन्द्र व्यवस्थापक व उप जिला मजिस्ट्रेट नानपारा लालधर यादव को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है, 480 परिक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र महिला महाविद्यालय, सिविल लाइन के लिए प्राचार्या प्रो. श्रीमती प्रिया मुखर्जी को केन्द्र व्यवस्थापक व उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक कैसरगंज प्रकाश सिंह को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।

जबकि 480 परिक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र किसान पी.जी. कालेज, ब्लाक-ए के लिए प्राचार्य प्रो. विनय सक्सेना को केन्द्र व्यवस्थापक व उप जिला मजिस्ट्रेट पयागपुर राकेश कुमार मौर्या को सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा 480 परिक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र किसान पी.जी. कालेज, ब्लाक-बी हेतु प्रो. ओम प्रकाश सोनी को केन्द्र व्यवस्थापक व उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक नानपारा संजय कुमार को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।

# बाल विवाह पर हो सकती है 2 वर्ष की सजा के साथ 1 लाख का जुर्माना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय ने बताया कि किसी भी बालिका जिसने अपनी आयु 18 वर्ष पूर्ण न की हो एवं किसी भी बालक/युवा जिसने अपनी आयु 21 वर्ष पूर्ण न की हो, का विवाह कराया जाना प्रतिबन्धित है। बाल विवाह प्रतिषेध अनिधिनियम 2006 के अन्तर्गत बाल विवाह एक दण्डनीय अपराध है तथा बाल विवाह में प्रतिभाग करने वाले व्यक्तियों पर भी कानूनी कार्यवाही का प्राविधान किया गया है। बाल विवाह प्रतिषेध अनिधिनियम 2006 के प्राविधानों के अन्तर्गत बाल विवाह करने वाले पुरूष वयस्क के लिए एवं बाल विवाह का अनुष्ठान करने वाले व्यक्तियों के लिए 02 वर्ष के कठोर कारावास अथवा 01 लाख रूपये का जुर्माना अथवा दोनों का प्राविधान है। बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है जिसके शारीरिक एवं मानसिक रूप से गम्भीर दुष्प्रभाव होते हैं।जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि अक्षय तृतीया (आखा तीज) के अवसर पर बाल विवाह करने की रूढ़िवादी परम्परा समाज में प्रचलित है। इस वर्ष अक्षय तृतीया 30 अप्रैल 2025 को पड़ रही है। बाल विवाह के रोकथाम हेतु बाल विवाह में सम्मिलित व्यक्तियों के विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

वैवाहिक आयोजन कराने वाले प्रिन्टिंग प्रेस, टेन्ट व्यवसायी, मैरिज हॉल, बैण्ड वाजा, कैटर्स, फोटोग्राफर, पुरोहित/मोलवी इत्यादि व्यक्तियों एवं संस्थाओं से भी अपेक्षा की गयी है कि वैवाहिक आयोजन कराने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि वधू की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष से कम न हो। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने आमजन से अपील की है कि बाल विवाह से सम्बन्धित कोई प्रकरण संज्ञान में आता है तो तत्काल 112, 181, 1098, 1090 नम्बर या स्थानीय पुलिस स्टेशन/चौकी को सूचित कर दें, जिससे बाल विवाह को रोका जा सके।

# डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़ा का हुआ समापन

## बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर जयंती पखवाड़ा कार्य योजना का हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर । बेसिक के परिषद के स्कूलों में शासन आदेश के अनुसार संविधान निर्माता डॉ बाबा साहब भीम राव अंबेडकर जयन्ती की कार्ययोजना पखवाड़ा जो 14 अप्रैल 2025 से लेकर 28अप्रैल 2025 तक चला जिसमें अलग अलग दिनांक को अलग अलग गति विधि का आयोजन कार्ययोजना के अनुसार हुआ इसी उपलक्ष्य में पूरनपुर विकास खण्ड के कंपोजिट विद्यालय गढ़ा कला स्कूल में पूरा पखवाड़ा कार्ययोजना के अनुसार मनाया गया है।जिसमें अलग अलग दिवस को अलग अलग गति विधि का आयोजन कराया गया उसमें गति विधि में बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर जी के जीवन से प्रेरणा लेने हेतु विचारों को ध्यान मे रखते हुए आपसी भाई चारे को बढावा दिए जाने हेतु संकल्प आत्मक शपथ दिलाकर पखवाड़े का समापन किया समस्त स्टाफ ने शपथ ली और नोडल संकुल अध्यापक हुकुम सिंह ने बताया कि बाबा साहब भीम राव अंबेडकर जी के बताए हुए मार्ग पर चलकर ही सर्व समाज का भला होगा और एक स्वच्छ समता मूलक समाज का निर्माण होगा उनके तीन मूलमंत्र शिक्षित बनो संगठित रहो और संघर्ष करो को सभी छात्रों को अपने जीवन मे ग्रहण करके अपना सर्वांगीण विकास कर सकेंगे.इस उपलक्ष्य में मंजू रानी इंचार्ज अध्यापिका, अध्यापक सोहन ,ममता देवी शिक्षा मित्र सभी ने पखवाड़ा कार्ययोजना में प्रतिभाग किया है।

# अटेवा ने अपना धरना किया स्थगित

कैनविज टाइम्स संवाददातान्यूज

## पहलगाम आतंकी घटना का पुरजोर विरोध

सुल्तानपुर । पहलगाम हमले के बाद देश के बर्तमान हालात को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा दिल्ली जंतर मंतर का धरना कैंसिल कर दिया गया । अटेवा संकट के समय राष्ट्र के साथ है और आतंकवादी गतिविधियों का पूर्ण रूपेण विरोध करता है।पुरानी पेंशन के समर्थन में विरोध के स्वरूप को बदलते हुए 30 अप्रैल को ब पर ट्यूटर अभियान चलाना है एवं 1 मई को प्रत्येक जिला मुख्यालय पर आतंकवाद एवं उग्रता के खिलाफ देश के समर्थन में कैंडल मार्च निकाल कर पहलगाम में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि देकर अपनी एकजुटता प्रदर्शित करना है । हमारे अपने देशवासी हैं, देश का सम्मान और स्वाभिमान है इस देश के लिए हम सभी कुछ भी कर गुजरने के लिए तैयार हैं। भारत दुनिया का सबसे खूबसूरत मुल्क है हम सभी देशवासी इस मुल्क की एकता और अखंडता को अक्षुण बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। धरना स्थगित करने से हमारे कुछ साथी निराश होंगे क्योंकि उनकी बृहद् तैयारी थी। लाखों की संख्या में दिल्ली पहुंचने वाले थे परंतु उन सभी से मैं कहना चाहता हूं कि कभी-कभी देश हित में कुछ बड़े फैसले लेने पड़ते हैं और वर्तमान में ऐसा महसूस हो रहा है कि- 'हम सभी को देश के साथ, सरकार के साथ, देश के नागरिकों के साथ, सेना के साथ खड़े होना परमावश्यक है। सामान्य परिस्थितियों होंगी तो हम सभी पूरे जोश-खरोश के साथ अपने हक की आवाज को बुलंद करेंगे। विजय बंधु,इसी के साथ प्रधानमंत्री आपसे विनम्र निवेदन है कि आतंकी घटना के बाद जब हवाई जहाज कंपनियों को नागरिकों की मदद व सहायता करनी चाहिए उस समय भी हमारे देश के हवाई जहाज कंपनियों ने मदद करने के बजाय चार-पांच गुना किराए में वृद्धि कर देशवासियों को लूटने का काम किया है जो बहुत ही शर्मनाक है इसीलिए गख्र्घ्ट्ट निजीकरण के खिलाफ है और राष्ट्रीयकरण के पक्ष में, इससे सीख लेते हुए सरकारी संस्थाओं का राष्ट्रीयकरण किया जाना चाहिए साथ ही सेना में खाली लाखों पदों को अविलंब स्थाई रूप से भरा जाना चाहिए।हमारी सेना हमारे देश के अर्द्ध सैनिक बल हमारी ताकत हैं। हमारे देश की शान है देश के अर्द्धसैनिक बलों को ग्घ्ट्ट देकर हम उन्हें बल प्रदान कर सकते हैं जो राष्ट्र हित में ही होगा।हमारा संगठन देश व सरकार के साथ कदमताल करते हुए फैसला लिया है कि 30 अप्रैल 2025 को हम देश के करोड़ो शिक्षक/ कर्मचारी व अधिकारी ङ्ग अभियान चलाएंगे तथा 1 मई को देश के प्रत्येक जिला मुख्यालयों पर आतंकवाद/उग्रवाद के खिलाफ तथा देश के समर्थन में 'कैंडिल मार्च' निकालकर अपनी चट्टानी एकजुटता का प्रदर्शित करेंगे। अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि आतंकवाद / उग्रवाद के खिलाफ आप ठोस और निर्णायक फैसला ले तथा आतंकवादियों पर कड़ी कार्रवाई करने की कृपा करें। देश की एकता अखंडता के विषय पर गख्र्घ्ट्ट आपके साथ खड़ा है,खड़ा रहेगा। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी मनोज प्रभाकर सिंह सुल्तानपुर ने दी है।

## चोरी की सामग्री के साथ एक युवक गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना रामगंज पुलिस ने भादर के एक घर से चोरी कर सामग्री पार करने के अभियोग में प्रकाश में आये एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने चोरी की एक अदद रियलमी टीवी, डिश बॉक्स एवं तीन सौ रुपया बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना रामगंज के उप निरीक्षक जंग बहादुर यादव मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर चोरी के मामले में प्रकाश में आये शेरू मिश्रा उर्फ विवेक मिश्रा पुत्र हरिकेश मिश्रा उर्फ बबलू निवासी भावापुर थाना रामगंज को खरगापुर मोड़ के पास से समय करीब पौने नौ बजे सुबह गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम ने पकड़े गये युवक के कब्जे से एक एलसीडी रियलमी टीवी,एक डिश बॉक्स एवं तीन सौ रुपया बरामद हुआ। पुलिस टीम द्वारा की पूंछतांछ में युवक ने बताया कि बीती छब्बीस अप्रैल की रात्रि में मैंने ग्राम भादर के एक घर से एक एलसीडी रियलमी टीवी,क डिश बॉक्स, एवं चार बोतल कोल्ड ड्रिंक,एक डिब्बी सिगरेट चुरा लिया था जिसमें से कोल्ड ड्रिंक व सिगरट मैने पीकर खत्म कर दी है

## पुलिस ने तमंचा के साथ युवक को पकड़ा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस ने एक अदद तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर उप निरीक्षक सत्य प्रकाश मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर वीरेन्द्र यादव उर्फ वीपन यादव पुत्र राजेन्द्र यादव निवासी ग्राम गुलजार का पुरवा मौजा पूरे पहलवान थाना मुसाफिरखाना को कादूनाला रेलवे अण्डरपास के पास से एक अदद तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बारह बोर के साथ गिरफ्तार किया है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## सीसीटीएनएस रैंकिंग में अमेठी जनपद ने प्रथम स्थान किया हासिल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सीसीटीएनएस रैंकिंग माह मार्च में जनपद अमेठी को शत प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के कुशल निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार (नोडल अधिकारी सीसीटीएनएस) के पर्यवेक्षण में व प्रभारी सीसीटीएनएस निरीक्षक चन्द्रशेखर के कुशल नेतृत्व में क्राइम एण्ड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क ट्टभपप्द्धद्वप (सीसीटीएनएस)में पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय उ0प्र0 द्वारा माह मार्च हेतु जारी की गयी रैंकिंग में जनपद अमेठी पुलिस को एक सौ प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकि सेवाएं मुख्यालय लखनऊ द्वारा अमेठी पुलिस के सर्वोच्च प्रदर्शन के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार (नोडल अधिकारी सीसीटीएनएस) एवं जनपदीय कोऑर्डिनेटर अनुज कुमार शुक्ल (कंप्यूटर ऑपरेटर)को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सराहना की गई। उक्त सराहनीय कार्य के लिये पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय व जनपद के थानों पर सीसीटीएनएस में नियुक्त पुलिस कर्मियों को उत्साहवर्धन हेतु नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है।

## बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए चाइल्डफंड इंडिया का सराहनीय कदम

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। चाइल्डफंड इंडिया, जो 1984 से भारत में पंजीकृत बाल विकास संगठन है, एक ऐसा भारत जहाँ बच्चे गरिमापूर्ण जीवन जी सकें और अपनी पूरी क्षमता प्राप्त कर सकें के विजन के साथ काम कर रहा है। सुल्तानपुर जिले के कुरेभार ब्लॉक में चाइल्डफंड इंडिया ने आईसीडीएस और शिक्षा विभाग के सहयोग से 6 आंगनवाड़ी केंद्रों को मॉडल आंगनवाड़ी के रूप में विकसित किया है तथा रामरती इंटर कॉलेज द्वारिकागंज और गौरा इंटर कॉलेज में स्टैम सेंटर की स्थापना की है। प्रशांत कुमार, सीनियर प्रोग्राम आफीसर चाइल्डफंड इंडिया के नेतृत्व में मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों में बीएलईएस कार्य, लर्निंग व खेल सामग्री, हाइजीन मिरर, फर्स्ट एड बॉक्स और स्वच्छ जल की व्यवस्था की गई है। स्टैम सेंटर में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित की प्रयोगशालाएँ स्थापित की गई हैं, जहाँ बच्चों को ल्लकरके सीखनेल्ल पर जोर दिया जा रहा है। आईटीसी पैनल के माध्यम से कक्षा 6 से 12 तक के हिंदी और सीबीएसई माध्यम के सभी विषयों की सामग्री उपलब्ध है, जिससे बच्चे विषयों को सरलता से समझ पा रहे हैं।

## शादी के पहले ही चोरों ने सेंध काटकर लाखों के जेवर उड़ाए, मकदमा हुआ दर्ज

बल्दीराय/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसीलान्तर्गत थाना बल्दीराय के गदियाना गांव में चोरों ने एक घर मे सेंघ लगाकर लाखों के गहने उड़ा लिए। पीड़ित के तहरीर मकदमा दर्ज कर पुलिस छानबीन कर रही है। विगत तेईस अप्रैल की रात चोरों ने गदियाना निवासी इश्तियाक अहमद पुत्र जब्बार के घर दीवार में सेंध काटकर साढ़े तीन तोला सोना व 440ग्राम चांदी तथा 97000-/नगद चुरा लिए । ज्ञात हो कि अगले सात मई को इशियाक के दोपुत्रियों की शादी तय थी किन्तु चोरों में पहले ही निश्चिंतता पूर्वक चोरी को अंजाम देकर ,थाना पुलिस को चुनौती दे दी है। इस बावत थानाध्यक्ष न बताया कि तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन की जा रही है।

## झोलाछाप डॉक्टर चढा रहा था ड्रिप, स्वास्थ्य विभाग ने दुकान को किया सीज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सीएमओ डॉ आलोक कुमार से एक व्यक्ति के द्वारा झोलाछाप डॉक्टर की शिकायत की गई थी। इस पर सीएमओ ने पूरनपुर एमओआईसी डॉ मनीष कुमार शर्मा को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। शिकायत पर एमओआईसी स्वास्थ्य विभाग की टीम व पुलिस के साथ कढैर चौरा गांव में पहुंचे इस दौरान देखा कि झोलाछाप डॉक्टर दुकान खोल बैठा है और एक मरीज को भर्ती कर ड्रिप चढ़ा रहा है। इस दौरान उस से दस्तावेज मांगे पर वह अस्पताल से संबंधित कौई भी दस्तावेज नहीं दिखा सका। जिसके बाद दुकान को सीज कर मामले की रिपोर्ट पीलीभीत सीएमओ को और कार्रवाई के लिए कोतवाल को बता दिया गया है। तहसील क्षेत्र में लगातार फर्जी अस्पतालों का गिराफ बड़ रहा हैं ।झोलाछाप मरीजों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। एमओआईसी डॉ मनीष राज शर्मा ने बताया कि झोलाछाप डॉक्टर की दुकान को सीज कर मामले की रिपोर्ट सीएमओ को भेजी गई है और कोतवाल से कार्रवाई के लिए कहा है।

# संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत पंजीकृत श्रमिकों को मिलेगी एक मुश्त सहायता राशि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी,सहायक श्रमायुक्त गोविन्द यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा विभिन्न कार्यो में लगे निर्माण श्रमिकों के हितार्थ कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है जिसके अन्तर्गत ऐसे सभी निर्माण श्रमिक जिनकी आयु अठारह से साठ वर्ष की हो और पिछले बारह माहों में नब्बे दिवस का निर्माण कार्य मनरेगा कार्य किया हो पंजीयन के पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि पंजीयन हेतु सम्बन्धित श्रमिक अपनी फोटो, आधार, बैंक पासबुक, स्वयं का घोषणा पत्र व परिवार विवरण लेकर निकटतम जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से अथवा बोर्ड की वेबसाइट पर तीन वर्ष हेतु निर्धारित शुल्क अस्सी रुपया (बीस रुपया पंजीयन शुल्क, साठ रुपया अंशदान) जमा कर अपना पंजीकरण करा सकते है। उन्होंने बताया वर्तमान में संचालित संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत पंजीकृत श्रमिक परिवार के अधिकतम दो बच्चों के शिक्षा प्रोत्साहन के लिए एक मुश्त सहायता राशि प्रदान की जाती है जिसके तहत कक्षा एक से बारह तक दो हजार रुपया से तीन हजार रुपया एवं स्नातक आईटीआई पालीटेक्निक हेतु बारह हजार रुपया तथा स्नातकोत्तर हेतु चौबीस हजार रुपया, प्रोफ़ेशनल डिग्री कोर्स हेतु साठ हजार रुपया, मेडिकल डिग्री कोर्स हेतु शुल्क का शत प्रतिशत प्रतिपूर्ति एवं अनुसंधान हेतु एक लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाती है। इस क्रम में उन्होंने बताया कि कक्षा नौ से बारह के उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को एक बार साइकिल पर सब्सिडी दी जाती है इसके अतिरिक्त हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट में सत्तर प्रतिशत अंक पाने वाले बालक को पांच हजार रुपया एवं बालिकाओं को आठ हजार एवं स्नातक व स्नातकोत्तर में साठ प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले बालक को दस हजार रुपया एवं बालिकाओं को बारह हजार रुपया अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उक्त योजना के तहत आवेदन पंजीकरण के एक वर्ष उपरान्त ऑनलाइन पोर्टल पर किया जायेगा तथा आवेदन के साथ उत्तीर्ण कक्षा का अंक प्रमाण पत्र, कक्षा में प्रवेश सम्बन्धी शुल्क रसीद, स्वघोषणा पत्र,नब्बे दिन का कार्य प्रमाण पत्र, अध्ययनरत होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र, बच्चे का आधार कार्ड, बैंक पासबुक की प्रति आवेदन के साथ ऑनलाइन संलग्न की जायेगी। उन्होंने बताया कि योजना से सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिए उपरोक्त बोर्ड की वेबसाइट अथवा जनपद के सहायक श्रमायुक्त ब्लॉक परिसर गौरीगंज के कार्यालय में किसी भी कार्य अवधि में सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

# ब्लॉक परिसर में एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम के अन्तर्गत मरौरी ब्लाक में सभागार में सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जनपद शाहजहांपुर की विधानसभा तिलहर की भाजपा विधायिका सलोना कुशवाहा रही हैं। उन्होंने अपने उद्बोधन से सभी का मार्गदर्शन किया एक राष्ट्र एक चुनाव के महत्व को बताया इससे हमारे देश के भविष्य पर बहुत गहरा और अच्छा प्रभाव होगा साथ ही समय एवं धन दोनों की बचत होगी सभा की अध्यक्षता रेखा परिहार जिला उपाध्यक्ष ने की कार्यक्रम संयोजक गीता मिश्रा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष,सह संयोजक सभ्यता वर्मा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष एवं ब्लाक प्रमुख मरौरी ब्लाक, रेनू राज महिला मोर्चा जिला महामंत्री एवं जिला पंचायत सदस्य ने कार्यक्रम का संचालन किया ,सहसंयोजक शशि वाला कटिहार जिला महामंत्री महिला मोर्चा, प्रेमलता गौतम जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, डॉक्टर अनुरीता सक्सेना नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा, नीलम सक्सेना नगर उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, लक्ष्मी अग्रवाल नगर उपाध्यक्ष महिला मोर्चा एवं शकुंतला देवी, परमजीत कौर आदि ने भी कार्यक्रम में अपने उद्बोधन से सभी का मार्गदर्शन किया एक राष्ट्र एक चुनाव के महत्व को अपने अपने शब्दों में बताया हैं। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं।

# पुलिस ने भाजपा नेता की हत्या के प्रयास में चार लोगों को भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## शिवरतनगंज पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लोहे की सरिया पाइप और लकड़ी की फंटी किया बरामद

अमेठी । थाना शिवरतनगंज पुलिस ने भाजपा के मण्डल उपाध्यक्ष की हत्या के प्रयास के अभियोग में वांछित चार लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तीन अदद लकड़ी की फन्टी,दो अदद लोहे की पाइप,तीन अदद लोहे की सरिया बरामद किया है। थाना क्षेत्र के गांव माठागांव निवासी भाजपा सिंहपुर के मण्डल उपाध्यक्ष विपिन सिंह शनिवार की रात में गोयन गांव में आयोजित तिलक समारोह से वापस अपने घर लौट रहे थे। पुलिस ने चचेरे भाई की तहरीर पर अभियोग दर्जकर आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। स्थानीय पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हत्या के प्रयास वांछित अमन गूजर पुत्र अम्बर गूजर निवासी ग्राम माठागांव मजरे महिया सिन्दुरिया को कुकहारामपुर मोड़ के पास से समय करीब नौ बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम ने गिरफ्तार युवक की निशानदेही पर घटना स्थल के पास पुवाल के ढेर से घटना में प्रयुक्त तीन अदद लकड़ी की फन्टी, दो अदद लोहे की पाइप व तीन अदद लोहे की सरिया बरामद की गयी।इसी क्रम में सोमवार को थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित गिरजाशंकर पुत्र विशम्भर, देवेश शुक्ला पुत्र गिरजाशंकर,सुयश शुक्ला पुत्र गिरजाशंकर को आरोपियों के घर के पास से गिरफ्तार किया गया तथा एक बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस निगरानी में लिया गया। इस सम्बंध में थाना शिवरतनगंज के थानाध्यक्ष सच्चिदानंद राय ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों को जेल भेज दिया गया है और अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# जिला सुरक्षा संगठन के पुनर्गठन व विस्तार को लेकर बैठक आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। ज़िला सुरक्षा संगठन के अध्यक्ष डॉ.राजीव श्रीवास्तव व महासचिव हाजी मोहम्मद इलियास खान नेतृत्व में संगठन के पुनर्गठन व विस्तार को लेकर वार्ड अध्यक्षों के साथ एक बैठक संगठन के अध्यक्ष डॉ.राजीव श्रीवास्तव के निवास बढ़ैयावीर में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों के साथ चर्चा हुई कि किस तरह संगठन को और सक्रिय किया जाए। सभी पदाधिकारियों ने एक मत से निर्णय लिया कि जो वार्ड अध्यक्ष निष्क्रिय हो गए हैं, उनके स्थान पर दूसरे सक्रिय सदस्य को वार्ड अध्यक्ष की ज़िम्मेदारी दी जाए और कार्यकारिणी में भी जो पदाधिकारी सक्रिय नहीं हैं उनके स्थान पर भी दूसरे को मौका दिया जाए। साथ ही साथ सक्रियता और विस्तार के सम्बन्ध में प्रत्येक शनिवार को क्रमशः वार्ड अध्यक्षों के साथ बैठकें निरन्तर हो रही हैं। आने वाले शनिवार को क्रमशः वार्ड नं 11 से 15 की बैठक होनी है। तदुपरान्त कार्यसमिति के सहमति पर अफ्तार अहमद को कार्यवाहक मीडिया प्रभारी भी नियुक्त किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए महासचिव हाजी इलियास खान ने कहा कि सभी वार्ड अध्यक्ष और सदस्य अपनी दायित्वों और कर्तव्यों पालन करें। इस मौके पर संगठन के संरक्षक कमल नयन पाण्डेय, मुख्य संयोजक सरदार बलदेव सिंह,जाहिद आब्दी, कार्यालय सचिव कुलदीप गुप्ता ,जनसंपर्क सचिव राशिद अली सिद्दीकी ,वार्ड अध्यक्ष विजय साहू ,मुजफ्फर हुसैन आदि मौजूद रहे।

# मोहल्ला चौक प्लांट विवाद में आया नया मोड़ वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## धार्मिक प्रयोजन की आड़ में प्लाट पर कब्जा करने की नीयत से किया गया था। कार्यक्रम

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चौक में प्लांट के विवाद को लेकर 23 अप्रैल झगड़ा हो गया जिसमें कई लोगों के साथ मारपीट होते हुए वीडियो को वायरल किया गया था। लेकिन झगड़े की वजह पहले बड़ी पक्ष ने की थी जिसका वीडियो आप सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। प्लांट का विवाद 4 साल से न्यायालय पीलीभीत में चल रहा है। उसके बाद भी सर्वेश गुप्ता धार्मिक कार्यक्रम का प्रयोजन करने के बहाने कब्जा करने की कोशिश की जिसके लिए तैयारियां पहले से ही कर रखी थी। जितने भी हथियार लाइट लाई झगड़े में प्रयोग किए गए वह सभी सुभाष गुप्ता के घर से ही निकले हैं। विकास गुप्ता व मनोहर गुप्ता पुत्र राम प्रकाश गुप्ता हाथों में लाठी लेकर खड़े हैं। सुभाष गुप्ता गला दबाने का प्रयास कर रहे हैं। जय जय गुप्ता जमीन से पत्थर उठाकर मार रहे हैं। आकाश गुप्ता जितिन गुप्ता घर से सरिया लाते हुए दिख रहे हैं। सुभाष गुप्ता की पुत्री मोनिशा गुप्ता वीडियो में लोगों को मारती हुई नजर आ रही है।अनुज गुप्ता ने विवादित प्लांट पर निर्माण न करने की बात कही टेंट का सामान वापस करने की बात कही लेकिन फिर भी उपरोक्त लोग नहीं माने और सामान को विवादित प्लांट के अंदर भेजने लगे सभी लोगों ने मिलकर अनुज गुप्ता और उनके भाई को मारना शुरू कर दिया। जय जय गुप्ता पत्थर उठाकर मारते हुए नजर आ रहे हैं। आरोपियों ने अनुज गुप्ता को गिरा गिरा कर बीच सड़क पर मारा है। बार-बार अनू गुप्ता उनके भाई झगड़ा करने की बात कह रहे हैं लेकिन आरोपी उनकी एक नहीं सुन रहे हैं और लगातार मारपीट पर उतारू है। विकास गुप्ता लाठी डंडा लेकर आते हैं ।और मारपीट शुरू कर देते हैं।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ 29 अप्रैल को नागरिकों का करेगी सम्मान समारोह आयोजित होगा भव्य कार्यक्रम तैयारियां कई दिनों से जोरों पर

पूरनपुर। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाने जा रही है।जिसकी तैयारियां अमित मिश्रा सहसंयोजक प्रबंधक पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक कॉलेज आफ फार्मेसी एवं मेडीकेयर हॉस्पिटल की अध्यक्षता में संपन्न हो रही है। कार्यक्रम नेशनल हाईवे पर स्थित होटल राम एंड रेस्टोरेंट में संपन्न होगी।जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष गोला विजय शुक्ला एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर बजाज हिंदुस्तान लिमिटेड चीनी मिल गोला के जनरल मैनेजर अवनि पांडे होंगे। कार्यक्रम में ब्राह्मण महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वालंबी बनाने हेतु सिलाई मशीनों का वितरण किया जाएगा साथ ही कई गणमान्य नागरिकों का भी सम्मान समारोह किया जाएगा।

# दर्द नहीं भूली केंद्र सरकार

राज्यपाल और राष्ट्रपति के बिल रोकने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों से केंद्र सरकार से उत्पन्न टकराहट की जड़ में न्यायिक नियुक्ति आयोग पर दिया गया फैसला है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर केंद्र सरकार द्वारा संसद में पारित किए गए न्यायिक नियुक्ति आयोग को निरस्त करते हुए सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम व्यवस्था को जारी रखा था। इस आयोग के जरिए केंद्र सरकार चाहती थी कि न्यायाधीशों की नियुक्ति में उसकी भी भूमिका होनी चाहिए। अकेले सुप्रीम कोर्ट को यह हक नहीं होना चाहिए कि अपने चहेते न्यायाधीशों की नियुक्ति करे। केंद्र सरकार की न्यायिक आयोग बनाए जाने की मंशा यही थी कि महत्वपूर्ण मुद्दों पर उसके द्वारा चयनित न्यायाधीशों के मौजूद होने से पक्ष में फैसला होने की संभावना रहेगी। न्यायिक आयोग में सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीशों के साथ केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों का भी प्रावधान किया गया था। सुप्रीम कोर्ट केंद्र सरकार की इस मंशा को भाप गया था। वर्ष 2015 में दिए गए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने आयोग को असंवैधानिक बताते हुए निरस्त कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जजों की नियुक्ति में न्यायपालिका की स्वतंत्रता को बनाए रखना महत्वपूर्ण है और न्यायिक आयोग इस स्वतंत्रता को खतरे में डालता है। इस फैसले पर भी खूब वाद-विवाद हुआ था। न्यायिक आयोग के जरिए केंद्र सरकार पर सुप्रीम कोर्ट में दखलंदाजी करने और इसे राजनीतिक अखाड़ा बनाने की बात कही गई थी। दूसरी तरफ न्यायिक आयोग की पैरवी करने वाले केंद्र सरकार के पैरवीकारों का कहना था कि न्यायाधीशों की नियुक्ति में भाई-भतीजावाद हावी है। आयोग के निरस्त होने का रंज केंद्र सरकार को अभी तक है। इसी वजह से राज्यपाल और राष्ट्रपति के बिल रोकने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से केंद्र सरकार से छत्तीस का आंकड़ा बन गया है। तमिलनाडु बनाम राज्यपाल मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल की तरह राष्ट्रपति के लिए भी दी समय-सीमा बताई है।

सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में कहा कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा सुरक्षित रखे गए विधेयकों पर 3 महीने के भीतर फैसला लेना होगा। राज्य राष्ट्रपति की निष्क्रियता के खिलाफ अदालत जा सकते हैं। इस अवधि से अधिक किसी भी देरी के मामले में, उचित कारणों को दर्ज करना होगा और संबंधित राज्य को बताना होगा। राज्यों से यह भी अपेक्षित है कि वे सहयोगात्मक बनें तथा उठाए जाने वाले प्रश्नों के उत्तर देकर सहयोग प्रदान करें तथा केंद्र सरकार द्वारा दिए गए सुझावों पर शीघ्रता से विचार करें। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद राजनीतिक बवंडर आ गया। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट के एक फ़ैसले को लेकर न्यायपालिका के बारे में सख्त टिप्पणी कर दी। उन्होंने कहा कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं। उप राष्ट्रपति ने इसकी ओर इशारा करते हुए कहा कि संविधान का अनुच्छेद 142 एक ऐसा परमाणु मिसाइल बन गया है जो लोकतांत्रिक ताक़तों के खिलाफ न्यायपालिका के पास चौबीसों घंटे मौजूद रहता है। उन्होंने कहा कि देश में ऐसी स्थिति नहीं हो सकती कि आप राष्ट्रपति को निर्देश दें। सुप्रीम कोर्ट को ये अधिकार किसने दिया है और वो किस आधार पर ऐसा कर सकता है। गौरतलब है कि संविधान का अनुच्छेद 142 सुप्रीम कोर्ट को ये अधिकार देता है कि वो पूर्ण न्याय करने के लिए कोई भी आदेश, निर्देश या फ़ैसला दे सकता है चाहे वो किसी भी मामले में क्यों न हो। लेकिन उप राष्ट्रपति ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट सिर्फ संविधान की व्याख्या कर सकता है। धनखड़ ने कहा कि हमारे पास ऐसे जज हैं जो अब कानून बनाएंगे, कार्यपालिका का काम करेंगे और एक सुपर संसद की तरह भी काम करेंगे और कोई जिम्मेदारी नहीं लेंगे, क्योंकि इस देश का क़ानून उन पर लागू तो होता नहीं। उप राष्ट्रपति ने हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा के दिल्ली आवास से कथित तौर पर जले नोट मिलने के बाद भी एफआईआर दर्ज न होने पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि ये घटना किसी आम आदमी के घर में होती तो बिजली की गति से कार्रवाई होती। लेकिन यहां तो बैलगाड़ी की रफ़्तार से भी कार्रवाई नहीं हो रही है।

# हिंदुओं को निशाना बनाना भारत की परीक्षा के समान

**बीते 45 सालों में हिंदुओं को निशाना बनाकर करीब 100 हमले किए गए। 1994 तक हमलावरों में पंजाब के आतंकी भी शामिल थे। इसका ब्योरा आपको साउथ एशिया टेररिज्म पोर्टल पर मिल जाएगा। मैं दिल्ली और जयपुर बम धमाकों के अलावा कुछ चुनिंदा घटनाएं याद दिलाता हूं, जहां इक्का-दुक्का आतंकियों को छोड़कर मरने वाले लगभग सभी हिंदू थेः ढिलवां बस हमला (1983, 6 मृत), फतेहाबाद बस हमला (1987, 34 मृत), रुद्रपुर रामलीला बम धमाका (1991, 41 मृत), लुधियान ट्रेन हत्याकांड (1991, 125 मृत)। इसके अलावा 1993 में चेन्नई आरएसएस कार्यालय में 11 लोग, 1996 में लाजपत नगर धमाकों में 13 लोग, 1996 में राजस्थान के दौसा धमाकों में 14 लोग, 1998 में कोयंबत्तूर धमाकों में 58 लोग, मार्च और नवंबर 2002 में जम्मू के रघुनाथ मंदिर में 12 और 14 लोग, 2002 में अक्षरधाम मंदिर में विस्फोट में 33 लोग, 2011 में अफजल गुरु की रिहाई की मांग करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय में हुए धमाकों में 15 लोग मारे गए थे।**

पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए आप कम से कम यह नहीं कह सकते कि उनका कोई भरोसा नहीं है, कब क्या कर जाएं। भारत के खिलाफ आतंकवाद शुरू करने के बाद पिछले 45 साल में हमेशा पता रहता है कि वे क्या करने जा रहे हैं।

पहले तो इस रणनीति को समझते हैं। इसके लिए कई नाम इस्तेमाल किए गए- छद्म युद्ध, हजारों जख्म देकर मौत, हिंसक जिहाद आदि। लेकिन आईएसआई के इन तरीकों में एक बात बराबर नजर आती है और वह है ऽ पाकिस्तानी जिहादी लश्करों या भारतीय अल्पसंख्यकों में से आतंकियों के जरिये हिंदुओं को निशाना बनाना। उन्हें लगता है कि हिंदू अपने देश में अल्पसंख्यकों के विरुद्ध खड़े हो जाएंगे। वे भारत में ऐसा संकट लाना चाहते थे कि देश में गृह युद्ध की स्थिति बन जाए। इससे हम खुद से ही लड़ रहे होते और भारत सामरिक, सैन्य, राजनीतिक तथा नैतिक रूप से कमजोर होता। सबसे अहम बातः भारत के हिंदू बहुसंख्यक गुस्से और हताशा में अपने ही अल्पसंख्यकों के विरुद्ध हो जाते तो दो राष्ट्र का सिद्धांत सही साबित हो जाता।

हम इसे सबसे अहम क्यों कह रहे हैं? विदेश में रहने वाले पाकिस्तानियों को पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने 16 अप्रैल को जो भाषण दिया, उसे देखिए। अपने ही देश में उनकी विश्वसनीयता जिस तरह कम हो रही है और वे जिस तरह कुरान का हवाला देकर आक्रामक बातें कर रहे हैं, उनसे आप समझ सकते हैं कि दर्द कहां उठ रहा है। यह दर्द पाकिस्तान की बुनियाद रखने वाले उस द्विराष्ट्र सिद्धांत की नाकामी से आया है, जो 1971 में ध्वस्त हो गया था। पाकिस्तान के पश्चिमी प्रांतों में जातीय अल्पसंख्यक नए सिरे से इसे चुनौती दे रहे हैं। वे सभी मुस्लिम हैं। उनमें से कई तो पाकिस्तान से अलग होने के लिए मरने-मारने पर उतारू हैं।

इसके बावजूद आप द्विराष्ट्र सिद्धांत और पाकिस्तान की विचारधारा की बात कैसे करते हैं? यह साबित करके कि भारत में अल्पसंख्यकों, खासकर मुस्लिमों का दमन हो रहा है। इसके लिए वह कायदे आजम का धन्यवाद करते हैं भले ही जिन्ना होते तो शायद जनरल के इस सुझाव को खारिज कर देते कि पाकिस्तान का निर्माण इस्लामिक कलमा के आधार पर किया गया था। या अंग्रेजीदां जिन्ना को यह समझने में ही मुश्किल होती कि पाकिस्तान की इस विचारधारा के स्वयंभू संरक्षक अपनी भद्दी अंग्रेजी में कहना क्या चाह रहे हैं। हमने 45 साल पहले की बात से शुरुआत इसलिए की क्योंकि यह सब तभी शुरू हुआ था, जब अफगानिस्तान में सोवियत आक्रमण के बाद से जब अमेरिका और पश्चिम तथा पश्चिम एशिया में उसके साथियों ने पाकिस्तान को अपना साझेदार बनाया था। उन्होंने इस्लामिक जिहाद का इस्तेमाल 'काफिर' सोवियत के खिलाफ रणनीति के रूप में किया था। अगर कम्युनिस्टों को काफिर घोषित किया जा सकता है तो हिंदुओं को किया ही जा सकता है। इसकी शुरुआत 1980-81 में पंजाब में भिंडरांवाले के उदय के साथ हुई। शुरुआत में उसने पुलिस और निरंकारी पंथ के लोगों को निशाना बनाया लेकिन जल्दी ही हिंदू उसके निशाने पर आ गए। हिंदुओं को अलग करके मारने की पहली घटना 5 अक्टूबर 1983 को हुई। पंजाब में ढिलवाना कस्बे से कपूरथला जा रही एक बस को रास्ते में रोका गया और छह हिंदुओं को बाहर निकालकर गोली मार दी गई। यह हमला इतना बड़ा झटका था कि पूरा भारत उबल पड़ा। इंदिरा गांधी ने पंजाब में दरबारा सिंह के नेतृत्व वाली अपनी ही सरकार बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगा दिया। आने वाले महीनों में हिंदुओं को छांट-छांट कर उनकी हत्या की जाने लगी और बाद में यही आंतकी हमलों का तरीका बन गया। 1989 से कश्मीरी आतंकी समूहों ने भी ऐसा ही करना शुरू कर दिया। इसकी शुरुआत पंडितों को प्रताड़ित करने और उनकी हत्या करने से हुई। आईएसआई समर्थित समूहों या लश्कर ए तैयबा ने मंदिरों, शादियों, होली-दीवाली के त्योहारों, रामलीला और हिंदू धार्मिक जुलूसों पर हमले करना शुरू कर दिया। तब हिंदुओं को मजबूरन पलायन करना पड़ा और वे देश भर में बिखर गए।




एक समय तो एक भारतीय आतंकी संगठन भी खड़ा हो गया, जो पूरी तरह आईएसआई से जुड़ा था। तथाकथित इंडियन मुजाहिदीन ने देश भर में बम विस्फोट किए। इनमें दिल्ली में 2005 में हुए धमाके (जिनमें 62 जानें गईं), जयपुर में 2008 में हुए धमाके (63 मौतें) और 2008 में दिल्ली में ही फिर हुए बम धमाके (20 लोगों की मौत) शामिल थे।

बीते 45 सालों में हिंदुओं को निशाना बनाकर करीब 100 हमले किए गए। 1994 तक हमलावरों में पंजाब के आतंकी भी शामिल थे। इसका ब्योरा आपको साउथ एशिया टेररिज्म पोर्टल पर मिल जाएगा। मैं दिल्ली और जयपुर बम धमाकों के अलावा कुछ चुनिंदा घटनाएं याद दिलाता हूं, जहां इक्का-दुक्का आतंकियों को छोड़कर मरने वाले लगभग सभी हिंदू थेः ढिलवां बस हमला (1983, 6 मृत), फतेहाबाद बस हमला (1987, 34 मृत), रुद्रपुर रामलीला बम धमाका (1991, 41 मृत), लुधियान ट्रेन हत्याकांड (1991, 125 मृत)। इसके अलावा 1993 में चेन्नई आरएसएस कार्यालय में 11 लोग, 1996 में लाजपत नगर धमाकों में 13 लोग, 1996 में राजस्थान के दौसा धमाकों में 14 लोग, 1998 में कोयंबत्तूर धमाकों में 58 लोग, मार्च और नवंबर 2002 में जम्मू के रघुनाथ मंदिर में 12 और 14 लोग, 2002 में अक्षरधाम मंदिर में विस्फोट में 33 लोग, 2011 में अफजल गुरु की रिहाई की मांग करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय में हुए धमाकों में 15 लोग मारे गए थे।

ये सैकड़ों हमलों में से बस कुछ हैं। इसमें मुंबई लोकल में हुए सिलसिलेवार धमाके और 26/11 का आतंकी हमला शामिल नहीं। कहने का अर्थ है कि आईएसआई की रणनीति रही है प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से हिंदुओं को मारना। वे चाहते हैं कि हिंदू उग्र हों और अपने देश में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाएं। इतना ही नहीं इससे गर्त में पड़ी पाकिस्तानी सेना की लोकप्रियता भी बढ़ेगी। मैं आपको 1993 के बंबई धमाके याद दिलाता हूं। धमाके से पहले वाली शाम को एके-47 और गोले चुनिंदा जगहों पर रखे गए थे, जिनमें अभिनेता संजय दत्त का घर भी था। विचार यह था कि अयोध्या दंगों के बाद (जो उसी समय हुए थे) शिव सैनिक मुस्लिम बहुल इलाकों में हमले करेंगे और इन हथियारों का इस्तेमाल पुलिस तथा आम लोगों को मारने के लिए किया जाएगा। उसके बाद पूरे भारत में जो आग लगती उसे कौन काबू कर पाता? उस समय मुंबई पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी रहे एम एन सिंह याद दिलाते हैं कि उस समय महाराष्ट्र पुलिस के पास एक भी एके-47 नहीं थी।

शरद पवार को कई बार इसीलिए कोसा जाता है कि उन्होंने अपने उस झूठ के बारे में बताया, जब उन्होंने कहा था कि एक मस्जिद में भी बम फटा था। वह थोड़ा समय चाहते थे ताकि संवेदनशील जगहों पर पुलिस तैनात कर दंगे भड़कने से रोके जा सकें। यह एक अनुभवी नेता का समझदारी भरा कदम था। दंगे नहीं हुए और बंबई ने आईएसआई को परास्त कर दिया।

पाकिस्तान की कोशिश रही है कि भारतीय हिंदुओं को इतना गहरा और लंबा दर्द दिया जाए कि वे आखिरकार अपने अल्पसंख्यकों से बदला लेना शुरू कर दें। यही वजह है कि कनाडा में भी सिख कट्टरपंथी, पाकिस्तानियों के साथ मिलकर हिंदू मंदिरों पर हमले करते हैं। आइए देखते हैं कि कौन इसे अच्छी तरह समझते हैं। ऐसे लोगों को हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से लेकर असदुद्दीन ओवैसी तक विपरीत ध्रुवों में देख सकते हैं। मोदी ने बिहार में अपने भाषण में हिंदू, कलमा या सांप्रदायिक संकेत वाला कोई शब्द इस्तेमाल नहीं किया। यह बेहद समझदारी भरा कदम था। संघ में नंबर दो की हैसियत रखने वाले दत्तात्रेय होसबले ने पहलगाम हमले को 'पर्यटकों' की हत्या करार दिया। वे जानते हैं कि इस समय देश में आंतरिक स्थिरता कितनी जरूरी है। ओवैसी ने भी आतंकवादियों के लिए अत्यधिक कठोर भाषा का इस्तेमाल किया जो हमारी राजनीति में किसी ने यहां तक कि भाजपा के धुर दक्षिणपंथियों या युद्धोन्मांदी चैनलों तक ने नहीं इस्तेमाल की। उन्हें पता है कि पाकिस्तानियों ने जानबूझकर हिंदुओं पर हमला किया है। वह हिंदुओं से कहना चाहते हैं कि भारतीय मुसलमान उनके साथ हैं। वे हमारे साथी नागरिक हैं कोई शत्रु नहीं। आईएसआई और पाकिस्तान ने एक बार फिर भारतीय बहुसंख्यकों के धैर्य की परीक्षा ली है। हम हिंदुओं को उसकी यह कोशिश एक बार फिर नाकाम करनी होगी। आखिर हमारे पास अपना कहने को केवल एक ही मुल्क है। हमारा अस्तित्व 5,000 साल से अधिक पुराना है, हम किसी विचारधारा के नाम पर हाल में बने देश नहीं हैं।

**शेखर गुप्ता**

# आसमान पर छोटे लोगों की बड़ी उड़ान

''विमानन को कभी कुछ चुनिंदा लोगों का क्षेत्र माना जाता था, लेकिन उड़ान के आगमन के बाद अब यह बदल गया है। मेरा सपना है कि मैं हवाई चप्पल पहने हुए व्यक्ति को हवाई जहाज में उड़ते हुए देखूं।''

-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

इसी सत्ताईस अप्रैल को केंद्र सरकार की क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस)-'उड़ान' (उड़े देश का आम नागरिक) के आठ साल पूरे हुए हैं। मोदी सरकार ने 21 अक्टूबर 2016 को देश के आम नागरिकों के लिए उड़ान योजना की घोषणा की थी। इसकी पहली उड़ान 27 अप्रैल, 2017 को शिमला और दिल्ली के बीच संचालित हुई थी। तब से अब तक 625 उड़ान मार्ग चालू किए गए हैं। यह योजना पूरे भारत में 90 हवाई अड्डों (दो जल हवाई अड्डों और 15 हेलीपोर्ट सहित) को जोड़ती है। अब तक 1.49 करोड़ से अधिक यात्री किफायती क्षेत्रीय हवाई यात्रा से लाभान्वित हुए हैं। यही नहीं देश का हवाई अड्डा नेटवर्क 2014 में 74 हवाई अड्डों से बढ़कर 2024 में 159 हवाई अड्डों तक पहुंच गया। यह एक दशक में दोगुने से भी अधिक है। वंचित एवं दूरदराज के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण के रूप में 4,023.37 करोड़ रुपये वितरित किए गए। उड़ान ने क्षेत्रीय पर्यटन, स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच और व्यापार को मजबूत किया। इससे टियर-2 और टियर-3 शहरों में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिला।

**मुकुंद**

यह आंकड़े भारत सरकार के पत्र एवं सूचना कार्यालय (पीआईबी) से लिए गए हैं। पीआईबी ने 26 अप्रैल की विज्ञप्ति में उड़ान योजना पर विस्तार से चर्चा की है। विज्ञप्ति में कहा गया कि लंबे समय से आकांक्षाओं के प्रतीक के रूप में देखा जाने वाला आकाश कभी भारत में कई लोगों के लिए एक अप्राप्य सपना रहा है। इस अंतर को दूर करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने 21 अक्टूबर, 2016 को क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस)-उड़ान का शुभारंभ किया। यह प्रधानमंत्री के इस विजन पर आधारित है कि हवाई चप्पल पहनने वाला एक आम आदमी भी हवाई यात्रा करने में सक्षम होना चाहिए। उड़ान का उद्देश्य सभी के लिए उड़ान को सुलभ और किफायती बनाकर विमानन को बढ़ावा देना है। नागर विमानन मंत्रालय के माध्यम से इस प्रमुख योजना ने तब से भारत के क्षेत्रीय संपर्क परिदृश्य को बदल दिया है। आम नागरिक के लिए किफायती हवाई यात्रा का सपना 27 अप्रैल, 2017 को पहली उड़ान के साथ साकार हुआ। यह ऐतिहासिक उड़ान ने शिमला की शांत पहाड़ियों को दिल्ली के हलचल भरे महानगर से जोड़ा। भारतीय विमानन क्षेत्र में एक परिवर्तनकारी यात्रा के साथ यह मील का पत्थर है।

उड़ान की परिकल्पना राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन नीति 2016 के तहत की गई थी। इसका लक्ष्य 10 साल तय किया गया, ताकि टियर-2 और टियर-3 शहरों को बाजार संचालित लेकिन वित्तीय रूप से समर्थित मॉडल के माध्यम से जोड़ा जा सके। सरकार की इस योजना ने एयरलाइनों को रियायतों और व्यवहार्यता अंतर निधि के माध्यम से क्षेत्रीय मार्गों पर परिचालन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इससे किफायती किराया और बेहतर पहुंच सुनिश्चित हुई। इन उड़ानों का लैंडिंग और पार्किंग शुल्क माफ किया गया है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण इन उड़ानों पर टर्मिनल नेविगेशन लैंडिंग शुल्क नहीं लगाता है। केंद्र सरकार ने पहले तीन वर्ष तक एविएशन टर्बाइन फ्यूल (पर उत्पाद शुल्क 2 प्रतिशत तक सीमित किया। राज्य सरकारों ने दस वर्षों के लिए आवश्यक सेवाएं कम दरों पर उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता दोहराई। इन आठ वर्षों में यह योजना कई चरणों से गुजरी है। पहली उड़ान के बाद पांच एयरलाइन संचालकों को 70 हवाई अड्डों के लिए 128 मार्ग आवंटित किए गए। इनमें 36 नए हवाई अड्डे भी शामिल हैं। 2018 में उड़ान 2.0 के तहत इसमें 73 कम जुड़ाव वाले और ऐसे क्षेत्र जिनसे जुड़ाव नहीं था उन हवाई अड्डों को शामिल किया गया। पहली बार हेलीपैड को भी उड़ान नेटवर्क से जोड़ा गया। अगले साल 2019 में उड़ान 3.0 के अंतर्गत पर्यटन मंत्रालय के समन्वय से पर्यटन मार्ग शुरू किए गए। जल हवाई अड्डों को जोड़ने के लिए समुद्री विमान परिचालन को शामिल किया गया । पूर्वोत्तर क्षेत्र के कई मार्गों को इस योजना से जोड़ा गया।

## सेहत मंत्र

# घुटने व जोड़ों के दर्द से राहत पाने के लिए मसाज करना एक अच्छा उपाय

कुछ समय पहले तक जहां बढ़ती उम्र में घुटने के दर्द की समस्या उत्पन्न होती थी, वहीं वर्तमान में, युवा वर्ग के लोग भी इस तरह के दर्द की शिकायत करते हैं। वैसे तो घुटने में दर्द की समस्या आम मानी जाती है। लेकिन वास्तव में यह काफी तकलीफदेह हो सकती है। इस स्थिति में लोग अक्सर दर्द से छुटकारा पाने के लिए दवाइयों का सहारा लेते हैं। लेकिन आप बिना दवाइयों के भी कुछ नेचुरल उपाय अपनाकर इस घुटने के दद से राहत पा सकते हैं। घुटने व जोड़ों के दर्द से राहत पाने के लिए मसाज करना एक अच्छा उपाय है। आप घुटने की मालिश करने के लिए एसेंशियल ऑयल का सहारा ले सकते हैं। यह एसेंशियल ऑयल घुटने की स्टिफनेस को रिलीज करके दर्द को कम करने में सहायक होते हैं। हीट व कोल्ड कंप्रेस दोनों ही घुटने के दर्द से राहत दिलाने में मददगार साबित होते हैं। हालांकि आपको उपचार का चयन करने से पहले यह अवश्य देखना चाहिए कि आपको दर्द किस प्रकार का है। अर्थात अगर आपको सूजन है तो आपको हीट कंप्रेस से बचना चाहिए, क्योंकि यह आपकी स्थित किो बद से बदतर बना सकता है। इसी तरह गठिया जैसे पुराने दर्द के लिए हीट थेरेपी अच्छी है। आपको शायद पता ना हो, लेकिन सेब का सिरका भी घुटने के दर्द में आराम दिलाने में लाभदायक है। दरअसल, सेब के सिरके में एंटी?इंफलेमेटरी प्रॉपर्टीज पाई जाती है, जिसके कारण यह गठिया जैसे पुराने दर्द से राहत दिलाती है। इसके इस्तेमाल के लिए आप एक गिलास पानी में आधा कप सेब का सिरका मिलाएं और रात को सोने से पहले इसका सेवन करें। हल्दी के औषधीय गुण किसी से छिपे नहीं है। चोट लगने से लेकर किसी भी तरह के दर्द में राहत पाने के लिए हल्दी के सेवन की सलाह दी जाती है। दरअसल, हल्दी में कर्क्यूमिन नामक एक पावरफुल एंटी-इंफलेमेटरी तत्व पाया जाता है। यह कंपाउंड जोड़ों के दर्द और सूजन के लक्षणों को कम करने में मदद करता है। बस आप एक गिलास पानी में अदरक और हल्दी डालकर 12-15 मिनट तक उबालें। इस मिश्रण को रोजाना पिएं।

## धर्म मंत्र

# अद्वैतवाद के प्रवर्तक थे जगतगुरु आदि शंकराचार्य

आदि शंकराचार्य भारत के उन महान दार्शनिकों में हैं जिन्होंने संसार को मिथ्या बताकर इस चर-अचर जीव जगत में एकमात्र परब्रह्म की सत्ता को स्वीकार कर अद्वेतवाद को स्थापित किया था। शंकराचार्य के अनुसार यह संपूर्ण जगत परब्रह्म, निर्गुण निराकार है। यह जगत सत्य रूप में हमें उसी तरह जान पडता है जिस प्रकार सर्प में रज्जू यानि रस्सी का आभास होता हैं। हम अज्ञानवश इस जगत को सत्य समझ रहे हैं, जिस दिन यह भ्रांति, इस अज्ञान का पर्दा हमारी आंखों के सामने से हट जाता है, इस संपूर्ण जगत में हम सिर्फ और सिर्फ परब्रह्म को ही पाते हैं। अद्वेतवाद को हालांकि भारत में शंकराचार्य से पहले भी कई दार्शनिकों, महात्माओं ने जगत के सामने रखा था किन्तु शंकराचार्य ने इसे अपनी सरल, स्पष्ट समीक्षाओं, दार्शनिक दृष्टि और तर्क संगत रूप से ठोस और दृढ़ रूप में जगत में स्थापित किया। शंकराचार्य ने हिन्दुओं के महान ग्रंथों उपनिषद, गीता, ब्रह्मसूत्र इत्यादि पर भाष्य लिखकर अद्वेत के आधार पर उनकी सरल और सटीक व्याख्या की। भारत में सनातन धर्म और अद्वेतवाद के प्रचार प्रसार के लिए शंकराचार्य ने भारत के चारों कोनों में चार प्रमुख मठों दक्षिण में श्रृंगेरी मठ, पश्चिम में द्वारिका शारदा मठ, पूर्व में जगन्नाथपुरी गोवर्द्धन मठ, और उत्तर में ज्योतिर्पीठ मठ की स्थापना की। जगतगुरू आदि शंकराचार्य का जन्म 788 ई.में वैशाख शुक्ल की पंचमी को हुआ था। कहा जाता है कि इनके पिता शिवगुरू और इनकी माता ने शिवजी की गहन तपस्या से पुत्र प्राप्ति का वरदान प्राप्त किया था जिनकी भक्ति से प्रसन्न होकर शिवजी ने उन्हें पुत्र प्राप्ति का वरदान तो दिया था किन्तु एक शर्त रखी थी कि उन्हें अपने पुत्र के लिए उसके दीर्घायु या सर्वज्ञ होने में से किसी एक को चुनना होगा।

पर्यटन



# आगरा में ताजमहल, स्वर्णिम इतिहास की झलक और मशहूर पेठा

आगरा वैसे तो ताजनगरी के नाम से भी विख्यात है परंतु इसे भगवान श्रीकृष्ण की पौराणिक नगरी ब्रज का प्रवेश द्वार भी कहा जाता है। यहाँ ताज महल के अतिरिक्त और भी कई आकर्षण के केंद्र है। यह शहर अतीत से जुड़ी जानकारियों का भंडार है। अफगान शासक सिकंदर लोधी के काल में आगरा को प्रतिष्ठा मिली जब लोधी ने इसे अपने साम्राज्य की राजधानी बनाया। इसके बाद वर्ष 1526 ईसवीं में मुग़ल शासक बाबर ने आगरा को अनूठी पहचान और सुन्दरता दिलाई। बाबर ने आगरा के निवासियों के जीवन में संस्कृति और जीवन शैली का एक नया अध्याय शुरू किया, जिसके बाद उस समय के सर्वश्रेष्ठ कारीगर, कलाकार, विद्वान, सैनिक, जमींदार और अन्य प्रतिभाशाली व्यक्तियों को उभरने का मौका मिला। आगरा के अतीत का एक बहुत बड़ा हिस्सा आज भी वैसे ही देखा जा सकता है। चाहे वो स्मारकों और मकबरों के भीतर की अनुभूति हो, या विशाल इमारतों की भव्यता, या यहां की कला और संस्कृति के उदहारण, या यहां के लजीज पकवान, हर ओर एक स्वर्णिम अतीत की झलक जरूर दिख जाती है। पुराने आगरा की गलियों में आज भी इतिहास की गूँज सुनाई दे जाती है। यहां विरासत के साथ साथ आधुनिक सुख सुविधाओं के सभी साधन मौजूद हैं, जैसे आरामदायक होटल, बाजार, मॉल, यातायात की सुविधा, मनोरंजन, व्यापार, क्रीडा, शिक्षा, कला संग्रहण आदि। आइए जानते हैं आगरा के दर्शनीय स्थलों के बारे में- ताजमहल- यह एक ऐसे सम्राट की कल्पना है जिसने विश्व को शाश्वत प्रेम का प्रतीक प्रदान किया। ताजमहल में आगंतुकों को अनूठी वास्तुकला, पत्थर के काम, जड़ाऊ काम, संगमरमर के काम, लकड़ी की नक्काशी आदि कार्यों को करीब से जानने का अवसर मिलता है। यही नहीं अमर प्रेम का प्रतिनिधित्व करते इस आलीशान शाही स्मारक का ना भूलने वाला अनुभव आपको यहां बार-बार आने को प्रेरित करेगा।

# डीएम ने ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने के दिये निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। सोमवार को जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन के साथ कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिला स्तरीय खाद्य सतर्कता समिति की? बैठक की समीक्षा की। जिला पूर्ति अधिकारी डॉ राकेश तिवारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में जीरो पावर्टी अभियान के अन्तर्गत 4753 लोगों/परिवारों को राशन कार्ड विहीन चिन्हित किया गया है। इनको राशन कार्ड से आच्छादित करने की कार्यवाही की जा रही है। अब तक 4705 अर्थात लगभग 99 प्रतिशत परिवारों को राशनकार्ड से आच्छादित किया जा चुका है। जनपद में 20222 यूनिट/ लोग सम्भावित मृतक की सूची में है उनको नियमानुसार विभागीय वेबसाईट से हटाये जाने का कार्य किया जा रहा है। अबतक 21222 के सापेक्ष 20699 यूनिटों अर्थात 97.59% को राशन कार्डो से विलोपित करने की कार्यवाही की जा चुकी है। जिलाधिकारी द्वारा उक्त कार्य को शीघ्र समाप्त करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार वर्ष 2023-24 के अन्नपूर्णा स्टोर को पूर्ण किये जाने और 2024-25 में अन्नपूर्णा स्टोर के निर्माण हेतु भूमि चिन्हित करने की कार्यवाही पूर्ण करने, राशन की 18 रिक्त दुकानों पर उचित दर विक्रेता नियुक्त करने हेतु हेतु सभी खंड विकास अधिकारियों के साथ पृथक से बैठक कराने के लिये निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा सिंगल स्टेज के माध्यम से शतप्रतिशत खाद्यान्न की डोर स्टेप डिलिवरी, ई-पॉश मशीन से खाद्यान्न की प्राप्ति और कोटेदारों को समय से कमीशन के भुगतान हेतु निर्देशित किया गया।

ई-केवाईसी के कार्य में तेजी लाने के दिये निर्देश

जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि राशन कार्ड डेटाबेस में सम्मिलित यूनिटों में 79.67 प्रतिशत यूनिटों की? ई-केवाईसी कराई जा चुकी है, शेष यूनिटों पर कार्यवाही चल रही है। जनपद में विकास खंड पूरेडलई-76.77%,बनीकोडर-76.86% एवं हैदरगढ- 76.99% आधार सीडिंग के साथ जनपद में

### डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खाद्य सतर्कता समिति की बैठक आयोजित

सबसे नीचे है । जिलाधिकारी द्वारा अवशेष यूनिटों की? अतिशीघ्र ई-केवाईसी कराने के लिये? जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया तथा प्रतिदिन रिपोर्ट भेजने एवं कम प्रगति वाले आपूर्ति निरीक्षको का उत्तरदायित्व निर्धारित करने को लिये निर्देशित किया गया। बैठक में परिवहन ठेकेदारों द्वारा भारतीय खाद्य निगम में लेबर की समस्या का उल्लेख किया गया। जिलाधिकारी द्वारा जिला खाद्य विपणन अधिकारी को इस समस्या के समाधान हेतु आवश्यक पत्राचार हेतु निर्देश दिया गया। बैठक में, जिला पूर्ति अधिकारी डॉ राकेश तिवारी, डीएफएमओ श्री रमेश श्रीवास्तव, एसीएमओ सहित सभी आपूर्ति निरीक्षक उपस्थित रहे।

# प्रधान संघ नेता का निधन शोक की लहर




कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। विकास खंड निंदूरा के पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष एवं मौजूदा ग्राम प्रधान सैंदर रामराज यादव के पिता नौमीलाल के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर हैं।वे काफी समय से बीमार थे जिनका राजधानी स्थित पीजीआई अस्पताल में इलाज चल रहा था सोमवार सुबह उनका निधन हो गया।निधन का समाचार सार्वजनिक होते ही अंतिम दर्शन हेतु भीड़ उमड़ पड़ी। पूर्व सांसद पीएल पुनिया,पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा,पूर्व एमएलसी राजेश यादव सहित सैकड़ों क्षेत्रवासी अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

# कप्तान विजयवर्गीय ने की व्यापार मण्डल संग बैठक

### सड़क मार्ग करें अतिक्रमण मुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। रिजर्व पुलिस लाइन्स सभागार में आयोजित व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं व्यापारिक बन्धुओं की बैठक गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने सम्बन्धी चर्चा की गयी। मुख्य मार्गों एवं चौराहों को अतिक्रमण मुक्त रखने की अपील की। तथा सभी व्यापारिक संगठनों से यह अनुरोध किया गया कि प्रतिष्ठानों पर अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाएं और सड़कों पर भी सीसीटीवी कैमरे का फोकस करें। इसके साथ ही व्यापारी बन्धुओं को व्यापारिक गतिविधियों में इलेक्ट्रानिक लेन-देन में सावधानी बरतने, एवं दुकानों व घरों में कार्य करने वाले नौकरों के सत्यापन कराने के सम्बन्ध में भी प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक पाठक व व्यापारी बन्धु मौजूद रहे।

# ...और पुन: अध्यक्ष निर्वाचित हुए राम अचल , अधिवक्ताओं ने बांटी मिठाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़ बाराबंकी । तहसील हैदरगढ़ में तहसील बार एसोसिएशन के विभिन्न पदों के लिए सोमवार को चुनाव संपन्न हुए। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान और मतगणना का कार्य पूरा किया गया। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन और निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र कुमार बाजपेयी की अध्यक्षता में चुनाव कराया गया। जगदीश प्रसाद शर्मा और रूपनारायण वर्मा सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में मौजूद रहे। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक चले मतदान में 218 में से 216 मतदाताओं ने वोट डाला।

अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में अचल कुमार मिश्रा ने 128 वोट हासिल किए। उन्होंने संजय सिंह को 42 मतों के अंतर से हराया, जिन्हें 86 वोट मिले। तीसरे उम्मीदवार सुरेश कुमार मिश्रा को केवल 2 वोट मिले।महामंत्री पद के लिए हुए रोमांचक मुकाबले में पूर्व महामंत्री सुनील कुमार त्रिवेदी 82 वोट पाकर विजयी रहे। उन्होंने संतोष शुक्ला को 8 मतों से हराया, जिन्हें 74 वोट मिले। हरिश्चंद्र सिंह को 59 वोट मिले।

अन्य पदों पर उषा सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष (104 वोट), कमल पांडे प्रथम उपाध्यक्ष (108 वोट) और रूप नारायण वर्मा द्वितीय उपाध्यक्ष (108 वोट) चुने गए। संयुक्त मंत्री प्रशासन के लिए आशीष मिश्रा (128 वोट) और प्रकाशन के लिए महावीर (144 वोट) विजयी घोषित किए गए। कोषाध्यक्ष पद पर बनवारी लाल, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर जितेंद्र सिंह, दिनेश दत्त मिश्रा और हरिहर प्रसाद मिश्रा निर्विरोध चुने गए। कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर अरविंद कुमार त्रिवेदी, मंसाराम यादव और संजीव कुमार पांडे निर्विरोध निर्वाचित हुए।

### कारों आमने-सामने भिड़ी , छः घायल तीन गंभीर

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ बहराइच राजमार्ग पर आज सबेरे दुर्गापुर मोड़ के पास ओवरटेक कर रही कार सामने आ रही कार मे भिड़ गई। बहराइच से आ रही ब्रेजा यूपी 32 जेएम 9135 व लखनऊ की ओर से आ रही स्विफ्ट का्यूपी 32 डीजे 5756 भिड़ गईं। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों कारें क्षतिग्रस्त हुईं ।और स्विफ्ट कार में सवार छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।रामनगर पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जहां से तीन घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।घायलों में सिरताज अहमद उनकी पत्नी रुकसाना पुत्री नगमा व सना सबा और आमिर शामिल हैं।डॉक्टरों के अनुसार नगमा की हालत अत्यंत गंभीर है।पुलिस ने मौके से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात शुरू कराया।

### कांग्रेस राज्य मुखिया का जोरदार स्वागत

बनीकोडर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष /पूर्व मंत्री अजय राय का बस्ती जाते समय दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के गांव राजपुर में जोरदार स्वागत किया गया। श्री राय संविधान बचाओ रैली में शामिल होने जा रहे थे। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य अब्दुल्लाह शेर खान के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत हुआ।इस अवसर पर अजय राय ने कहा कि वर्तमान सरकार संविधान पर लगातार अत्याचार और अन्याय कर रही है और संविधान को बदलने का प्रयास कर रही है जिसे कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी।

कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी संविधान की रक्षा के लिए लगातार लड़ रहे हैं और पार्टी संविधान को बचाने के लिए प्रतिबद्ध है।इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष भस्मा मिश्रा, जिला सचिव मनीष रावत ,भानू वर्मा, राजू मिया, राजीव रावत, मिथिलेश गौतम, वरिष्ठ नेता असीम मुन्ना, सत्य प्रकाश वर्मा, श्री धर चतुर्वेदी, अकील अहमद, विकास वर्मा सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

### तनुज के सुखमय वैवाहिक जीवन हेतु की पूजा अर्चना

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया के सुखमय वैवाहिक जीवन के लिए महादेवा तीर्थ में पूजा-अर्चना की गई। ज्ञातव्य है कि सांसद तनुज की आज वैवाहिक वर्षगांठ है। वैवाहिक वर्षगांठ के शुभ अवसर पर सोमवार को सांसद प्रतिनिधि अमित त्रिवेदी द्वारा अपने साथियों के साथ महादेवा पंहुचकर विधिविधान से भगवान श्रीलोधेश्वर महादेव का अभिषेक कर पूजन अर्चन किया गया।इस अवसर पर सांसद तनुज एवं उनकी पत्नी श्रद्धा पुनिया का प्रेमपूर्ण सुखमय वैवाहिक जीवन की प्रार्थना की गई।इसी बीच सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि तनुज पुनिया जनसेवा और सद्भावना के प्रतीक हैं। उन्होंने भगवान लोधेश्वर महादेव से कामना की कि पुनिया दंपति का दांपत्य जीवन सदैव खुशहाल एवं मंगलमय बना रहे।

### नगर मे लगे फ्रिजर सुचारू रूप से ना चलने का लगाया था आरोप हुआ गलत साबित विडियो सोशल मीडिया पर वायरल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के युवक ने वीडियो वायरल कर नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए थे।लेकिन अगले ही दिन उसका दूसरा वीडियो वायरल कर अपनी गलती मानी उसने कहा उसका दिमाग का संतुलन बिगड़ गया था। इसलिए किसी के कहने पर वीडियो वॉयरल कर दी थी। फिलहाल ऐसा कुछ नहीं है।चेयरमैन ने बताया कि उनका यह प्रयास है।कि नगर के हर नागरिक को फ्रीजरों के द्वारा शुद्र शीतल जल उपलब्ध करा सके। लाखो रुपये खर्च कर गर्मी से राहत दिलाने के लिए सरकार द्वारा फ्रीजरो को लगवाया गया है। फ्रीजर शोपीस नही हैं।24 घण्टे लगातार शुद्र शीतल जल उपलब्ध रहता हैं।भीषण गर्मी में लोगों को शीतल जल की सबसे अधिक जरूरत होती है। इसलिए शीतल जल की सेवा 24 घण्टे उपलब्ध है।

### शेरपुर कला में दरोगा ने अधिवक्ता से की अभद्रता

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर कला के रहने वाले अधिवक्ता गुफरान बेग ने सोमवार को बताया कि वह पूरनपुर तहसील में विधि व्यवसाय करते है। 25 अप्रैल को वह तहसील का कार्य खत्म होने के बाद बाइक से अपने शेरपुर कला घर बापस लौट रहा था। आरोप है कि तभी शेरपुर कला पुलिस चौकी के पास पहले से मौजूद दरोगा ने उसको रोक लिया और उसके साथ अभद्रता करने लगे। जब उसने इसका विरोध किया तो दरोगा ने फर्जी मुकदमे में जेल भेज देने की धमकी दी। अधिवक्ता ने मामले की शिकायत बार एसोसिएशन के अध्यक्ष से की। अधिवक्ता से अभद्रता की जानकारी लगने के बाद अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। मामले में साथी अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता संगठन के अध्यक्ष से शिकायत कर दरोगा के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# डीएम व एडीएम ने किया वेयर हाउस का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने सोमवार को प्रशिक्षु आईएएस व अपर जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार सिंह के साथ देवा रोड स्थित ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया।जिलाधिकारी ने कहा कि मा0 भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) की गाइड लाइन के अनुरुप गोडाउन का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम, वीवीपैट स्ट्रांगरूम और सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम देखा और आवश्यक निर्देश दिये। इस मौके पर नोडल अधिकारी ईवीएम एवं वीवीपैट संजय कुमार विश्वास, वेयर हाउस इंचार्ज/ चकबन्दी अधिकारी सुरेश कुमार शर्मा, आदित्य नारायण झां सहायक चकबंदी अधिकारी व सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील पांडेय सहित जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# चित्रांश महासभा ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए किया कैंडल मार्च

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। अखिल भारतीय चित्रांश महासभा द्वारा रविवार को पहलगाम आतंकी हमले के शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। परमठ मंदिर से लोटन महाराज चौराहे तक आयोजित कैंडल मार्च में समाज के गणमान्य नागरिकों और आक्रोशित युवाओं ने हिस्सा लिया और दिवंगत आत्माओं को याद किया। यह कैंडल मार्च पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों के सम्मान में आयोजित किया गया था। इस दुखद घटना में कई निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई थी, जिससे पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई है। कैंडल मार्च में शामिल लोगों ने हाथों में जलती हुई मोमबत्तियाँ लेकर शांतिपूर्वक मार्च किया। इस दौरान लोगों ने पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और इस घृणित कृत्य के लिए पड़ोसी देश के प्रति अपना कड़ा विरोध जताया। ''पाकिस्तान मुर्दाबाद'' के नारों से वातावरण गूंज उठा, जो लोगों के गुस्से और दुख को स्पष्ट रूप से व्यक्त कर रहा था। कैंडल मार्च के समापन पर, सभी उपस्थित लोगों ने वीरगति को प्राप्त पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस श्रद्धांजलि सभा में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने आक्रोश को शांतिपूर्ण तरीके से व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भूलेंगे और देश की एकता और अखंडता के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। कैंडल मार्च के दौरान करुणाशंकर सक्सेना, संजय सक्सेना, विपिन सक्सेना, विनय सक्सेना, रामजी नाथ सक्सेना, शिरीष सक्सेना, सौरभ सक्सेना, विश्वास प्रकाश सक्सेना, अमित सक्सेना, संजीव सक्सेना, मोहित सक्सेना, आकाश सक्सेना, अमित जौहरी, आनंद सहाय, अनुज सक्सेना, अनिल सक्सेना, आयुष सक्सेना, विवेक प्रकाश, अवधेश सक्सेना, नरेंद्र श्रीवास्तव, प्रसून सक्सेना, कुलदीप सक्सेना, सुधीर जौहरी, डॉ. भरत कंचन, अम्बरीष जौहरी, सुमित सक्सेना, प्रेम सागर, स्वाति आदि सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# डीएम ने विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी, । सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन व प्रशिक्षु आईएएस के साथ विद्युत विभाग के कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने आरडीएसएस की प्रगति, विभिन्न योजनाओं के कार्यों की प्रगति, बिलिंग की प्रगति, ऊर्जा प्राप्ति, अधिकतम लाइन हानि वाले पोषक पर कार्यवाही, परिवर्तकों की क्षतिग्रस्तता, क्षतिग्रस्त परिवर्तकों के सापेक्ष फ्रेश एवं ट्राली परिवर्तकों की उपलब्धता और एक मुश्त समाधान योजना के प्रगति कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि त्रुटिपूर्ण बिलों के सम्बंध में उपभोक्ताओं की समस्याओं का यथाशीघ्र निराकरण किया जाए। जितने कार्य प्रगति पर है उन्हें समयान्तर्गत पूर्ण किया जाए। खराब ट्रांसफार्मर को समय पर बदलने की कार्यवाही की जाए। सुपरिटेंडेंट इंजीनियर विद्युत श्रीमती राजबाला ने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रांसफार्मरों में अधिक लोड की समस्या कम हुई है। जिलाधिकारी ने कहा कि नई लाइन बनाने की प्रक्रिया में मैनपावर बढाकर विद्युत पोल आदि लगाने के कार्य में तेजी लाई जाए। अधिकारी यह भी सुनिश्चित करे कि लाइन बनाने आदि के कार्य में लगे श्रमिकों का भुगतान समय पर कर दिया जाए। सुपरवाइजर यह सुनिश्चित करें कि मीटर रीडर शुद्धता के साथ विद्युत बिलों की पर्ची निकाले जिससे उपभोक्ताओं को समस्याओं का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने विद्युत बिलों की वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए।

विद्युत चोरी रोकने के लिये नियमित जांच अभियान चलाने के दिए निर्देश

जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने कहा कि ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों में विद्युत चोरी रोकने के लिये नियमित जांच अभियान चलाकर कार्यवाही की जाए। कटिया व मीटर टेम्पर के मामलें पाए जाने पर सम्बन्धित के ख़िलाफ़ कडी कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

आंधी तूफान में क्षतिग्रस्त लाइनों की तत्काल मरम्मत पर विभाग का बढ़ाया हौसला

### डीएम ने विद्युत चोरी रोकने के लिये नियमित जांच अभियान चलाने के दिए निर्देश

जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जिले में कई बार आंधी तूफान आने से तमाम जगहों पर विद्युत पोल व लाईनें क्षतिग्रस्त हो गयी थी जिसे विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने रात दिन लगकर विद्युत आपूर्ति को बहुत कम समय में पुनः चालू करवाया, जिससे इस बार जनता को समस्या नहीं होने पाई। इसके लिए विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी बधाई के पात्र है। बैठक में सुपरिटेंडेंट इंजीनियर विद्युत श्रीमती राजबाला सहित विद्युत विभाग के सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।


### समाजसेवा के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित करेगा अंकुरण फाउंडेशन : प्रतीक सिंह

सुलतानपुर। अंकुरण फाउंडेशन परिवार की एक महत्वपूर्ण बैठक नगर स्थित एक निजी होटल में आयोजित कि गई, बैठक की अध्यक्षता अंकुरण परिवार के वरिष्ठ डॉ आशुतोष श्रीवास्तव व जीतेन्द्र श्रीवास्तव ने की। बैठक में सर्वप्रथम पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए दो मिनट का मौन रखकर शहीद हुए भारतीय नागरिकों को अंकुरण परिवार ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अंकुरण की इस महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से ऊर्जावान युवा सदस्यों को नई जिम्मेदारियों से नवाजा गया और सभी वरिष्ठ जनों ने ये आशा जाताई कि इस नई युवा टीम (2025-26 ) के नेतृत्व में अंकुरण फाउंडेशन परिवार समाजसेवा के क्षेत्र में नये आयाम को स्थापित करते हुए आगे बढ़ेगी, अंकुरण परिवार के वरिष्ठ जनों ने सभी सदस्यों कि सहमति से मनीष राज को संरक्षक, प्रतीक सिंह को अध्यक्ष, आकर्षण यादव को सचिव व मनमोहित सिंह को कोषाध्यक्ष वर्ष 2025-26 के लिए मनोनीत किया गया व सभी नये युवा पदाधिकारियों को माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। नवागत अध्यक्ष प्रतीक सिंह ने अपने वक्तव्य में सबसे पहले सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि हम सब मिलकर इस वर्ष अंकुरण फाउंडेशन के बैनर तले समाजसेवा के क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित करने का कार्य करेंगे।

# आईपीएल सीजन : धर्मशाला में 900 पुलिस अधिकारी व जवान संभालेंगे सुरक्षा और ट्रैफिक का जिम्मा

एजेंसी

धर्मशाला। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट धर्मशाला में होने वाले तीन आईपीएल मैचों के दौरान करीब 900 पुलिस अधिकारी व कर्मचारी सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा संभालेंगे। मैचों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सहित शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त बनाने के लिए भी प्लान बनाया गया है। मैचों के दौरान पुलिस मैदान, फुटबॉल ग्रांउड व दाड़ी में वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। पुलिस विभाग ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरे शहर को छह सेक्टर में बांटा गया है। पुलिस विभाग की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक्शन प्लान तैयार कर लिया गया है। जिसमें टीमों के पंहुचने से पूर्व 30 अप्रैल को ही पुलिस जवानों की शहर के चप्पे-चप्पे में तैनाती कर दी जाएगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में होने वाले तीन





आईपीएल मैचों के लिए पुलिस मैदान धर्मशाला, फुटबॉल ग्रांउड चरान व दाड़ी मेला ग्रांउड में पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही वीवीआईपी पार्किंग साई मैदान में रहेगी, जबकि बॉयज स्कूल में मीडिया पार्किंग होगी। साथ ही आईपीएल मैचों वाले दिन चार, आठ व 11 मई के लिए शहर में ट्रैफिक प्लान भी बनाया गया है। जिसमें कॉलेज से स्टेडियम रोड़ व आईटीआई दाड़ी मार्ग में वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित रखी जाएगी। जबकि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को वनवे में भी तबदील किया जाएगा।

उधर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि मैचों के दौरान 900 के करीब जवानों की तैनाती की जाएगी। उन्होंने बताया कि ट्रैफिक प्लान भी तैयार किया गया है, जिसके तहत ही वाहनों की आवाजाही करवाई जाएगी। मैचों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और ट्रैफिक व्यवस्था एक बड़ी चुनौती रहती है जिसे बेहतर तरीके से व्यवस्थित करने के लिये योजना तैयार की गई है।

धर्मशाला में आईपीएल के खेले जाएंगे तीन मैच

धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में इस सीजन के तीन आईपीएल मैच खेले जाने हैं। पंजाब किंग्स के होम ग्राउंड धर्मशाला में पंजाब चार मई को अपना पहला मैच लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ खेलेगा। वहीं आठ मई को पंजाब की भिड़ंत दिल्ली कैपिटल्स के साथ होगी। यह दोनों मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू होंगे। वहीं 11 मई को पंजाब और मुंबई इंडियंस के बीच दिन में साढ़े तीन बजे से मैच शुरू होगा।

# सिरसा: संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भनाला व रघुनाथपुरा विद्यालय ने मारी बाजी

एजेंसी

सिरसा। सिरसा के वायुसेना स्टेशन स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर एक में सोमवार को संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के खो-खो, जूडो, ताइक्वांडो और शतरंज मुकाबलों में विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई जिसमें खो-खो प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय भनाला और रघुनाथपुरा ने अंडर-14 और अंडर-17 वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किए।

वहीं केंद्रीय विद्यालय रेवाड़ी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 वर्ग में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सिरसा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अंडर-17 वर्ग में केंद्रीय विद्यालय मानेसर तीसरे स्थान पर रहा।

इस दौरान मुख्य अतिथि ग्रुप कैप्टन एन विश्वनाथ ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है और जीवन में अनुशासन व टीम भावना का विकास होता है।



सहायक आयुक्त भूपेश भट्ट ने हार-जीत को जीवन का हिस्सा बताते हुए छात्रों को हार के बाद भी निराश न होने और निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया।

प्राचार्य वीरेंद्र सिंह ने बताया कि श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों का चयन केंद्रीय विद्यालय संगठन की राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए किया गया है। प्रतिभागियों को संगठन की ओर से मेडल और प्रमाणपत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

जूडो अंडर-14 वर्ग में केंद्रीय विद्यालय नंबर 1 गुरुग्राम की अंशिका व इसी स्कूल से अंडर-17 वर्ग में भूमिका ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। शतरंज अंडर-14 वर्ग में एयरफोर्स स्टेशन गुरुग्राम की लक्षिता ने स्वर्ण पदक जीता, पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पालुवास से नताशा ने रजत पदक और मानसवी ने कांस्य पदक हासिल किया। शतरंज अंडर-17 वर्ग में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पालमपुर से कुशानी धीमान ने स्वर्ण पदक, पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पालुवास हमीरपुर से प्रणवी ने रजत पदक और केंद्रीय विद्यालय नंबर 1 गुरुग्राम से तन्वी ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

# बुंदेसलीगा : हैरी केन निर्णायक मुकाबले से बाहर, लेकिन जल्द मना सकते हैं जीत का जश्न

एजेंसी

बर्लिन। इंग्लैंड के स्टार स्ट्राइकर हैरी केन जहां भी खेलते हैं, गोल करने के रिकॉर्ड तोड़ते नजर आते हैं। इंग्लैंड राष्ट्रीय टीम हो, टोटेनहम हॉटस्पर या फिर अब बायर्न म्यूनिख –31 वर्षीय केन ने खुद को एक अजेय गोल मशीन के रूप में स्थापित किया है। हालांकि, उनके करियर पर एक दुखद साया भी है, 16 साल और 500 से ज्यादा पेशेवर मुकाबले खेलने के बावजूद, अब तक वह कोई बड़ा खिताब जीतने में असफल रहे हैं।खिताब जीतने के लक्ष्य से जुड़े बायर्न म्यूनिख इस 'कभी न जीतने वाले' खिलाड़ी की छवि से बाहर निकलने के लिए केन ने पिछले साल जर्मन चैंपियन बायर्न म्यूनिख का दामन थामा था। हालांकि बायर्न इस सीजन में चैंपियंस लीग और जर्मन कप से बाहर हो चुका है, लेकिन बुंदेसलीगा खिताब और 2025 फीफा क्लब वर्ल्ड कप उनके सामने उपलब्ध विकल्प हैं। बायर्न फिलहाल लीग में तीन मुकाबले बाकी रहते हुए आठ अंकों की मजबूत बढ़त बनाए हुए है, जिससे उनका चैंपियन बनना लगभग तय माना जा रहा है। बायर्न की माइन्ज पर 3-0 की जीत के दौरान केन को पहले हाफ में गेंद रोकने के लिए पीला कार्ड दिखाया गया, जो इस सीजन का उनका पांचवां कार्ड था। बुंदेसलीगा के नियमों के अनुसार, अब केन एक मुकाबले के लिए सस्पेंड हो गए हैं और वे आरबी लीपज़िग के खिलाफ अहम मुकाबला नहीं खेल पाएंगे। केन ने सिन्हुआ के हवाले से कहा, ''यह शायद मेरी कहानी का हिस्सा होगा कि मैं लीपज़िग का मुकाबला मिस करूंगा। लेकिन अगर हम खिताब जीतते हैं, तो मैं सबसे ज्यादा जश्न मनाऊंगा। टीम साथी थॉमस मुलर ने बताया, ''ड्रेसिंग रूम में वह काफी निराश दिखे। नियमों पर उठाए सवाल केन ने जर्मन नियमों की आलोचना करते हुए कहा, ''यह पागलपन है कि मुझे एक ऐसे मुकाबले में निलंबित किया गया, जबकि मेरा पहला पीला कार्ड सीजन के पहले मैच में आया था। नियमों को प्रीमियर लीग की तरह बदला जाना चाहिए। मुलर ने भी रेफरी की ''संवेदनशीलता की कमी'' पर सवाल उठाए, जबकि जर्मन मीडिया ने केन को नियमों से अवगत रहने की सलाह दी। केन ने कहा, ''यह कतई पीला कार्ड नहीं था,'' और जोड़ा, ''कुछ लोग हमारे एरिना में ध्यान आकर्षित करने के लिए आते हैं। रेफरी आयुक्त मार्को फ्रिट्ज ने रेफरी के फैसले को ''नियमों के अनुरूप 100 प्रतिशत सही'' बताया, हालांकि उन्होंने सख्ती और विवेक के बीच संतुलन बनाए रखने की चुनौती भी मानी।

हालांकि यह झटका हैरी केन और बायर्न दोनों के लिए थोड़ा 'कड़वा' जरूर है, लेकिन अच्छी खबर यह है कि अगर इस वीकेंड बायर्न खिताब जीतता है, तो केन 10 मई को बोरूसिया मोएंशनग्लाडबाख के खिलाफ मुकाबले के बाद टीम के साथ जश्न मनाते नजर आएंगे। थॉमस मुलर ने कहा, ''यह हैरी और हमारे लिए थोड़ा कड़वा पल है, लेकिन ट्रॉफी उठाना इस दर्द को काफी हद तक भर सकता है।

# युवा सेवा एवं खेल विभाग की तरफ से करवाई जा रही अंतर स्कूल खेल प्रतियोगिताओं की हुई शुरुआत

एजेंसी

आरएस पुरा। युवा सेवा एवं खेल विभाग की तरफ से सोमवार को अंतर स्कूल खेल प्रतियोगिताओं की शुरुआत की गई। आरएस पुरा के बाना सिंह मैदान में शुरू हुई इन खेल प्रतियोगिताओं के उद्घाटन के मौके पर एसडीएम आरएस पुरा अनुराधा ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही जिन्होंने खिलाड़ियों से भेंट करने के बाद इन खेल प्रतियोगिताओं की शुरुआत करवाई। इसके अलावा उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ उनके जीवन में खेलों के महत्व के प्रति भी जागरूक किया। इस मौके पर उनके साथ जोनल फिजिकल एजुकेशन ऑफिसर आरएस पुरा उमेशनंद के साथ-साथ युवा सेवा एवं खेल विभाग के अन्य



अध्यापक भी मौजूद रहे। बताते चलें कि अंतर स्कूल प्रतियोगिता 28 अप्रैल से लेकर 7 मईं तक चलेगी जिसमें क्रिकेट, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, चेस, कुश्ती के साथ-साथ अन्य खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी जिसमें जोन के अधीन आने वाले सरकारी तथा गैर सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। इस मौके पर एसडीएम आरएस पुरा ने युवा सेवा एवं खेल विभाग की तरफ से करवाई जा रही इस खेल प्रतियोगिता को लेकर कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन लगातार होते रहना चाहिए ताकि हमारी युवा पीढ़ी खेलों की तरफ आगे आ सके। एसडीएम ने कहा कि खेल ही एक ऐसा माध्यम है जिसके माध्यम से विद्यार्थियों तथा नौजवानों को नशा जैसी बूरी आदतों से दूर रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि आरएस पुरा क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्र है और जहां के विद्यार्थियों की खेल प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं काफी महत्वपूर्ण हैं। इस मौके पर जोनल शिक्षा फिजिकल अधिकारी आरएस पुरा उमेश आनंद ने बताया कि अंतर स्कूल खेल प्रतियोगिता के पहले दिन कबड्डी तथा चेस प्रतियोगिता हुई है और आने वाले दिनों में अन्य खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित होगी। उन्होंने कहा कि अंतर स्कूल खेल प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जिला स्तर पर होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने का अवसर प्राप्त होगा और इस प्रतियोगिता में लगभग 10 हजार के करीब विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं और पहले दिन लगभग 400 के करीब बच्चों ने हिस्सा लिया है।

# ग्रेटर नोएडा 27 मई से इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप की करेगा मेजबानी

एजेंसी

ग्रेटर नोएडा। इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप (आईएलसी) 27 मई से ग्रेटर नोएडा में शुरू होने जा रही है। यह बहुप्रतीक्षित लीग शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेली जाएगी। छह महाद्वीपों की छह टीमों के बीच होने वाली इस चैंपियनशिप का सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जाएगा, जिससे दुनियाभर के क्रिकेट प्रेमी अपने घरों में बैठकर इस ऐतिहासिक चैंपियनशिप के हर पल का आनंद ले सकेंगे।

इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप के संस्थापक प्रदीप सांगवान ने कहा, ल्लइंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है, यह क्रिकेट की उस




क्षमता का उत्सव है, जो दुनिया को एकजुट कर सकती है। सोनी नेटवर्क के माध्यम से इस आयोजन का प्रसारण होने से हम इस ऐतिहासिक आयोजन को दुनियाभर के लाखों प्रशंसकों तक पहुंचा पाएंगे।

इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए, इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप के निदेशक और सह-संस्थापक राहुल हुड्डा ने कहा, ल्लयह चैंपियनशिप क्रिकेट जगत में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हमें गर्व है कि ग्रेटर नोएडा इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बन रहा है। हर महाद्वीप के दिग्गज खिलाड़ी और सोनी नेटवर्क के माध्यम से विश्व स्तर पर इसका प्रसारण आईएलसी को एक अविस्मरणीय आयोजन बनाने का वादा करता है।

इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप 6 महाद्वीप, 6 टीमें और 18 मुकाबलों में भरपूर एक्शन के साथ खेल की सीमाओं को नए स्तर पर ले जाने का वादा करती है। इस लीग का प्रबंधन 100 स्पोर्ट्स द्वारा किया जा रहा है। 27 मई से इस ऐतिहासिक यात्रा का हिस्सा बनें, जब दिग्गज क्रिकेट की महिमा के लिए ग्रेटर नोएडा में एकजुट होंगे।

## खालसा कॉलेज ने जीता बाबा दीप सिंह पुरूष हॉकी खिताब

नई दिल्ली। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने सोमवार को पीएसपीबी चौथे बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग का खिताब जीत लिया है। रोमांचक फाइनल में खालसा कॉलेज ने श्याम लाल कॉलेज को पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से हराया। वहीं, महिला वर्ग में दिल्ली यूनिवर्सिटी एल्युमिना ने इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज को 4-3 से हराकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच में निर्धारित समय तक श्याम लाल कॉलेज और खालसा कॉलेज के बीच मुकाबला 2-2 की बराबरी पर रहा। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट में खालसा कॉलेज ने 3-2 से जीत हासिल की। खालसा कॉलेज के मोहित, पवन और अंकित ने गोल किए, जबकि श्याम लाल कॉलेज से जितेश और नवीन ने गोल किए। इस शानदार प्रदर्शन के लिए खालसा कॉलेज के खिलाड़ी दानिश अंसारी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का अवार्ड दिया गया। वहीं, खालसा कॉलेज के ऋषभ को 'बेस्ट गोलकीपर', हर्ष तेवतिया को 'बेस्ट फुल बैक', और अंकित को 'बेस्ट मिडफील्डर' का अवार्ड मिला। श्याम लाल कॉलेज के प्रियांशु को 'मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर' का अवार्ड दिया गया।

## बांग्लादेश दौरे पर न्यूजीलैंड ए टीम की कमान संभालेंगे केली और कार्टर

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड ए टीम के आगामी बांग्लादेश दौरे के लिए निक केली और जो कार्टर को कप्तान नियुक्त किया गया है। इस दौरे में हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ डेब्यू करने वाले रीस मारिउ और मुहम्मद अब्बास भी टीम का हिस्सा होंगे। निक केली तीन एकदिवसीय मुकाबलों के दौरान टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि इसके बाद जो कार्टर चार दिवसीय दो मैचों के लिए नेतृत्व संभालेंगे। केली, मारिउ और अब्बास ने हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ अपने डेब्यू किए थे। ऑलराउंडर मुहम्मद अब्बास ने विशेष रूप से डेब्यू पर केवल 24 गेंदों में सबसे तेज अर्धशतक जड़कर सभी का ध्यान आकर्षित किया था।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता, कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | विद्युत / डब्ल्यू0 / आलमबाग / 195 / 2025–26 |
| क | कार्य का विवरण | 25000 गैर वातानुकूलित कोचों में अग्नि शमन प्रणाली के प्रावधान का कार्य। |
| ख | अनुमानित लागत | रू0 2,55,52,900 / – |
| ग | धरोहर राशि | रू0 2,77,800 / – |
| घ | निविदा प्रपत्र मूल्य | शून्य |
| ड़ | कार्य समापन अवधि | 12 माह |
| अन्य सूचना | | |
| 3 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवं समय | 19.05.2025 को अपरान्ह 15:00 बजे तक। |
| 4 | निविदा खुलने की तिथि व समय | 19.05.2025 को अपरान्ह 15:00 बजे के बाद। |

● निविदा प्रपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। ● मैनुअल आफ़र पर विचार नहीं किया जायेगा। ● निविदाकर्ता निविदा फार्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल **www.ireps.gov.in** पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। ● डिमांड ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक / डिपॉजिट रसीद / एफ०डी०आर० या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। ● प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज़ की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। **निविदा संख्या:– विद्युत / डब्ल्यू0 / आलमबा / 195 / 2025–26 दिनांक: 26.04.2025** **1242/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव के कारण मामूली गिरावट भी दर्ज की गई, लेकिन थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे दोनों सूचकांकों की चाल में तेजी आ गई। इस तेजी के कारण सेंसेक्स एक बार फिर 80 हजार अंक के स्तर के ऊपर पहुंच कर कारोबार करने लगा। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 1.07 प्रतिशत और निफ्टी 0.97 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, आईसीआईसीआई




बैंक, बजाज फिनसर्व और डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज के शेयर 2.99 प्रतिशत से लेकर 1.51 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर श्रीराम फाइनेंस, एचसीएल टेक्नोलॉजी, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी और इन्फोसिस के शेयर 7.62 प्रतिशत से लेकर 0.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,416 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,285 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,131 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 22 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 8 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 38 शेयर हरे निशान में और 12 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 131.10 अंक की बढ़त के साथ 79,343.63 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली के दबाव में इस सूचकांक में मामूली कमजोरी नजर आई, लेकिन 10 मिनट में ही लिवालों ने अपना जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 849.51 अंक की मजबूती के साथ 80,062.04 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 30.90 अंक की तेजी के साथ 24,070.25 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव में यह सूचकांक गिर कर 24,054.05 अंक तक आ गया। शुरुआती गिरावट के बाद बाजार में खरीदारी शुरू हो गई, जिससे इस सूचकांक ने रफ्तार पकड़ ली। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 232.25 अंक उछल कर 24,271.60 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 588.90 अंक यानी 0.74 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 79212.53 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 207.35 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,039.35 अंक के स्तर पर शुक्रवार के कारोबार का अंत किया था।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| |
|---|
| **निविदा सं. :** 106-Sig-Tender-04-2025-26 |
| **कार्य का नाम :** "सेक्शनल सिग्नल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट इन दे सेक्शन ऑफ डी. एस. टी. ई./एल. के. ओ. एण्ड डी. एस. टी. ई./I/एल. के. ओ. ऑफ लखनऊ डिवीज़न ऑफ नॉर्थेर्न रेलवेज।" |
| **अनुमानित लागत :** रु. 1,34,94,367.56 |
| **निविदा प्रपत्र की कीमत :** निल |
| **धरोहर राशि :** रु. 2,17,500.00 |
| **कार्य पूरा करने की अवधि :** 365 दिन |
| **निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय :** 21.05.2025, 15:30 बजे तक |
| **वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है :** वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

**सं.: 106-सिग-टेन्डर-04-2025-26 दिनांक: 28.04.2025** **1246/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# देश की बदकिस्मती की मोदी सर्वदलीय बैठक में नहीं आए : खड़गे

एजेंसी

जयपुर। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले के बाद आयोजित सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नहीं आने पर नाराजगी जताते हुए कहा है कि वैसे तो वह बड़ी बड़ी बाते करते हैं लेकिन जब देश के स्वभिमान को धक्का लगा तो बिहार में चुनावी भाषण कर रहे थे जबकि बैठक में सब पार्टी के लोग आये लेकिन देश की बदकिस्मती है कि इसमें मोदीजी नहीं आए जो शर्म की बात है।

श्री खड़गे सोमवार को यहां कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि मासूम पर्यटक लोग, कश्मीर सुरक्षित है, कश्मीर हमारा है, इस उद्देश्य से लोग कोने-कोने से लोग वहां जाते हैं और वहां इतनी बुरी घटना हो गई। जिसमें 26 लोग तो मौके पर ही मारे गए। श्री खड़गे ने कहा कि इसके बाद उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा था कि इस समय प्रधानमंत्री को सर्वदलीय बैठक बुलाई जानी चाहिए और इस कठिन समय में हम सब एक होकर सरकार जो भी कदम उठायेगी, हम उसका सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा हमारे देश की बदकिस्मती है कि सर्वदलीय बैठक में सब पार्टी के लोग आये लेकिन उसमें मोदीजी नहीं आए। यह शर्म की बात है। देश के स्वभिमान को जब धक्का लगा तो वह बिहार में चुनावी भाषण कर रहे थे और दिल्ली में नहीं आ सकते हैं। क्या दिल्ली दूर है बिहार से। बात तो बड़े बड़े करते हो, कम से कम बिहार से उस दिन सर्वदलीय बैठक में बैठते तो सबको मालूम होता कि आपकी प्लानिंग क्या है, आप क्या करने वाले हैं, हमसे क्या मदद चाहते हैं। सभी पार्टी के लोग मदद के लिए तैयार हैं, इसके बाद भी आपने उधर नजर डालने की कोशिश नहीं की। ऐसा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और प्रधानमंत्री का रवैया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी हमले में घायल लोगों से मिलने श्रीनगर गये लेकिन श्री मोदी सर्वदलीय बैठक में नहीं आये हैं जबकि सबसे बड़ा देश हैं बाद में



पार्टी हैं इसके लिए सब लोगों को एक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बनाए संविधान की वजह से एक चायवाला व्यक्ति आज देश का प्रधानमंत्री है और उनके जैसा (खड़गे) आदमी जो एक मिल वर्कर का बेटा है वह नेता विपक्ष एवं कांग्रेस अध्यक्ष बन सकता है। अगर संविधान रहेगा तभी प्रधानमंत्री और अन्य पदों पर बना जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस देश में सबसे श्रेष्ठ संविधान है जिसके तहत ही हमारा लोकतंत्र चलता है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसे लोग देश को कमजोर करते हैं और कांग्रेस का जब भी कोई बड़ा कार्यक्रम होता तब उसे दबाने का काम किया गया, ऐसे हम दबने वाले नहीं हैं। उन्होंने कांग्रेस के लोगों का आह्वान किया कि इसलिए हमको एक रहना चाहिए। श्री खड़गे ने कहा कि आज संकट आया हैं सभी लोग एक होकर लड़ना चाहते हैं लेकिन इस पर भी फूट डालना चाहते हैं। हम जोड़ने की बात करते हैं वे तोड़ने की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों पर सीबीआई एवं ईडी का केस लगाया गया आज उनके साथ जमे हैं। श्री खड़गे ने कहा आज पहलगाम हमले के बाद 140 करोड लोग एक होकर जवाब देने के लिए तैयार हैं लेकिन आप कितना आगे बढ़ेगे यह हमको देखना है। उन्होंने कहा कि सब लोगों को लंबे समय तक बेवकूफ बनाकर नहीं रख जा सकता है। हमारे साथ संविधान है, मोदीजी को मिलकर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मजबूत हैं वह डरने वाली नहीं है। सबको कमजोर करने की कोशिश चल रही है, झूठे मुकदमे करके लोकतंत्र को कमजोर नहीं किया जा सकता। उन्होंने श्री मोदी पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि श्री मोदी ने कुछ नहीं किया। उन्होंने श्री मोदी के 12 झूठ गिनाते हुए कहा कि श्री मोदी ने सौ दिन में काला धन वापस लाने का वादा किया। इसी तरह हर खाते में 15-15 लाख रुपए डालने, हर साल दो करोड़ नौकरिया देने, पैट्रोल डीजल सस्ता करने, वर्ष 2022 तक गंगा साफ होने, किसानों की आय दोगुना करने एवं हर भारतीय को घर देने, एमएसपी की गारंटी, महंगाई खत्म करने आदि वादे किए लेकिन इन्हें पूरा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि आज लोग महंगाई, बेरोजगारी आदि से परेशान हैं और श्री मोदी ने कुछ नहीं किया जबकि उन्हें विकास का काम करना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि अगर संगठन मजबूत बना तो यह भाजपा रहने वाली नहीं हैं। उन्होंने राजस्थान के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के मंदिर जाने के बाद मंदिर को गंगाजल से धोने का जिक्र करते हुए कहा कि जब हिन्दु एक है तो ऐसा क्यों किया जाता है। ऐसे में हम कहां रहेंगे एक। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गांधी ने जय बापू, जय भीम और जय संविधान का नारा इसलिए बनाया ताकि सब लोग मिलकर चले।

# सिद्दारमैया आतंकवादियों के प्रति सहानुभूति जताने वाले बयान देकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं : संबित

एजेंसी

भुवनेश्वर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद संबित पात्रा ने सोमवार को कहा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और उनके कैबिनेट मंत्री आरबी तिम्मापुर आतंकवादियों के प्रति सहानुभूति जताने वाले बयान देकर भारतीयों को गुमराह कर रहे हैं।

श्री पात्रा ने आज यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा ,केवल कर्नाटक के मुख्यमंत्री ही नहीं बल्कि उनके मंत्री ने भी दावा किया है कि आतंकवादियों ने धर्म के आधार पर गोलीबारी नहीं की। ऐसे बयान देकर वे आतंकवादियों के प्रति सहानुभूति को बढ़ावा दे रहे हैं और शोकाकुल परिवारों के दुखों का मजाक उड़ा रहे हैं। उन्होंने इन नेताओं के वीजा रद्द किए जाने की भी मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेसी नेता देश के लोगों और सशस्त्र बलों का ऐसे समय मनोबल तोड़ने का प्रयास करने कर रहे हैं जबकि पूरा देश शोक में एकजुट है। उन्होंने कहा, पूरी दुनिया और भारत शोक में है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि इस हमले का बदला पाकिस्तान के लिए अकल्पनीय होगा। लेकिन कांग्रेस ने अपना असली चरित्र दिखा दिया है। श्री सिद्दारमैया कहते हैं कि पाकिस्तान पर हमला नहीं किया जाना चाहिए। आप आतंकवादियों और पाकिस्तान से सहानुभूति क्यों रखते हैं? यह बयान देशद्रोही है।ङ्क भाजपा नेता ने मांग की कि कांग्रेस श्री सिद्दारमैया और श्री तिम्मापुर को पार्टी से निष्कासित करे। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि कांग्रेस ऐसा नहीं करेगी क्योंकि यह पार्टी का असली चरित्र है। श्री पात्रा ने पुराने घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा, राहुल गांधी ने एक बार सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत मांगा था। आज राहुल गांधी, सिद्दारमैया और तिम्मापुर के बयान पाकिस्तानी टेलीविजन पर प्रसारित किए जा रहे हैं, जहां उन्हें पाकिस्तान का हमदर्द बताया जा रहा है। उनके वीजा भी रद्द किए जाने चाहिए। कांग्रेस नेता रॉबर्ट वाड्रा पर तीखा हमला करते हुए श्री पात्रा ने आरोप लगाया कि आतंकी हमलों में मारे गए लोगों की चिताएं ठंडी होने से पहले ही श्री वाड्रा पाकिस्तान का बचाव करने के लिए दौड़ पड़े।

# जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने प्रस्ताव पारित किया, पहलगाम हमले के पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने सोमवार को एक दिवसीय विशेष सत्र में पहलगाम में पर्यटकों पर 22 अप्रैल को हुए बर्बर आतंकवादी हमले पर गहरा सदमा और पीड़ा व्यक्त करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया।

उपमुख्यमंत्री सुरिंदर कुमार चौधरी ने सदन में प्रस्ताव पढ़ते हुए कहा, 'यह सदन 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर किए गए बर्बर और अमानवीय हमले पर गहरा सदमा और पीड़ा व्यक्त करता है और संकल्प लेता है कि यह सदन इस जघन्य, कायरतापूर्ण कृत्य की स्पष्ट रूप से निंदा करता है जिसके परिणामस्वरूप निर्दोष लोगों की जान चली गई। इस तरह के आतंकवादी कृत्य कश्मीरियत के लोकाचार, हमारे संविधान में निहित मूल्यों और एकता, शांति और सद्भाव की भावना पर सीधा हमला है जो लंबे समय से जम्मू-कश्मीर और हमारे देश की विशेषता रही है। उन्होंने कहा, 'यह सदन पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ पूरी एकजुटता के साथ खड़ा है। हम उन लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं जिन्हें अपूरणीय क्षति हुई है तथा हम उनके दुख को साझा करने तथा जरूरत की इस घड़ी में उनका समर्थन करने के अपने सामूहिक संकल्प की पुष्टि करते हैं। प्रस्ताव में कहा गया है कि यह सदन शहीद सैयद आदिल हुसैन शाह के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करता है जिन्होंने पर्यटकों को बचाने का बहादुरी से प्रयास करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उनका साहस और निस्वार्थता कश्मीर की सच्ची भावना को दर्शाता है और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी प्रेरणा का काम करेगा। उन्होंने प्रस्ताव पढ़ा और बताया कि यह सदन हमले के बाद जम्मू-कश्मीर के लोगों की एकता, करुणा और लचीलेपन के असाधारण प्रदर्शन के लिए उनकी सराहना करता है, उन्होंने आगे पढ़ा कि शहरों और गांवों में शांतिपूर्ण प्रदर्शन और पर्यटकों के प्रति नैतिक और भौतिक समर्थन का सहज प्रवाह लोगों की शांति, सांप्रदायिक सद्भाव और कानून के शासन के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। उन्होंने कहा, 'यह सदन 23 अप्रैल 2025 को सुरक्षा पर कैबिनेट समिति की बैठक के बाद केंद्र सरकार द्वारा घोषित राजनयिक उपायों का समर्थन करता है। उन्होंने कहा, 'यह सदन इस हमले के पीड़ितों को चुनिंदा तरीके से निशाना बनाने के पीछे की भयावह साजिश को ध्यान में रखता है। यह समाज के सभी वर्गों और विशेष रूप से मीडिया से अपील करता है कि वे गैर-जिम्मेदाराना तरीके से भावनाओं को भड़काकर इस भयावह साजिश का शिकार न बनें। इस विभाजनकारी प्रयास के सामने एकजुट रहने की आवश्यकता पर अधिक जोर नहीं दिया जा सकता। उन्होंने कहा कि यह सदन भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों से अपील करता है कि वे जम्मू-कश्मीर में रहने वाले या वहां से यात्रा करने वाले कश्मीरी छात्रों और नागरिकों की सुरक्षा, सम्मान और भलाई सुनिश्चित करें और उत्पीड़न, भेदभाव या धमकी की किसी भी घटना को रोकने के लिए सभी आवश्यक उपाय करें। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह सदन देश भर के सभी राजनीतिक दलों, धार्मिक और सामुदायिक नेताओं, युवा संगठनों, नागरिक समाज समूहों और मीडिया घरानों से शांति बनाए रखने, हिंसा और विभाजनकारी बयानबाजी को अस्वीकार करने और शांति, एकता और संवैधानिक मूल्यों को बनाए

# कांग्रेस ने पहलगाम हमले पर अपने कुछ नेताओं की टिप्पणियों से बनाई दूरी

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने पहलगाम आतंकी हमले के संदर्भ में अपने कुछ नेताओं की विवादित टिप्पणियों से दूरी बनाते हुए सोमवार को कहा कि ये लोग पार्टी के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस कार्य समिति का प्रस्ताव, मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी द्वारा व्यक्त विचार ही पार्टी की राय है।

रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''कांग्रेस कार्य समिति ने 24 अप्रैल, 2025 को बैठक की और इससे दो दिन पहले पहलगाम में पर्यटकों पर हुए बर्बर आतंकी हमले पर एक प्रस्ताव पारित किया। इसके पश्चात 25 अप्रैल, 2025 को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सर्वदलीय बैठक में भाग लिया और पार्टी का पक्ष रखा। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस के कुछ नेता मीडिया में चर्चा कर रहे हैं। वे केवल अपनी व्यक्तिगत राय रखते हैं, वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते। रमेश ने कहा कि ऐसे अत्यंत संवेदनशील समय में इस बात में कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि केवल कांग्रेस कार्य समिति का प्रस्ताव, मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी द्वारा व्यक्त विचार और अधिकृत पार्टी पदाधिकारियों के विचार ही कांग्रेस की आधिकारिक राय का प्रतिनिधित्व करते हैं। कांग्रेस ने बीते 24 अप्रैल को कार्य समिति की बैठक में पारित प्रस्ताव में कहा था कि पहलगाम आतंकी हमला भारतीय गणराज्य के मूल्यों पर सीधा हमला है और पाकिस्तान द्वारा रची गई इस साजिश के तहत हिंदू नागरिकों को निशाना बनाया गया ताकि भारत में भावनाएं भड़काई जा सकें। उसने यह आरोप भी लगाया था कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस गंभीर त्रासदी का फायदा उठाकर ध्रुवीकरण और विभाजन को बढ़ावा दे रही है। इस बीच, कांग्रेस के कुछ नेताओं ने हाल के दिनों में पहलगाम आतंकी हमले को लेकर ऐसी टिप्पणियां की हैं जिससे विवाद खड़ा हुआ है। खबरों के अनुसार, महाराष्ट्र में कांग्रेस विधायक दल के नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि आतंकवादियों के पास इतना समय होता है कि वो लोगों से धर्म के बारे में पूछकर मारें। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने रविवार को कहा था कि पहलगाम आतंकी हमले में कुछ चूक जरूर है, लेकिन अपनी बेहतरीन खुफिया सेवाओं के लिए विख्यात इजराइल का भी उदाहरण है जहां दो साल पहले बड़ा हमला हुआ था।

## शिवराज ने किया देशभर के कृषि विज्ञान केंद्रों से संवाद

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खरीफ की बुआई से पहले किसान जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान करते हुए कहा है कि प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और उत्पादकता बढ़ाने पर जोर दिया जाना चाहिए। श्री चौहान ने सोमवार को यहां देशभर के सभी 731 कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) से ऑनलाइन संवाद करते हुए कहा कि खरीफ की बुआई से पहले सभी केंद्रों और संबंधित संस्थानों को राज्य सरकारों के साथ मिलकर किसान जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। उन्होंने प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और उत्पादकता बढ़ाने पर भी जोर दिया। संवाद कार्यक्रम में सभी केंद्रों के प्रयासों, भूमिका और भावी कार्यक्रमों के कार्यान्वयन को लेकर व्यापक चर्चा हुई। संवाद में देशभर के विभिन्न कृषि विज्ञान केंद्रों के प्रमुखों के साथ ही कृषि वैज्ञानिक शामिल हुए। जोधपुर, हैदराबाद, पटना, जबलपुर के अलावा मंडी, नंदूरबार, खुर्दा , मोरीगांव और लक्षद्वीप के किसान विकास केंद्र के प्रमुखों ने संवाद में सक्रिय भागीदारी की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कृषि व्यापक क्षेत्र है। प्रत्यक्ष रूप से लगभग 45 प्रतिशत आबादी कृषि से जुड़ी है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 18 प्रतिशत हिस्सा कृषि क्षेत्र से ही आता है। उन्होंने कहा कि अच्छे प्रशिक्षण और जागरुकता से किसानों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने खाद्यान उत्पादन के लिए बेहतर बीजों, नए शोध, नई तकनीकों के प्रयोग पर बल दिया और मॉडल फार्म बनाने और नए किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के माध्यम से भी किसानों को फायदा पहुंचाने के लिए प्रयास करने को कहा। उन्होंने कहा कि 'प्रति बूंद अधिक फसल' के लिए और अधिक प्रभावशाली रूप से भूमिका निभाने की आवश्यकता है। कम से कम पानी में अधिक से अधिक खेती की कोशिश होना चाहिए।

## पीओके से भारत में आतंकी गतिविधियां चलाने वाले कई आतंकवादियों के घरो पर छापेमारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकी तंत्र को ध्वस्त करने के लिए एक अहम कार्रवाई करते हुए आज डोडा और किश्तवाड़ जिलों में कई आतंकवादियों के घरों पर एक साथ छापे मारे। ये आतंकवादी इस समय सीमा पार कर चुके हैं और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) एवं पाकिस्तान के लिए काम कर रहे हैं1 आधिकारिक सूत्रों ने यहां  को बताया, 'डोडा और किश्तवाड़ जिलों में रहने वाले आतंकवादियों के घरों पर छापे मारे जा रहे हैं। ये लेकिन वर्तमान में पीओके और पाकिस्तान से काम कर रहे हैं। इस दौरान दोनों जिलों में कई स्थानों पर छापे मारे गए। उन्होंने कहा, 'घरों को सील नहीं किया गया है लेकिन तलाशी के दौरान इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, आपत्तिजनक दस्तावेज और संबंधित सामग्री जब्त की गई है। सूत्रों ने बताया कि तलाशी से सबूत जुटाने और आतंकियों के उन समर्थकों और हमदर्दों की पहचान करने में भी मदद मिलेगी जो इन पहाड़ी इलाकों में छिपकर जमीनीतौर पर उनके लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि छापेमारी अभी जारी है। गौरतलब है कि 2023 में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने पुलिस के अनुरोध पर किश्तवाड़ जिले के 23 उन आतंकवादियों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए थे जो पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में रहकर भारत के खिलाफ गतिविधियां चलाते थे।

## युवा कांग्रेस का पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन

नयी दिल्ली। युवा कांग्रेस ने पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में आज यहां पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन कर इसे कायराना हरकत बताया और कहा कि यह हमला मानवता के खिलाफ सबसे बड़ा अपराध है।

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता वरुण पांडेय ने बताया कि श्री चिब के नेतृत्व में बड़ी संख्या में एकत्रित हुए युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आयोग के बाहर प्रदर्शन किया और पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए श्री चिब ने कहा कि पहलगाम में हुआ कायराना आतंकी हमला मानवता के खिलाफ सबसे बड़ा अपराध है। यह आतंकी हमला एक भयानक त्रासदी है और इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह हमला समाज में नफरत फैलाने की कोशिश है जिसे सफल नहीं होने दिया जाएगा। उनका कहना था कि देश आतंक के खिलाफ एकजुट हैं इसलिए नफरती ताकतों का सामना मिलकर करेंगे। उन्होंने कहा पहलगाम हमले को पांच दिन बीत चुके है लेकिन हमारे लोगों का हमारी सरजमीं पर खून बहाने वालों के खिलाफ अब तक कारवाई नही हुई है। गत 23 अप्रैल को बीएसएफ का एक जवान गलती से बॉर्डर पार कर गया।

# पेज एक का शेष

## काजी, शरिया अदालत...

हैं जब पक्षकार स्वेच्छा से उन्हें स्वीकार करें और तब भी केवल तब तक जब तक कि वे किसी मौजूदा कानून का उल्लंघन न करें। इस मामले में अपीलकर्ता-पत्नी और प्रतिवादी-पति दोनों ने इस्लामी रीति-रिवाजों का पालन करते हुए 24 सितंबर, 2002 को अपना दूसरी विवाह किया। 2005 में पति ने भोपाल में 'काजी की अदालत' के समक्ष तलाक की कार्रवाई शुरू की जिसे 22 नवंबर, 2005 को समझौता होने के बाद खारिज कर दिया गया। वर्ष 2008 में हालांकि पति ने फिर से 'दारुल कजा' के समक्ष तलाक के लिए अर्जी दी। लगभग उसी समय पत्नी ने आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत भरण-पोषण की मांग करते हुए पारिवारिक न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। बाद में 2009 में पति ने 'दारुल कजा' द्वारा दिए गए तलाक के बाद तलाकनामा औपचारिक रूप से तैयार कर लिया। पारिवारिक न्यायालय ने पत्नी की भरण-पोषण याचिका को खारिज कर दिया। यह निष्कर्ष निकालते हुए कि वह स्वयं वैवाहिक विवाद और उसके बाद के अलगाव का कारण थी और पति ने उसे नहीं छोड़ा था। न्यायालय ने यह भी तर्क दिया कि चूंकि यह दोनों पक्षों के लिए दूसरी शादी थी इसलिए दहेज की मांग की कोई संभावना नहीं थी। शीर्ष न्यायालय ने इस तर्क को दृढ़ता से अस्वीकार करते हुए कहाः 'यह धारणा कि दूसरी शादी से दहेज की मांग का जोखिम अपने आप खत्म हो जाता है, काल्पनिक और कानूनी आधारहीन दोनों है। इस तरह के तर्क का न्यायिक निष्कर्षों में कोई स्थान नहीं है। शीर्ष न्यायालय ने पारिवारिक न्यायालय द्वारा समझौता विलेख पर भरोसा करने को भी खारिज कर दिया। न्यायालय ने पाया कि 2005 में दर्ज किए गए समझौते में अपीलकर्ता-पत्नी द्वारा गलती स्वीकार करने का कोई उल्लेख नहीं था। इसके बजाय यह केवल पक्षों के शांतिपूर्ण तरीके से साथ रहने के आपसी निर्णय को दर्शाता है। शीर्ष न्यायालय ने पारिवारिक अदालत के फैसले को अस्थायी बताते हुए कहा, 'अपीलकर्ता के दावे को खारिज करना समझौते की गलत व्याख्या पर आधारित था और इसमें कोई ठोस आधार नहीं है।' इसके परिणामस्वरूप न्यायालय ने प्रतिवादी-पति को अपीलकर्ता-पत्नी को 4,000 रुपये का मासिक भरण-पोषण देने का आदेश दिया जो उस तारीख से प्रभावी होगा जिस दिन से उसने सहायता मांगने के लिए अपनी मूल याचिका दायर की थी।

## अश्लील सामग्री के प्रसारण...

की, हां, सॉलिसिटर? कुछ करें... कुछ विधायी। न्यायालय के प्रश्न का उत्तर देते हुए, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने स्वीकार किया कि वे याचिकाकर्ताओं द्वारा उजागर की गई कुछ चिंताओं से सहमत हैं। प्रस्तुत कार्यक्रमों की सूची की समीक्षा करने के बाद, उन्होंने पाया कि नियमित शो में भी अश्लील सामग्री प्रसारित की गयी थी और कुछ कार्यक्रमों को इतना विकृत बताया कि दो सम्मानित व्यक्ति भी एक साथ बैठकर उन्हें नहीं देख सकते। श्री मेहता ने कहा कि पूर्ण सेंसरशिप उचित नहीं है, बल्कि इसके लिए विनियमन कीआवश्यकता है। उन्होंने न्यायालय को सूचित किया कि इस मामले में कुछ नियामक तंत्र पहले से ही मौजूद हैं और अतिरिक्त विनियमन वर्तमान में विचाराधीन हैं। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा, ङ्मयह याचिका ओटीटी प्लेटफार्मों और सोशल मीडिया पर विभिन्न आपत्तिजनक अश्लील और अभद्र सामग्री के प्रदर्शन के संबंध में एक महत्वपूर्ण चिंता पैदा करती है। सॉलिसिटर जनरल ने कहा है कि सामग्री विकृति की सीमा तक जाती है। उन्होंने कहा कि कुछ और विनियमन विचाराधीन हैं। जनहित याचिका पत्रकार एवं पूर्व सूचना आयुक्त उदय माहुरकर, संजीव नेवार, सुदेशना भट्टाचार्य मुखर्जी, शताब्दी पांडे और स्वाति गोयल द्वारा दायर की गई थी। गौरतलब है कि शीर्ष अदालत ने हाल ही में रणवीर इलाहाबादिया मामले में इसी तरह की चिंताओं को उठाया था, जिसमें केंद्र सरकार से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अश्लील और अभद्र सामग्री को रोकने के लिए विनियमन तैयार करने पर विचार करने का आग्रह किया गया था।

## शाही ईदगाह-कृष्ण...

सुनवाई स्थगित कर दी। उच्च न्यायालय के समक्ष अपनी दलील में, हिन्दू पक्ष ने दावा किया कि संयुक्त प्रांत के उपराज्यपाल द्वारा जारी 1920 की अधिसूचना ने प्राचीन स्मारक संरक्षण अधिनियम की धारा 3 के तहत संरचना को संरक्षित स्मारक घोषित किया था। उन्होंने तर्क दिया कि इस ऐतिहासिक स्थिति के कारण पूजा स्थल अधिनियम 1991 जो 15 अगस्त, 1947 को मौजूद धार्मिक स्थलों की स्थिति की रक्षा करता है, लागू नहीं होगा। मुस्लिम पक्ष ने संशोधनों का विरोध करते हुए तर्क दिया कि हिन्दू वादी नए दावे पेश करके पूजा स्थल अधिनियम द्वारा लगाए गए प्रतिबंध से बाहर निकलने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने तर्क दिया, प्रस्तावित संशोधनों से पता चलता है कि वादी प्रतिवादी द्वारा उठाए गए बचाव को नकारने का प्रयास कर रहे हैं कि मुकदमा पूजा स्थल अधिनियम, 1991 द्वारा वर्जित है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 05 मार्च को संशोधन को अनुमति दे दी तथा एएसआई को भी पक्षकार बनाने की अनुमति दे दी, जिसके बाद उच्चतम न्यायालय में अपील की गई। मूल विवाद हिन्दू पक्ष द्वारा दायर एक दीवानी मुकदमे से जुड़ा है जिसमें दावा किया गया था कि शाही ईदगाह मस्जिद कृष्ण जन्मभूमि भूमि पर बनाई गई थी। यह मुकदमा भगवान श्री कृष्ण विराजमान और कुछ हिन्दू भक्तों की ओर से मस्जिद को हटाने की मांग को लेकर दायर किया गया था। शुरू में, दीवानी अदालत ने पूजा स्थल अधिनियम के तहत प्रतिबंध का हवाला देते हुए सितंबर 2020 में मुकदमा खारिज कर दिया था। हालांकि, मथुरा जिला न्यायालय ने मई 2022 में इस फैसले को पलट दिया, जिसमें कहा गया कि मुकदमा विचारणीय है। इसके बाद मामले को 2023 में उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया गया। इस बीच शीर्ष अदालत संबंधित आदेशों के खिलाफ अपील पर भी विचार कर रहा है जिसमें इलाहाबाद उच्च न्यायालय का 18 संबंधित मुकदमों को एकीकृत करने और उन्हें उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने का निर्णय भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि शीर्ष अदालत ने पिछले साल दिसंबर में देश भर की अदालतों को निर्देश दिया था कि वे मौजूदा संरचनाओं के धार्मिक चरित्र को लेकर विवाद करने वाले मुकदमों में तब तक कोई प्रभावी आदेश या सर्वेक्षण पारित न करें, जब तक कि पूजा स्थल अधिनियम, 1991 की वैधता पर निर्णय न हो जाए।

## भारत और फ्रांस ने ...

और ओवरहाल सुविधाएं भी शामिल हैं। इस सौदे से इन सुविधाओं की स्थापना, उत्पादन और संचालन में बड़ी संख्या में छोटी और लघु इकाईयों में रोजगार के हजारों अवसर और राजस्व उत्पन्न होने की उम्मीद है। अभी नौसेना के पास रूस से खरीदे गये मिग-29 के विमान हैं जो आईएनएस विक्रमादित्य पर तैनात हैं। राफ़ेल मरीन को अपनी श्रेणी में दुनिया के सबसे ताकतवर लड़ाकू विमानों में गिना जाता है। ये विमान फ्रांस की डसाल्ट एविएशन कंपनी द्वारा बनाये जा रहे हैं। यह विमान 50 हजार फुट की ऊंचाई पर 35 हजार किलोमीटर से भी अधिक रेंज तक उड सकता है। यह परमाणु हथियारों से हमला करने में सक्षम है तथा समुद्री पोत को निशाना बनाकर छोटी जगह में भी उतर सकता है। राफ़ेल मरीन हवा से हवा में मार करने वाली पोत रोधी मिसाइल से भी लैस है।

## कुछ समय के लिए...

अध्यक्ष बनाया था। इसके बाद जनवरी 2020 में वह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे।

## उद्यमी मित्रों व...

निवेशकों के बीच सेतु का काम कर रहे उद्यमी मित्रों को भी उद्योग सुगमता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रकार के सुझाव दिए। नंदी, प्रमुख सचिव आलोक कुमार और इन्वेस्ट यूपी के सीईओ विजय किरण आनंद ने साथ मिलकर उद्यमी मित्र पुस्तक का विमोचन भी किया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने पिछले 8 वर्षों में राज्य की उल्लेखनीय औद्योगिक प्रगति के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने प्रदेश में निवेश पारिस्थितिकी तंत्र को और मजबूत करके इस गति को बनाए रखने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने डिजिटल प्लैटफॉर्म के पढ़ते उपयोग के माध्यम से अनुमोदन में दोरी को समाप्त करने और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (ईओडीपी) को बढ़ाने के साथ ही निवेश प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऑनलाइन अनुमोदन प्रक्रिया में तेजी लाने और प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी बनाने से निवेशकों के विश्वास में बढ़ोत्तरी होगी। औद्योगिक भूमि की उपलब्धता के महत्वपूर्ण मुद्दे को संबोधित करते हुए उन्होंने सुझाव दिया कि इन्वेस्ट यूपी के सीईओ को नई औद्योगिक परियोजनाओं के लिए बंद मिलों, कारखानों और चीनी मिलों की भूमि की पहचान करने और उसका पुनः उपयोग करने के लिए एक समर्पित टीम का गठन करना चाहिए। बैठक में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने उत्तर प्रदेश को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी निवेश गंतव्य बनाने के लिए स्टेकहोल्डर्स के बीच सहयोग बढ़ाने का रोडमैप प्रस्तुत किया। इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय किरण आनंद ने समीक्षा बैठक के एजेंडे की रूपरेखा प्रस्तुत की और आगामी वर्ष के लिए लक्ष्य निर्धारण की शुरुआत की। एक संरचित और रणनीतिक दृष्टिकोण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि निवेश को आकर्षित करने के लिए समन्वय सबसे महत्वपूर्ण है। टीमवर्क का मतलब सिर्फ एक साथ काम करना ही नहीं बल्कि इसका मतलब है कि एक साथ बढ़ना, एक-दूसरे से सीछना और खुद को विकसित करना। बैठक में मुख्यमंत्री के सचिव सूर्य पाल गंगवार ने जिला स्तरीय निवेश प्रोत्साहन तंत्र को मजबूत करने को लेकर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। इससे पहले सत्र में इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रथमेश कुमा ने स्वागत भाषण देते हुए निवेश प्रक्रिया में शामिल सभी स्टेकहोल्डर्स, उद्यमी मित्रों और जिला उद्योग केंद्रो (डीआईसी) के बीच निर्बाध समन्वय के महत्व पर जोर दिया। बैठक में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (ईओडीबी) टीम ने भारत के सबसे बड़े सिंगल विंडो क्लीयरेंस प्लैटफॉर्म निवेश मित्र पोर्टल पर अपडेट प्रदर्शित किए। यह पोर्टल वर्तमान में 40 विभागों की 500 से अधिक सेवाएं प्रदान करता है। निवेश मित्र 3.0 के आगामी उन्नयन को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई जो इस कैलेंडर वर्ष के अंत तक रोलऑउट होने के लिए लक्षित है। इससे एक ही मंच पर इंटेंट फाइलिंग, क्लीयरेंस अनुमोदन, भूमि उपलब्धता, प्रोत्साहन वितरण और शिकाय निवारण जैसी सुविधाओं को एकीकृत करने में सहायता मिलेगी। बैठक के शाम के सत्र में इस्कॉन के उपाध्यक्ष स्वामी दीनदयाल कृष्ण दास ने व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास पर प्रेरक अंतर्दृष्टि साझा की, प्रतिभागियों को अनुग्रह और लचीलेपन के साथ प्रगति करने के लिए प्रेरित किया। बैठक के समापन पर इन्वेस्ट यूपी के सीईओ ने जोर देकर कहा कि उद्यमी मित्रों औक जीएम-डीआईसी अधिकारिय़ों को अपने मासिक और वार्षिक भूमि व निवेश प्रोत्साहन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए लगन से कार्य करना होगा।

## राष्ट्रपति ने 71...

गृह मंत्री अमित शाह, कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और पर्यावरण एव वन मंत्री भूपेन्द्र यादव तथा अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## अब जन...

कार्यवाही करनी होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की जनता के लिए किया गया यह फैसला प्रदेश सरकार, जनप्रतिनिधियों और जनता के बीच सेतु को और मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा। इससे न केवल जनसमस्याओं का समयबद्ध समाधान संभव होगा, बल्कि शासन प्रशासन की कार्यप्रणाली में भी महत्वपूर्ण सुधार आएगा।

# भूटान ने निर्यात प्रक्रिया को आसान बनाने में सहयोग के लिए सीबीआईसी को दिया धन्यवाद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




नई दिल्ली। भूटान ने केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) को उनके निरंतर सहयोग के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया है, जिसने निर्यात प्रक्रियाओं को आसान बनाने और व्यापार संबंधी चिंताओं को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में बताया कि 24-25 अप्रैल को थिम्पू (भूटान) में 6वीं संयुक्त सीमा शुल्क समूह (जेजीसी) बैठक आयोजित की गई, जिसमें दोनों देशों के बीच व्यापार और पारगमन को बढ़ाने के लिए कई द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में दोनों पक्षों ने सीमा शुल्क सहयोग को मजबूत करने, व्यापार सुविधा बढ़ाने तथा सुरक्षित एवं कुशल सीमा प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

मंत्रालय के मुताबिक इस बैठक की सह-अध्यक्षता भारत सरकार के केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के विशेष सचिव और सदस्य (सीमा शुल्क) सुरजीत भुजबल और भूटान सरकार के वित्त मंत्रालय के राजस्व और सीमा शुल्क विभाग के महानिदेशक सोनम जामत्शो ने की। इस छठी जेजीसी बैठक में दोनों देशों के बीच व्यापार और पारगमन बढ़ाने के लिए कई द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही पारगमन प्रक्रियाओं के स्वचालन और डिजिटलीकरण, समन्वित सीमा प्रबंधन, सीमा शुल्क डेटा का आदान-प्रदान, सीमा शुल्क पारस्परिक सहायता समझौता और इलेक्ट्रॉनिक कार्गो ट्रैकिंग सिस्टम के तहत पारगमन कार्गो की आवाजाही आदि पर सकारात्मक चर्चा की गई। बैठक में भूटान ने निरंतर सहयोग के लिए सीबीआईसी का आभार व?यक?त किया और विशेष रूप से 29 जुलाई से 1 अगस्त, 2024 तक आयोजित 'भारत-भूटान व्यापार और आर्थिक साझेदारी को बढ़ाना' शीर्षक वाली क्षमता निर्माण कार्यशाला को मान्यता दी। इस कार्यशाला ने निर्यात प्रक्रियाओं को सरल बनाने और व्यापार संबंधी बाधाओं को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत ने भूटान के आयातकों और निर्यातकों के लिए आवश्यकता-आधारित क्षमता निर्माण के अतिरिक?त जोखिम प्रबंधन प्रणाली, अधिकृत आर्थिक ऑपरेटर, खाद्य सुरक्षा मानकों के क्षेत्रों में क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का विस्तार करने का प्रस्ताव रखा। उल्लेखनीय है कि भारत आयात और निर्यात में भूटान का शीर्ष व्यापार साझेदार है, जो भूटान के कुल व्यापार का लगभग 80 फीसदी हिस्सा है। भूमि सीमा शुल्क स्टेशनों के जरिए भूटान के साथ व्यापार महत्वपूर्ण है। भारत और भूटान के बीच संयुक्त सीमा शुल्क समूह की बैठकें सीमा शुल्क प्रक्रियाओं की पुनर्परिभाषा और पुनर्रचना से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने, सीमा शुल्क सहयोग को बढ़ावा देने और सर्वोत्तम वैश्विक विधियों के साथ संरेखण तथा सीमा पार व्यापार सुविधा के लिए प्रतिवर्ष आयोजित की जाती हैं। भारत और भूटान सीमा पर पश्चिम बंगाल और असम राज्यों में 10 भूमि सीमा शुल्क स्टेशन हैं।

# अक्षय तृतीया पर धर्म गुरुओं ने जिला को बाल विवाह मुक्त बनाने का संभाला कमान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अररिया। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान और जागरण कल्याण भारती की ओर से अररिया जिला को बाल विवाह मुक्त निर्माण को लेकर धर्म गुरुओं ने भी कमान संभाल ली है।जिला को बाल विवाह मुक्त निर्माण की दिशा में धर्म गुरुओं को जागरूक किया जा रहा है और बाल विवाह करने और कराने के सहयोगी के साथ बारात और सराती के लिए भारतीय न्याय संहिताएं प्रावधान को लेकर जागरूक किया जा रहा है।सोमवार को फारबिसगंज के एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में जागरण कल्याण भारती संजय कुमार ने यह जानकारी दी।

जागरण कल्याण भारती के अध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि धर्म गुरुओं से मिला सहयोग व समर्थन अभिभूत करने वाला है और इस अक्षय तृतीया जिले में एक भी बाल विवाह नहीं होने की बात कही।अक्षय तृतीया और शादी- ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाहों की रोकथाम के लिए विभिन्न धर्मो के विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों के बीच चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को व्यापक सफलता मिली है और सभी धर्म गुरुओं ने इसकी सराहना करते हुए समर्थन का हाथ बढ़ाया है । संगठन ने कहां की यह देखते हुए की कोई भी बाल विवाह किसी पंडित, मौलवी या पादरी जैसे पुरोहित के बिना संपन्न नहीं हो सकता। हमने उन्हें बाल विवाह के खिलाफ अभियान से जोड़ा।

उन्होंने बताया कि जेआरसी कानूनी हस्तक्षेपों के जरिए बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश के 416 जिलों में जमीन पर काम कर 250 से भी ज्यादा नागरिक संगठनों का नेटवर्क है जिसने पिछले वर्षों में 2 लाख से ज्यादा बाल विवाह रुका है और 5 करोड़ से ज्यादा लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई गई है।उन्होंने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत दंडनीय अपराध है । इसमें किसी भी रूप में शामिल होने या सेवाएं देने पर 2 साल की सजा वह जुर्माना या दोनों हो सकता है इसमें बाराती और लड़की के पक्ष के लोगों के अलावा कैटरर, साज-सज्जा करने वाले डेकोरेटर , हलवाई, माली, बैंड बाजा वाले , मैरिज हॉल के मालिक और यहां तक की विवाह संपन्न कराने वाले पंडित और मौलवी को भी अपराध में संलिप्त माना जाएगा और उन्हें सजा व जुर्माना हो सकता है । कार्यक्रम मे बचपन बचाओ आंदोलन के न्यू दिल्ली के जिला समन्वयक यशवंत कुमार ओझा, जागरण कल्याण भारती के जिला समन्वयक दीपक कुमार पासवान,कम्युनिटी सोशल वर्कर अंकुश कुमार यादव, अजय कुमार यादव, सोनू कुमार आदि मौजूद रहे।

# नरपतगंज के किसान के पुत्र नीतीश कुमार बने जेएनयू छात्र संघ के अध्यक्ष बनने पर बधाईयों का लगा तांता



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अररिया । जेएनयू छात्र संघ चुनाव में एक बार फिर अध्यक्ष पद पर बिहार का कब्जा हुआ। अररिया के नरपतगंज के नीतीश कुमार निर्वाचित हुए। आइसा और डीएसएफ गठबंधन प्रत्याशी के रूप में नरपतगंज के शेखपुरा गांव के रहने वाले प्रदीप यादव के पुत्र नीतीश कुमार 'राजा' ने जेएनयू छात्र संघ अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की।

अध्यक्ष पद पर नरपतगंज विधानसभा के नीतीश कुमार 'राजा' ने जीत हासिल की है। आइसा और डीएसएफ गठबंधन से चुनाव लड़ रहे नीतीश ने अभाविप की शिखा स्वराज को 271 वोटों के अंतर से हराया। नीतीश को 1701 वोट मिले, जबकि शिखा को 1430 वोट प्राप्त हुए।

नीतीश कुमार 'राजा' बिहार के अररिया जिला के नरपतगंज प्रखंड क्षेत्र के शेखपुरा गांव के रहने वाले हैं। उनके पिता प्रदीप यादव किसान हैं। नीतीश ने फारबिसगंज स्थित श्री रानी सरस्वती विद्या मंदिर से स्कूलिंग की है। इसके बाद पूर्णिया यूनिवर्सिटी, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई पूरी की और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में एमए किया। फिलहाल वे जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रहे हैं।

सामाजिक कार्यकर्ता सह आजाद हिंद फौज संयोजक प्रभात यादव ने नीतीश कुमार को फोन कर बधाई दिया।

प्रभात यादव ने कहा कि हमारे विधानसभा क्षेत्र शेखपुरा गांव के नीतीश कुमार जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से ऐतिहासिक जीत दर्ज किया है। प्रभात का कहना है कि बिहार की धरती ने देश को हमेशा से ही राजनीति, शिक्षा और सामाजिक आंदोलनों के क्षेत्र में अद्वितीय नेतृत्व प्रदान किया है। बिहार के युवाओं में संघर्ष, चेतना और नेतृत्व क्षमता गहरी पैठ हुई है। चाहे स्वतंत्रता संग्राम रहा हो या आज के लोकतांत्रिक आंदोलनों का दौर-बिहार के युवा सदैव अग्रणी भूमिका में रहे हैं। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए एक बार फिर हमारे नीतीश कुमार होनहार छात्र नेता ने राष्ट्रीय पटल पर अपना परचम लहराया है।

प्रभात ने कहा कि नीतीश कुमार की जीत बिहार के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह साबित करता है कि अगर इरादे मजबूत हों, तो छोटे से गाँव या जिले से भी निकलकर देश के शीर्ष शैक्षणिक संस्थानों में नेतृत्व की कमान संभाली जा सकती है। बिहार के युवाओं की यह चेतना आने वाले समय में शिक्षा, राजनीति और सामाजिक बदलाव के नए अध्याय लिखेगी।

# जेएनयू छात्र संघ चुनाव में अभाविप ने रचा इतिहास, संयुक्त सचिव पद पर शानदार जीत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने सोमवार को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) चुनाव में इतिहास रच दिया। अभाविप के उम्मीदवार वैभव मीणा ने अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए केंद्रीय पैनल के संयुक्त सचिव पद पर शानदार जीत हासिल की। इसके साथ ही 16 स्कूलों और विभिन्न संयुक्त केंद्रों के कुल 42 काउंसलर पदों में से 24 सीटों पर विजय हासिल कर अभाविप ने वर्षों से कायम वामपंथी प्रभुत्व को ध्वस्त करते हुए 'लाल दुर्ग' में भगवा परचम फहरा दिया। संयुक्त सचिव पद पर विजय प्राप्त करने के साथ ही अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और महासचिव के पदों पर भी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कंटे की टक्कर दी। अंतिम चरण तक अभाविप के उम्मीदवार मजबूती से मुकाबले में बने रहे और वामपंथी गठबंधन के लिए गहरी चुनौती पेश करते रहे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने पत्रकार वार्ता में कहा कि जेएनयू में राष्ट्रवाद की नई सुबह का प्रारंभ हुआ है। आज जेएनयू की पवित्र धरती पर इतिहास रचा गया है। अभाविप ने न केवल काउंसलर पदों पर शानदार विजय प्राप्त की है बल्कि केंद्रीय पैनल पर भी मजबूत उपस्थिति दर्ज करवाई है। यह जीत हर उस छात्र की जीत है, जो शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का आधार मानता है। हम छात्रों के हर हित के लिए संघर्षरत रहेंगे और 'राष्ट्र सर्वोपरि' के आदर्श को स्थापित करेंगे। अभाविप से जेएनयू छात्र संघ के नवनिर्वाचित संयुक्त सचिव वैभव मीणा ने कहा कि जेएनयू छात्रसंघ (जेएनयूएसयू) हर कदम, हर निर्णय और हर पहल को छात्र समुदाय के कल्याण के लिए समर्पित करेगा। हम एक ऐसे परिसर का निर्माण करेंगे, जहां संवाद, समावेशिता और शैक्षणिक उत्कृष्टता सर्वोच्च स्थान पर होगी। सभी विद्यार्थी को समान अवसर तथा सम्मान के साथ आगे बढ़ने का वातावरण मिलेगा। यह विजय एक ऐसे जेएनयू की ओर पहला कदम है, जो शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बनाएगा। वैभव मीणा मूलतः करौली, राजस्थान के निवासी हैं और एक जनजातीय किसान परिवार से आते हैं। इन्होंने अपनी स्नातक शिक्षा राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर से प्राप्त की है तथा काशी हिंदू विश्वविद्यालय से हिन्दी साहित्य में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की है। वर्तमान में वैभव, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के भाषा, साहित्य एवं संस्कृति संस्थान के भारतीय भाषा केंद्र में हिन्दी साहित्य विषय के शोधार्थी हैं। हिन्दी साहित्य में उन्हें जूनियर रिसर्च फ़ेलोशिप (जेआरएफ) भी प्राप्त है। शैक्षणिक उपलब्धियों के अतिरिक्त, वैभव ने राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का द्विवर्षीय कार्यक्रम भी सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। वर्तमान में वे जेएनयू के कावेरी छात्रावास के अध्यक्ष भी हैं।

## रूस ने यूक्रेन में 8 से 10 मई तक युद्धविराम का किया ऐलान

मॉस्को। रूस ने द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर विजय की वर्षगांठ पर यूक्रेन में 8 से 10 मई तक पूर्ण युद्धविराम की घोषणा की है। क्रेमलिन ने सोमवार को बताया कि यह युद्धविराम 08 मई की मध्यरात्रि से प्रभावी होगा और 10 मई तक जारी रहेगा। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मानवीय आधार पर इस दौरान सभी सैन्य अभियानों को रोकने का आदेश दिया है। 09 मई को रूस में 'विजय दिवस' बड़े धूमधाम से मनाया जाता है, इसी को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। क्रेमलिन ने उम्मीद जताई है कि यूक्रेन भी इसी तरह का आदेश देगा। यह घोषणा ऐसे समय में आई है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यूक्रेन में शांति बहाली के प्रयासों को तेज कर रहे हैं। अब तक पुतिन ने बिना शर्त पूर्ण युद्धविराम से इनकार किया था और इसे पश्चिमी देशों द्वारा यूक्रेन को हथियार आपूर्ति बंद करने तथा यूक्रेन की सैन्य लामबंदी रुकने से जोड़कर देखा था। रूस ने चेतावनी भी दी है कि युद्धविराम के उल्लंघन पर सख्त प्रतिक्रिया दी जाएगी।

# व्यावसायिक महाविद्यालय के प्रोफ़ेसर दिनेश की शोध परियोजना को मिली स्वीकृति

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पौड़ी गढ़वाल। राजकीय व्यावसायिक महाविद्यालय पैठाणी के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डा. दिनेश रावत की शोध परियोजना को मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना के तहत स्वीकृति मिली है। यह योजना उत्तराखंड शासन एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित है। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डा. प्रकाश फोंदणी ने बताया कि डा. रावत की यह परियोजना गढ़वाल क्षेत्र के पर्वतीय क्षेत्रों में उद्यमिता को बढ़ावा देने पर केंद्रित होगी। इस पहल से न केवल स्थानीय समुदाय को लाभ मिलेगा, बल्कि पर्वतीय अंचल में निवास करने वाले स्थानीय ग्रामीणों, किसानों, मजदूरों, उद्यमियों आदि की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। इस परियोजना के तहत महाविद्यालय में अध्ययनरत मेधावी छात्रों को ही परियोजना के अंतर्गत शोध सहायक के रूप में कार्य करने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा, जिससे छात्रों को व्यावहारिक शोध अनुभव, शैक्षणिक एवं पेशेवर कौशल में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ-साथ आर्थिक मदत भी मिलेगी। बताया कि परियोजना के तहत तैयार की गई शोध सामग्री महाविद्यालय के दीर्घकालिक एवं सतत विकास में मील का पत्थर साबित होगी जो कि भविष्य में शोधकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत के साथ ही एक मजबूत आधार तैयार करेंगी। कहा कि यह शोध परियोजना उत्तराखंड के दूरस्थ अंचल में स्थित एवं प्रदेश के पहले राजकीय व्यावसायिक महाविद्यालय बनास, पैठाणी में बढ़ती शोध संस्कृति और शैक्षणिक उत्कृष्टता का ठोस प्रमाण है। इससे न केवल कॉलेज को अकादमिक क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी, बल्कि भविष्य में नीति निर्माण और क्षेत्रीय विकास योजनाओं में भी अहम योगदान मिलेगा। हाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. प्रकाश फोंदणी ने बताया कि महाविद्यालय की इस उपलब्धि के लिए स्थानीय विधायक एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, सचिव डॉ. रंजीत सिन्हा, निदेशक प्रो. अंजू अग्रवाल, संयुक्त निदेशक प्रो. ए. एस. उनियाल, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विजय कुमार अग्रवाल, सम्मानित प्राध्यापको, कर्मचारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं छात्र-छात्राओं ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# डीएम ने लिया ऋषिकुल में बने चार धाम यात्रा पंजीकरण केन्द्र की व्यवस्थाओं का जायजा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हरिद्वार। चार धाम यात्रा को सरल, सुखद, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिये जिला प्रशासन व सम्बंधित विभागों द्वारा सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई है, जिसके लिये चार धाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिये जनपद हरिद्वार के ऋषिकुल मैंदान में पंजीकरण केन्द्र बनाया गया है, जिसका जिलाधिकारी ने सोमवार को स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने पंजीकरण केन्द्र में उपस्थित कार्मिकों को निर्देश दिये कि सभी कार्मिक अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी सवेंदनशीलता एवं तन्मयता के साथ करें तथा आने वाले तीर्थयात्रियों को पंजीकरण के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने चार धाम यात्रा से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिये कि यात्रा पर आने वाले सभी तीर्थयात्रियों के साथ अपना व्यवहार सौम्य रखें एवं अतिथि देवो भवः के तहत व्यवहार करें। जिला पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल ने जिलाधिकारी को तैयारियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि तीथयात्रियों के पंजीकरण के लिये ऋषिकुल मैदान में 20 कॉउटर बनाए गये है, जिसमें महिलाओं, पुरूष, दिव्यांग तथा वरिष्ठ श्रद्धालुओं के लिये अलग-अलग काउण्टर की व्यवस्था की गई है तथा पूछताछ केन्द्र की भी व्यवस्था की गई है। उन्होनें बताया कि श्रद्धालुओं को गर्मी से निजात दिलाने के लिये 40 सिलिंग फैन 12 कूलर 5 स्टैण्ड फैन लगाये गये है। इसके साथ ही तीर्थयात्रियों के चिकित्सा सुविधा हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टॉल स्थापित किया गया, भीड़ भीड़ नियन्त्रण, शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## मुख्यमंत्री ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से की भेंट, कई रेल परियोजना को स्वीकृति का किया अनुरोध

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट की। इस दौरान रेल मंत्री से देहरादून से सहारनपुर को मोहण्ड होते हुए रेलवे से जोड़ने के लिए टनल आधारित रेल लाईन परियोजना की संभाव्यता का परीक्षण कराने सहित स्वीकृति देने और टनकपुर (चम्पावत) से नई दिल्ली तक वंदे भारत ट्रेन शुरू करने का अनुरोध किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना के अंतर्गत भारत के सबसे लंबे रेल सुरंग (देवप्रयाग-जनासू) के सफल ब्रेकथ्रू के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही देवबंद-रुड़की नई रेल लाइन परियोजना को सीआरएस से स्वीकृति प्रदान किए जाने पर प्रदेशवासियों की ओर से उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान रेल मंत्री से ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना में प्रयुक्त की जा रही टनल प्रणाली की तर्ज़ पर देहरादून से सहारनपुर को मोहण्ड होते हुए रेलवे से जोड़ने के लिए टनल आधारित रेल लाईन परियोजना की संभाव्यता का परीक्षण कराकर परियोजना को स्वीकृति देने का अनुरोध किया।

# 25 करोड़ की लागत से बननेवाले बाईपास का चेयरमैन ने किया शुभारंभ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नवादा । नवादा वासियों को अब जाम से निजात दिलाने के लिए रिंग रोड का निर्माण किए जाने का प्रस्ताव सरकार की ओर से स्वीकृत किया गया है । इसी के अनुपालन में सोमवार को नगर परिषद के ने डॉ गंगा रानी सिन्हा कॉलेज से लेकर मस्तानगंज तक बाईपास बनाने के लिए कार्य का श्री गणेश किया गया। बाईपास के अनुमानित लागत 25 करोड रुपए आंका गया है। नगर परिषद के मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी द्वारा सोमवार को स्थलीय निरीक्षण के उपरांत जेसीबी मशीन से इस पथ के निर्माण की शुरुआत कराई गई है । बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 10 फरवरी को नवादा में प्रगति यात्रा के दौरान मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी ने एन एच 20 के मस्तानगंज से होते हुए निंगारी, महद्दीपुर , साहबचक के रास्ते गंगा रानी सिन्हा कॉलेज तक कादिरगंज रोड में बाईपास निर्माण की मांग मुख्यमंत्री से रखी थी । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी द्वारा रखे गए 6 मांगों में से कई मांगों पर अपनी सहमति जताई है । इसी में बाईपास निर्माण के लिए भी मुख्यमंत्री सचिवालय से नगर विकास एवं आवास विभाग को पत्र जारी किया गया था।

जिला प्रशासन की ओर से इससे संबंधित पहले चरण की कार्रवाई की सूचना बिहार सरकार व संबंधित विभाग और नगर परिषद के मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी को भी उपलब्ध कराया गया। परिषद के पूर्व मुख्य पार्षद एवं मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी के प्रतिनिधि संजय साव ने बताया कि मुख्यमंत्री प्रगति यात्रा के दौरान मुख्य पार्षद द्वारा दिए गए मांग पत्र के अनुरूप ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बाईपास निर्माण को गंभीरता से लिया गया और जिसे जल्द ही शुरुआत करने की आश्वासन दिया गया है। सोमवार से इस बाईपास निर्माण के प्राथमिक चरण में कई गड्ढे और ऊबढ़ खाबड़ रास्ते को ठीक कर उसे चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है ।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063